माघ मास, कृष्ण पक्ष 13, वर्ष 11, अंक 271, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, शुक्रवार, 20 जनवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news






अन्दर : हाशिम अमला ने क्रिकेट के हर प्रारूप को कहा अलविदा

अंदर - राहुल गांधी की पंजाब यात्रा : कुछ प्रभाव

# मंत्रालय के आश्वासन से पहलवान नाखुश

## यौन शोषण के विरोध में रेसलर्स का जंतर-मंतर पर धरना जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन अभी भी जारी है। गुरुवार दोपहर पहलवानों की खेल मंत्रालय के साथ मीटिंग के बाद विनेश फोगाट ने कहा कि हमें कोई संतोषपूर्ण जवाब नहीं मिला है। हम डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष का इस्तीफा चाहते है। हम चाहते हैं कि डब्ल्यूएफआई को भंग किया जाए। हम आज रात तक का इंतजार कर रहे हैं। हमें मजबूर किया गया तो हम एफआईआर भी दर्ज करवाएं, बृजभूषण शरण सिंह को जेल में डलवाएंगे।

पहलवान विनेश फोगाट ने कहा कि आज प्रदर्शन का दूसरा दिन है। हमें सरकार की तरफ से कोई भी संतोषजनक प्रतिक्रिया नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि हमें जान का भी खतरा है, हमने पुलिस का प्रोटेक्शन भी नहीं ली है। जब शोषण होता है तो एक कमरे में होता है, वहां कैमरे नहीं लगाए जाते

**कठघरे में कुश्ती संघ**

**बोले- रात तक करेंगे इंतजार फिर करेंगे एफआईआर**

**डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के इस्तीफे तक जारी रहेगा धरना**

हैं। वे लड़कियां भी हमारे साथ हैं जो इसे साबित कर सकती हैं। बजरंग पुनिया ने मीडिया से बातचीत में कहा कि 5-6 महिला पहलवान हमारे साथ हैं जिनके साथ गलत व्यवहार हुआ है और हमारे पास सबूत भी हैं।

बजरंग पुनिया ने कहा कि हम चाहते हैं कि फेडरेशन को बंद किया जाए क्योंकि फेडरेशन में वे अपने ही लोगों को बिठाएंगे। अगर इसका समाधान जल्दी नहीं निकला तो हम कानून का भी



सहारा लेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई फेडरेशन के खिलाफ है न कि सरकार के खिलाफ। ओलंपिक रेस्लकर साक्षी मलिक ने कहा कि सरकार ने कोई एक्शन नहीं लिया है। उन्होंने सिर्फ आश्वासन दिया है। हम रिस्पॉन्स से खुश नहीं हैं। हम पीएम सर से निवेदन करते हैं कि वे न्याय दिलवाएं। हम रेसलिंग फेडरेशन को भंग करवाना चाहते हैं। हर जगह उनके लोग हैं। हमें केरल, महाराष्ट्र से फोन आ रहे हैं जो पीड़ित रही हैं।

## लखनऊ साई सेंटर में पसरा सन्नाटा

**लखनऊ।** विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया समेत तमाम अन्य दिग्गज खिलाड़ियों द्वारा भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह पर लगाए यौन उत्पीड़न के आरोप के चलते लखनऊ साई सेंटर में बुधवार से शुरू हुआ नेशनल कैंप बंद कर दिया गया है। सेंटर प्रबंधन ने गुरुवार को मीडिया के आने पर बैन भी लगा दिया गया। इस पूरे मामले पर यूपी और हरियाणा के खिलाड़ी आमने-सामने आ गए हैं। कैंप में उत्तर प्रदेश से शामिल खिलाड़ियों ने बृजभूषण शरण सिंह का पक्ष लिया है। पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं साई सेंटर में महिला कुश्ती कैंप के दौरान हुई थीं लेकिन मामला दबा दिया गया। हालांकि सेंटर प्रबंधन की ओर से कभी भी इन मामलों की पुष्टि नहीं की गई। गुरुवार को भी सेंटर प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार कैब में आए सभी खिलाड़ियों को वापस भेज दिया गया। हालांकि, सूत्रों का दावा है कि सेंटर में अभी भी कुछ लड़कियां मौजूद हैं।

**सभी खिलाड़ियों को घर भेजा गया मीडिया के प्रवेश पर लगी रोक**

## ज्ञानवापी: कार्बन डेटिंग पर दिया आठ सप्ताह का समय

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में मिली शिवलिंग आकृति की कार्बन डेटिंग के माध्यम से साइंटिफिक सर्वे के मामले में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) गुरुवार को जवाब नहीं दाखिल कर सकी। एएसआई ने जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से और वक्त दिए जाने की मांग की। कोर्ट ने एएसआई को जवाब के लिए आठ सप्ताह का समय दिया है। साथ ही वाराणसी जिला जज की अदालत में चल रहे राखी सिंह के मुकदमे की सुनवाई पर 20 मार्च तक रोक लगा दी है। कोर्ट ने वाराणसी की अदालत को 20 मार्च के बाद ही सुनवाई करने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने याचियों से यह पूछा है कि सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित होने से हाईकोर्ट में सुनवाई हो सकती है या नहीं। लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास और रेखा पाठक की ओर से ज्ञानवापी परिसर में कमीशन कार्यवाही के दौरान मिली शिवलिंग आकृति का

**हाईकोर्ट का फैसला**

**वाराणसी की अदालत को 20 मार्च के बाद ही सुनवाई करने का निर्देश**

साइंटिफिक सर्वे एएसआई से कराने की मांग को लेकर यह याचिका दाखिल की गई है। 16 मई 2022 को कमीशन की कार्यवाही के दौरान वहां शिवलिंग आकृति पाई गई थी। जिला जज की अदालत से इसकी कार्बन डेटिंग की अनुमति नहीं दिए जाने के आदेश के बाद यह याचिका दाखिल की गई है। गौरतलब है कि जिला जज वाराणसी ने 14 अक्टूबर 2022 को कार्बन डेटिंग की मांग वाली अर्जी खारिज कर दी थी। आशंका व्यक्त की गई थी कि कार्बन डेटिंग से शिवलिंग अकृति को नुकसान हो सकता है। हाईकोर्ट ने एएसआई से पूछा था कि बिना नुकसान पहुंचाए हुए कार्बन डेटिंग की जा सकती है या नहीं। मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च को होगी।






## दिल्ली पुलिस ने दो और आतंकियों को दबोचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। स्पेशल सेल ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई व आतंकी अर्शदीप उर्फ लड्डा समर्थित आतंकी जगजीत सिंह व नौशाद को दबोचने के बाद दो और आतंकियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आतंकियों की पहचान गुरदासपुर, पंजाब निवासी जगबीर उर्फ जग्गा और गुरुप्रीत के रूप में हुई है। दोनों चचेरे भाई है। ये पंजाब में आतंकी वारदात की साजिश रच रहे थे।

पंजाब का एक राजनेता भी इनके निशाने पर था। दिल्ली पुलिस ने दोनों आतंकियों को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दिल्ली पुलिस आतंकियों को गिरफ्तार करने के इस पूरे मिशन को गुप्त रखे हुए हैं। इस मामले में दिल्ली पुलिस अधिकारी कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पंजाब पुलिस ने शौर्य चक्र से सम्मानित बलविंदर सिंह उर्फ संधू की हत्या के आरोप में गुरविंदर सिंह उर्फ बाबा उर्फ राजा व उसके दो साथी संदीप सिंह उर्फ काला और गुरप्रीत सिंह उर्फ रंधावा को नौ अगस्त, 2022 को गिरफ्तार किया था। इनके कब्जे से आरडीएक्स-आईईडी, हैंडग्रेनेड, 26.90 लाख रुपये, 635 ग्राम हेरोइन व हथियार बरामद किए गए थे।

## नए संकल्प की तरफ आगे बढ़ रहा देश : मोदी

**यादगिरि (कर्नाटक)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार (19 जनवरी, 2023) को कर्नाटक के यादगिरि जिले को करोड़ों की सौगात दी है। यहां उन्होंने कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया है। कोडेकल में सिंचाई, पेयजल और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजनाओं से संबंधित विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। इस दौरान मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश 25 सालों के नए संकल्प की तरफ आगे बढ़ रहा है और ये साल देश के हर व्यक्ति के लिए ये अमृतकाल हैं। पीएम मोदी ने कहा, जिस तरह उत्तर कर्नाटक के विकास के लिए तेजी से काम हो रहा है वो सराहनीय है। अब देश अगले 25 सालों के नए संकल्पों को सिद्ध करने के लिए आगे बढ़ रहा है। ये 25 साल देश के हर व्यक्ति के लिए अमृतकाल हैं, हर राज्य के लिए अमृतकाल है।

प्रधानमंत्री ने कहा, अमृतकाल में हमें विकसित भारत का निर्माण करना है। भारत विकसित तब हो सकता है जब देश का हर नागरिक, हर परिवार, हर राज्य इस अभियान से जुड़े, जब खेत में काम करने वाला किसान हो या फिर उद्योगों में काम करने वाला श्रमिक हर किसी का जीवन बेहतर हो। उन्होंने आगे कहा कि यादगिरि दाल का कटोरा है, यहां की दालें देश भर में पहुंचती हैं। पीएम ने कहा कि पिछले 7-8 वर्षों में अगर भारत ने दालों के लिए विदेशी निर्भरता को कम किया है तो इसमें उत्तर कर्नाटक के किसानों की बहुत बड़ी भूमिका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि केंद्र सरकार ने भी इन 8 सालों में किसानों से 80 गुना दाल एमएसपी पर खरीदी है। 2014 से पहले दाल के लिए किसानों को 100 करोड़ रुपए मिलते थे तो वहीं हमारी सरकार ने दाल के लिए किसानों को 60 हजार करोड़ रुपए दिए हैं। उन्होंने आगे कहा, ह्यसाढ़े तीन साल पहले जब जल जीवन मिशन शुरू हुआ था, तब 18 करोड़ ग्रामीण



**संबोधन**

**कर्नाटक में बोले पीएम मोदी सबके लिए अमृतकाल है**

**प्रधानमंत्री ने कई परियोजनाओं का किया शिलान्यास**

परिवारों में से सिर्फ 3 करोड़ ग्रामीण परिवारों के पास नल कनेक्शन था। आज देश में लगभग 11 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल मिल रहा है। पीएम ने कहा कि डबल इंजन की सरकार कैसे काम कर रही है, इसका बेहतरीन उदाहरण हर घर जल अभियान में दिखता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने यादगिरि सहित देश के 100 से ज्यादा जिलों में आकांक्षी जिला कार्यक्रम शुरू किया। उन्होंने कहा कि इन जिलों में सुशासन पर बल दिया गया और विकास के हर पैमाने पर काम शुरू किया। पीएम ने कहा कि देश में दशकों तक करोड़ो छोटे किसान हर सुख-सुविधा से वंचित रहे, सरकारी नीतियों में उनका ध्यान तक नहीं रखा गया। आज यही छोटा किसान देश की कृषि नीति की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।पीएम मोदी ने यहां कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि नारायणपुर लेफ्ट बैंक नहर के विस्तार, नवीनीकरण और आधुनिकीकरण से कलबुर्गी, यादगिरी और विजयपुर जिलों के लाखों किसानों को सीधे लाभ मिलने वाला है।

### नीतीश के काफिले के लिए दो ट्रेनों को रोका, सीएम बोले- 'हमको कुछ नहीं पता'

**पटना।** बिहार के बक्सर में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के काफिले को आगे जाने देने के लिए दो यात्री ट्रेनों को रोका गया। एक यात्री ने बताया, हमारी गाड़ी (ट्रेन) रोक दी है इसलिए हम पैदल आ रहे हैं। हमें दिलदार नगर जाना है। आगे जाकर दूसरी गाड़ी पकड़नी पड़ेगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने बताया, दो पैसेंजर ट्रेन को रोक दिया गया। यह व्यवधान नहीं तो समाधान है? इसकी उच्चस्तरीय जांच करवाएंगे कि किसके आदेश पर ट्रेन रुकी रही? बच्चे, बूढ़े सभी लोग परेशान थे। वह पिकनिक यात्रा पर आए हैं, समाधान यात्रा पर नहीं। वह समस्या पैदा करने के लिए आए थे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा, कहां, किसको रोका गया? कौन सी ट्रेन रोकी गई, हमको नहीं पता। हमें पहली बार (मीडिया से) जानकारी मिल रही है। खम्मम में बीआरएस की मेगा रैली पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा, कोई अपनी पार्टी की बैठक करता है और अगर लोगों को बुलाता है तो इसमें कौन-सी नई बात है... मेरी अपने लिए कोई ख़्वाहिश नहीं है।

# स्वाती मालीवाल को कार सवार ने घसीटा

## दिल्ली महिला आयोग अध्यक्ष को कार सवार ने किए गलत इशारे

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीवाल को गुरुवार तड़के 3.11 बजे एक कार से 10 से 15 मिनट तक घसीटने का मामला सामने आया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि यह घटना राजधानी दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल के गेट नंबर 2 पर हुई। पुलिस ने बताया कि कार चालक ने स्वाति मालीवाल से कार में बैठने के लिए कहा था, इसके बाद वह उसे फटकारने लगीं। तभी कार चालक ने गाड़ी का शीशा ऊपर कर दिया और उनका हाथ कार में फंस गया। दिल्ली पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसका नाम हरीश चंद्रा (47) है। वह नशे की हालत में था। पुलिस ने यह भी बताया कि आरोपी और पीड़िता का मेडिकल टेस्ट करवाया गया है। पुलिस ने यह भी बताया कि स्वाती मालीवाल घटना के पास वाली जगह पर अपनी टीम के

**प्रशासन पर सवाल**

**विरोध करने पर 15 मीटर तक घसीटा, महिला सुरक्षा हालातों का जायजा ले रही थीं स्वाति**

साथ फुटपाथ पर खड़ीं थीं। इस मामले पर दिल्ली पुलिस के डीसीपी चंदन सिंह ने बताया कि आज हौज खास थाने में एक कॉल आई,एक महिला को एक कार वाले ने गलत इशारे किए और 10-15 मीटर तक घसीटा। गरुणा वैन की मदद से पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। आरोपी की उम्र 47 वर्ष है और उसने शराब का सेवन किया था।

स्वाती मालीवाल ने ट्वीट कर बताया, कल देर रात मैं दिल्ली में महिला सुरक्षा के हालात क्ल्लस्त्रीड्ढ कर रही थी। एक गाड़ी वाले ने नशे की हालत में मुझसे छेड़छाड़ की और जब मैंने उसे पकड़ा तो गाड़ी के शीशे में मेरा हाथ बंद कर मुझे घसीटा। भगवान ने जान



बचाई। यदि दिल्ली में महिला आयोग की अध्यक्ष सुरक्षित नहीं, तो हाल सोच लीजिए। स्वाती मालीवाल ने बताया कि मैं कल रात दिल्ली में निरीक्षण करने निकली थी। एक गाड़ी मेरे पास आई, उसमें जो आदमी बैठा हुआ था वो नशे में धुत था। वो मुझे गाड़ी में बैठने के लिए पूछने लगा और मेरे मना करने पर वो गुस्से में चला गया। थोड़ी देर बाद वो फिर आया, मुझे गंदे-गंदे इशारें करने लगा। उन्होंने आगे कहा कि जब मैंने उसे पकड़ने की कोशिश की तो उसने गाड़ी का शीशा ऊपर कर दिया। उसने मुझे 10-15 मीटर तक घसीटा। मेरी टीम के एक आदमी और मैंने चिल्लाया फिर उसने मुझे छोड़ा। अगर वह मुझे नहीं छोड़ता तो मेरे साथ भी अंजलि की तरह बहुत बड़ी घटना हो जाती।

## सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा की जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि किसी आरोपी को अनिश्चित काल के लिए जेल में नहीं रखा जाना चाहिए जब तक कि वह दोषी साबित न हो जाए। आशीष मिश्रा केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा का बेटा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले में सबसे ज्यादा पीड़ित वे किसान हैं जो जेल में बंद हैं और अगर आशीष मिश्रा को राहत नहीं मिली तो उनके भी जेल में ही रहने की संभावना है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे. के. माहेश्वरी की पीठ ने जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि यह मामला सभी पक्षों के अधिकारों में संतुलन बनाने का है।

**सुनवाई**

**योगी सरकार ने दिया झटका कहा- जघन्य है अपराध**

गौरतलब है कि तीन अक्टूबर 2021 को लखीमपुर खीरी के तिकुनिया में उस समय हुई हिंसा में आठ लोग मारे गए थे, जब किसान क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के तत्कालीन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे का विरोध कर रहे थे। उत्तर प्रदेश पुलिस की प्राथमिकी के अनुसार, एक एसयूवी ने चार किसानों को कुचल दिया था, जिसमें आशीष मिश्रा भी सवार था। घटना से आक्रोशित किसानों ने एसयूवी के चालक और भारतीय जनता पार्टी के दो कार्यकताओं की कथित तौर पर पीट पीटकर जान ले ली थी। हिंसा में एक पत्रकार भी मारा गया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, राज्य को यह सुनिश्चित करने का अधिकार है कि बाहरी परिस्थितियों से प्रभावित हुए बिना एक निष्पक्ष सुनवाई हो। राज्य के पास अधिकार है क्योंकि समाज का बहुत कुछ दांव पर लगा है। आरोपी के पास भी अधिकार है क्योंकि जब तक वह दोषी साबित नहीं हो जाता उसे अनिश्चित काल के लिए जेल में नहीं रखा जा सकता। न्यायमूर्ति कांत ने कहा, यह केवल एक याचिकाकर्ता हमारे समक्ष नहीं है। पिछले 19 साल में मेरा सिद्धांत रहा है कि मैं केवल उस पीड़ित को नहीं देखता जो मेरे समक्ष मौजूद है, मैं उन पीड़ितों को भी देखता हूं जो अदालत नहीं आ सकते और सबसे अधिक पीड़ित वहीं हैं।

## रामसेतु घोषित होगा राष्ट्रीय स्मारक !

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार भारतीयों की आस्था के केंद्र रामसेतु को राष्ट्रीय स्मारक घोषित कर सकती है। इस संबंध में याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। इसमें केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी अपनी बात रखी। रामसेतु को राष्ट्रीय स्मारक के रूप में मान्यता देने की मांग वाली सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई।

रिपोट्र्स के अनुसार इस मामले में केंद्र सरकार ने कोर्ट में कहा है कि रामसेतु के राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की प्रक्रिया चल रही है। वहीं सुब्रमण्यम स्वामी ने कोर्ट में बताया कि इसे लेकर संस्कृति मंत्रालय ने बैठक भी की थी। तत्कालीन मंत्री प्रह्लाद पटेल ने इस मुद्दे पर चर्चा भी की थी। फिर बाद में उन्हें

**उम्मीद**

**केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा, हिंदुओं की आस्था का केंद्र है रामसेतु**

दूसरे मंत्रालय का चार्ज दे दिया गया। वहीं भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मैं और जस्टिस पारदीवाला एक कोरम में आदेश पारित करेंगे। वहीं न्यायमूर्ति नरसिंहा का कहना है कि वे सेतु समुद्रम परियोजना मामले में तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस वजह से वे इस मामले की सुनवाई नहीं कर सकते। कोर्ट में याचिका पर सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा कि वे मामले से जुड़े अतिरिक्त साक्ष्य मंत्रालय में दे सकते हैं।

# बाबा दरबार में मत्था टेक नड्डा करेंगे चुनावी शंखनाद

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कार्यकाल विस्तार के पश्चात गुरुवार को प्रथम बार सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी पहुंचे। बाबतपुर एयरपोर्ट पर ढोल नगाड़े एवं पुष्प वर्षा के बीच हर-हर महादेव के गगनभेदी उद्घोष के बीच कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का जोरदार स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शुक्रवार को काशी विश्वनाथ धाम में बाबा दरबार में मत्था टेकने के साथ ही 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव का शंखनाथ करेंगे। शुक्रवार को ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गाजीपुर जायेंगे, जहां वे मिशन-202 का श्रीगणेश करेंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देंगे। बताते दें कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का

**दो दिनी दौरा**

**कार्यकाल बढ़ने पर सीधे काशी पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष**

**गाजीपुर से करेंगे मिशन-2024 का श्रीगणेश, कार्यकर्ताओं को देंगे जीत का मंत्र**

समूचा फोकस पिछले लोकसभा में खोई जमीन को पाने के लिए कारगर रणनीति तैयार करने की योजना है, जिस पर अभी से मंथन शुरू हो गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष का गाजीपुर दौरा इसी की एक कड़ी है।

जी हां, लोकसभा चुनाव 2024 का श्रीगणेश उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से हो सकता है। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर अपने दूसरे कार्यकाल की शुरूआत कर रहे जेपी नड्डा 20



**भाजपा की जमीन मजबूत करेंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 20 जनवरी को गाजीपुर में सभा कर मिशन-2024 का शंखनाद करते ही वाराणसी के अगल-बगल के संसदीय इलाकों जौनपुर, गाजीपुर और आजमगढ़ में पार्टी की खोई जमीन भी तैयार करेंगे। इस बार 2022 के विधानसभा चुनाव में गाजीपुर से सभी सात सीटें सपा-सुभासपा के खाते में गई है। यही हाल जौनपुर और आजमगढ़ की सीटों पर भी था। यहां तक गाजीपुर के कद्दावर नेता और जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा को यहां से हार का सामना करना पड़ा। इस बार पूर्वांचल के सीटों की जिम्मेदारी भाजपा की शिक्षा मंत्री अन्नूपूर्णा देवी को दी गई है। भाजपा के लोगों को उम्मीद है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के गाजीपुर आने से यहां 2024 चुनाव का मजबूत आधार तैयार होगा।

जनवरी को गाजीपुर में रहेंगे। इसको लेकर पार्टी के अंदरखाने में तैयारियां काफी तेज हो गईं हैं। गुरुवार को वाराणसी के बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट पर सायं सात बजे विशेष विमान से राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पहुंचे, जहां उनकी अगवानी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह आदि ने किया। बाबतपुर प्रतिनिधि के अनुसार, हवाई अड्डे के वीआईपी लाउंज में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के अलावा क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ करीब 35 मिनट बैठकर आगामी लोकसभा चुनाव के बाबत रणनीति पर चर्चा भी किये। बाबा दरबार में मत्था टेंकने के साथ ही मिशन-2024 की तैयारियां भी शुरू हो जाएंगी। पार्टी सूत्रों की मानें तो राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गाजीपुर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के साथ ही अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के दूसरे कार्यकाल की शुरूआत करेंगे। उन्हें, 20 जनवरी 2020 को पार्टी की कमान सौंपी गई थी। अब तीन साल बाद फिर से उनको एक साल का अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया गया। जेपी नड्डा का गाजीपुर दौरा लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसको लेकर पार्टी कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। बाबतपुर हवाई अड्डे से राष्ट्रीय अध्यक्ष का काफिला शहर की ओर रवाना हुआ और रास्ते में जगह-जगह उनका भव्य स्वागत किया गया। रात्रि विश्राम वे एक नामचीन होटल में करेंगे। शुक्रवार को गाजीपुर प्रस्थान कर जायेंगे।




## संक्षेप

### त्रिवेणी नगर में 11वां विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन

**नैनी।** बीते वर्षों की भांति इस वर्ष भी बुधवार को त्रिवेणी नगर स्थित एक गेस्ट हाउस में 11वां विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मां वैष्णो भजन मंडल, किशन मेहता एंड पार्टी के कलाकारों द्वारा तकरीबन आधा दर्जन आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गई। जिसे देख भक्तगण झूम रहे थे। कार्यक्रम में हनुमान नृत्य, काली तांडव, भगवान शंकर तांडव, दुर्गा मां द्वारा महिषासुर वध, राधा कृष्ण की फूलों की होली, दीपक नृत्य, शिव बारात में आ गए शुक्र सनीचर आ गए की झांकी भक्तों के लिए आकर्षक का केंद्र बना रहा । कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायक बादल के द्वारा "जो राम को लाए हैं, हम उनको लाए हैं" "यूपी में फिर से हम भगवा लहराए हैं', भक्ति मय गीत से लोग भाव विभोर हो उठे। इस गीत पर सभी भक्तगण झूम रहे थे । भोर में किशन मेहता के द्वारा नारियल एवं तारा रुक्मिन की कथा भक्तों के बीच प्रस्तुत किया गया। जिसे सुनकर लोग भावुक हो गए। कार्यक्रम में सारी रात भक्तों की भीड़ जुटी रही। कलाकारों ने भक्ति मय गीत से खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

# युवक की गला काटकर हत्या, खेत में मिला शव

**हत्या**

**धारदार हथियार से कई बार हमला किए जाने के कारण श्वेतांश की डाढ़ी तक कट गई**



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस व इनसेट में मृतक की फाइल फोटो

**बारा।** घूरपुर थाना क्षेत्र के दौना गांव में एक युवक की हत्याकर शव को खेत में फेंक दिया गया। गुरुवार को पूर्वाह्न शव दौना मंदिर के समीप स्थित खेत में पाया गया। शव मिलने की जानकारी होते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। घूरपुर पुलिस के साथ पुलिस उपायुक्त यमुनानगर भी मौके पर पहुंचे। शव को चीरघर भेज दिया गया है।

मृतक की पहचान क्षेत्र के भीटा गांव के रहने वाले अमन उर्फ श्वेतांश मिश्र (22) के रूप में हुई है। शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचित किया। खबर लगते ही रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। श्वेतांश के गले पर धारदार हथियार से जोरदार प्रहार किया गया है। कई बार हमला किए जाने के कारण श्वेतांश की डाढ़ी तक कट गई है।

वारदात की जानकारी होने पर सर्विलांस, फील्ड यूनिट ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किया। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त यमुनानगर ने बताया कि सुबह खेत में शव मिलने की जानकारी पुलिस को प्राप्त हुई। इसके बाद मौके पर आई पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए गए। शव को चीरघर भेज दिया गया है।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि इस मामले में मृतक श्वेतांश के परिजनों की तरफ से मिली तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। आरोपियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। परिजनों ने कुछ लोगों पर संदेह व्यक्त किया है। हालांकि समाचार प्रेषण तक यह स्पष्ट नहीं हो सका था कि श्वेतांश की हत्या किस मकसद से की गई। फिलहाल पुलिसिया तफ्तीश जारी है।वहीं परिजनों का कहना है कि बुधवार की शाम को वह घर से निकला था।

# सोशल मीडिया पर असलहा का प्रदर्शन, बेइज्जत की धमकी, किसान मोर्चा भाजपा मंडल मंत्री का पोस्ट

**विवादित पोस्ट**

**बीडीसी के पति का विवादित पोस्ट- जेल काट कर आया हूँ, मत कहना क्या हो रहा है?**



सोशल मीडिया एंव ट्विटर पर विवादित पोस्ट

**मऊआइमा।** सोशल मीडिया एंव ट्विटर पर भाजपा के किसान मोर्चा मंडल मंत्री एंव बीडीसी पति का विवादित पोस्ट असलहा का खुला प्रदर्शन करते हुए एक मिनट में बेइज्जत करने की धमकी दी जा रही है। और यह भी पोस्ट में लिखा है कि जेल होकर आया हूँ। जेल जाने से नहीं डरता हूँ। उक्त विवादित पोस्ट से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। कि इसके पास असलहा नहीं है आखिर कहां से मिला? यह लाइसेंसी है कि गैर लाइसेंसी? इस विवादित पोस्ट पर कई लोगों ने टिप्पणी की है।

मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा क्षेत्र में इन दिनों बीडीसी पति एंव किसान मोर्चा मंडल मंत्री भाजपा दीपक मिश्रा का सोशल मीडिया एंव ट्विटर पर विवादित पोस्ट चर्चा का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया पर किसी का असलहा लेकर विवादित पोस्ट में लिखा गया है कि करना जानता हूँ, मुझे किसी से डर नहीं है, हां मेरा घर मऊआइमा चौराहे पर है, बेइज्जत करने में एक मिनट का काम है। यही नहीं दूसरे पोस्ट में खिलाफत करके देखो परिणाम तुम्हारे सामने होगा, मैं तो आठ नौ महीना जेल काट चुका हूं, मैं जेल जाने से नहीं डरता हूँ, अपनी पूरी ताकत लगा लेना, बाद में यह मत कहना कि अब क्या हो रहा है। आगे लिखा गया है कि दीपक मिश्रा क्षेत्र पंचायत सदस्य किसान मोर्चा मंडल भाजपा, जय श्री राम। इसके जवाब में विद्रोही सामना पत्र ने टिप्पणी की है कि गुंडई वाला पोस्ट वायरल पर कहा गया है कि इस हत्या, रंगरदारी जैसे कई मामले हैं। लोंगों ने ट्वीट कर इसके खिलाफ कार्यवाही की मांग प्रशासन से की है। इसी क्रम में समाज सेवी ने टिप्पणी की है कि मामला संज्ञान में लें, अपराधी बीजेपी नेता को धमकी दे रहा है, बीजेपी नेताओं में डर का माहौल बना हुआ है। मामले में उचित कार्यवाही करने की कृपा करें। मामला सीएम के पास जाएगा। टिप्पणी में कहा गया है दुःख की बात है कि पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही है। टिप्पणी में आरिफ सलमानी कहते हैं कि इनको जेल भेजिए, ऐसे लोग समाज में रहने लायक नहीं हैं। फैज अहमद जाफरी टिप्पणी करते हैं कि प्रशासन को ऐसे लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करनी चाहिए। भाजपा के कई नेताओं ने नाम न छापने की शर्त पर कहे कि यह पोस्ट एक भाजपा नेता को निशाना बनाते हुए पोस्ट किया गया है जो निन्दनीय है। क्षेत्र में इस पोस्ट को लेकर चर्चा बना हुआ है कि इसके पास असलहा कहाँ से आया। लाइसेंसी है कि गैर लाइसेंसी? इस बाबत मऊआइमा पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर उन्हें ऐसे किसी पोस्ट की जानकारी नहीं है।

# दिल्ली हाईवे पर खड़ी ट्रक से टकराती गई दर्जनभर ट्रकें, कई घायल

**दुर्घटना**

**कोहरे के चलते देर रात नवाबगंज के पटना गांव के सामने हुआ हादसा**

**गाड़ियों में किसी का सामना और किसी का पिछला हिस्सा हुआ क्षतिग्रस्त**



कोहरे के कारण आपस में टकराकर क्षतिग्रस्त ट्रकें

**लालगोपालगंज।** हंडिया-कोखराज दिल्ली हाईवे पर एक खराब खड़े ट्रक से एक के बाद एक दर्जनभर ट्रकें टकराती चली गई। दुर्घटना में चालक व खलासी समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। हादसा बुधवार को आधीरात के बाद नवाबगंज थाना क्षेत्र के पटना उपरहार गांव के साथ हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ट्रक से बाहर निकाल उन्हें सीएचसी कौड़िहार इलाज के लिए भेजा गया।

नवाबगंज थाना क्षेत्र स्थित नेशनल हाईवे पर पटना उपरहार गांव सामने एक ट्रक खराब हालत में सड़क किनारे खड़ा था। बुधवार देर रात घना कुहरा होने के चलते एक के बाद एक दर्जनभर ट्रक एक दूसरे से टकराते चले गई। दुघटना में किसी ट्रक का अगला हिस्सा और किसी का पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कई चालक व खलासी चोटहिल होकर ट्रकों की केबिन में फंस गए। जानकारी होने पर चैकी प्रभारी हर्षवीर सिंह व चैकी प्रभारी श्रृंगवेरपुर धाम हमराहियों के साथ पहुंच गए। फंसे हुए चालों को घायल अवस्था में बाहर निकाल उन्हें सीएचसी कौड़िहार इलाज के लिए भेजा गया। बाद में क्रेन और जेसीबी के सहयोग से गाड़ियों को एक दूसरे से अलग किया गया।

### एक कन्टेनर में लदे 21 मवेशियों में एक की मौत

नेशनल हाईवे पर हुए दर्जनभर ट्रकों की भिड़ंत में पुलिस ने एक कन्टेनर से 21 मवेशियों को बरामद किया। जांच पड़ताल में एक की मौत कन्टेनर के अंदर हो चुकी थी। बचे हुए मवेशियों को गाड़ी से उतार कर पास के ग्रामीणों को सुपुर्द किया गया। मरे मवेशी का पशुचिकित्सा अधिकारी से पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे गड्ढ़ा खोद कर गाड़ दिया गया। बताया जाता है कि पुलिस ने चालक, खलासी और वाहन स्वामी को हिरासयत में लेकर मामले की पूछताछ कर रही है।

## अभियुक्त को तमंचे के साथ किया गिरफ्तार



**फाफामऊ।** थाना क्षेत्र के करीब दो वर्षों से चोरी के मुकदमे में फरार चल रहे एक अभियुक्त को फाफामऊ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार की रात गोहरी नहर के पास से गिरफ्तार कर लिया उसके पास से पुलिस ने एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद कर गुरुवार को लिखापढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया। अभियुक्त गोहरी गांव का अरुण कुमार पुत्र बनवारीलाल वह दो वर्षों से फाफामऊ थाने में दर्ज एक चोरी के मुकदमे में फरार चल रहा था। थाना प्रभारी आशीष सिंह के नेतृत्व एसआई दिग्विजय और सपना पांडेय ने मुखबिर की सूचना पर उसे गोहरी नहर के पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद कर जेल भेज दिया।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कोहड़ार।** क्षेत्र के लाल तारा नहर पर एक कार बाइक सवार को जोरदार टक्कर लग गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। गौरतलब हो कि बबुआन बाइक से बुधवार को लालतारा बाजार किसी कार्य से जा रहा था कि सामने से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे उसका एक पैर टूट गया।

## मझियारी तरहार गांव में किसान सम्मान निधि सत्यापन का लगाया कैम्प



सत्यापन कराते किसान

**लालापुर।** क्षेत्र के किसानों ने बार बार सरकार से मांग किया था बहुत से किसानों की अभी तक किसान सम्मान निधि की किस्त खाते में नही आयी है।क्षेत्र के दर्जनों गांव के किसानों की ई के वाई सी अपडेट न होने से आज तक सम्मान निधि से वंचित थे।जिसको लेकर कृषि विभाग के बीज गोदाम प्रभारी कमाल अहमद ने मझियारी आमद चायल गांव के पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान व गांव के सम्मानित लोगों के साथ बैठक की। मझियारी गांव में कुल 42 किसानों का सम्मान निधि का सत्यापन होना था।जिसमे 10 किसानों का सत्यापन हुआ, गांव के 9 किसान की मृत्यु हो चुकी, 1 किसान पति और पत्नी दोनों ले रहे थे,1किसान का गांव के लोगों ने नाम सत्यापन करने में असमर्थता जतायी हो सकता है गांव छोड़कर बाहर चले गए हो।10 किसानो का सरवर न होने से अपडेट नही हो सका,जिससे किसान मायूस होकर घर लौट आए।

## पूर्व ग्राम पंचायत अधिकारी के निधन पर शोक

**सहसों।** क्षेत्र के दामोदर पुर उर्फ तिवारीपुर गांव निवासी सेवानिवृत्त ग्राम पंचायत विकास अधिकारी सत्तर वर्षीय ब्रह्मदेव त्रिपाठी आस्था की नगरी प्रयागराज में कल्पवास के लिए गए हुए थे। जोकि गुरुवार की भोर में अचानक तबीयत खराब हो गई। जानकारी मिलते ही परिजन तत्काल मेला क्षेत्र स्थित टेंट में पहुंचे तथा एंबुलेंस से लेकर जैसे ही इलाज के लिए निकले वैसे ही उनके अंतिम सांस के साथ प्राण पखेरू उड़ गए। उनके निधन से परिजन सहित गणमान्य व्यक्तियों में शोक व्याप्त है। इस मौके पर उनके आवास पर पहुंचकर कर क्षेत्र के ग्राम प्रधान बाल गोविंद त्रिपाठी, पूर्व प्रधान शेषधर त्रिपाठी, अधिवक्ता देवराज उपाध्याय, अधिवक्ता सृष्टिनाथ त्रिपाठी, जय कृष्ण पांडे, लालजी द्विवेदी, ओम प्रकाश शुक्ल, विश्वंभर नाथ तिवारी, राम सिंह यादव, गिरधारी लाल यादव आदि ने शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किए।

## प्रधान व सचिवों को आपदा व बज्रपात प्रबंधन प्राधिकरण सुरक्षा के प्रति किया गया प्रशिक्षित



प्रशिक्षण लेते प्रधान

**करछना।** विकासखंड करछना के सभागार में गुरुवार को उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं टाइम सेंटर फॉर लर्निंग लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्राप्त वज्र पात एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन खंड विकास अधिकारी देव कुमार ने फीता काटकर किया इस जागरूकता अभियान कार्यक्रम में कार्यदाई संस्था टाइम प्रोफेसर के प्रोजेक्ट मैनेजर मनीष दीक्षित के द्वारा किया गया प्रशिक्षण डॉक्टर सत्येंद्र कुमार एवं डॉ सौरव सिंह ने वज्रपात आपदा प्रबंधन एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की भूमिका आपदाओं के रोकथाम एवं बचाव के उपायों में विस्तार से बताया गया जिसमें भूकंपीय तथा आकाशीय बिजली का प्रभाव लक्षण कारण आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई इस मौके पर एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा दुष्यंत सिंह सत्येंद्र कुमार प्रवीण मिश्रा सचिव संजीव श्रीवास्तव ,राज कपूर गौतम ,अब्दुल बारी, रामसकल, विनोद कुमार, कमल सिंह, प्रीति शुक्ला ,शिव गणेश प्रधान ,अक्षत सिंह सचिव अमरेश सिंह ,प्रधान संघ के अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एडवोकेट तथा सहायक सचिव उपस्थित रहे उक्त कार्यक्रम में शामिल रहने के लिए लेखपालों को निर्देशित किया गया था कि हल्का लेखपाल प्रशिक्षण में भाग लेंगे जिन को सूचित किया गया था लेकिन हुए बैठक में शामिल नहीं हो सके जिसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी ने उपजिलाधिकारी को अवगत करा दिया है।

## रामनगर बाजार में लग रहे जाम से राहगीरों को मुश्किल

**स्थानीय लोगों ने कई बार प्रशासन से लगातार लगने वाले जाम से निजात दिलाने की मांग की लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी**

**उरुवा।** रामनगर के मां शीतला धाम में गुरुवार को श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ के कारण मंदिर परिसर के सामने चौकी दिघिया मार्ग पर एकाएक जाम लग गया। वाहनों द्वारा लगे भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बाजार के लोगों को बड़ी मशक्कत करनी पड़ी तब जाकर दर्शनार्थियों को राहत मिली। बतादें की मां शीतला मंदिर परिसर के सामने चौकी दिघिया मार्ग पर दुकानदारों ने सड़क की पटरियों पर अपनी दुकानें लगा रखा है, दर्शन करने वालों के वाहन भी सड़क किनारे खड़े होने की वजह से लगातार जाम लगना आम हो गया है। जिसके कारण मां शीतला दर्शन करने आने वाले लोगों को मंदिर तक पहुंचने अथवा शहर या अन्य जगह आने जाने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं उक्त बाजार के चिरैया मोड़ पर भी दुकानदारों द्वारा सड़क की पटरी पर दुकान लगाकर अतिक्रमण किए जाने से प्रतिदिन जाम लगाना आम हो गया है। जिसके कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने कई बार प्रशासन से लगातार लगने वाले जाम से निजात दिलाने की मांग की लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी।

## राजस्व बकाये पर बढ़ी कार्यवाही

**नैनी।** नैनी के विनोवा नगर, एडीए कॉलोनी, चकनौनिया, काजीपुर मे पूर्व में बकाये पर कटी लाइनों की औचक चेकिंग के दौरान जुड़ी पायी गयी। कुल 9 उपभोक्ताओं का भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 138 बी मैं एफआई आर दर्ज करवाई गई। 5 उपभोक्ताओं का लोड बढ़वाया गया , 4 उपभोक्ताओ की कमर्शियल उपयोग पर घरेलू से कमर्शियल कर चेकिंग रिपोर्ट भरी गयी तथा साथ ही साथ कुल 144 स्मार्ट मीटर की लाइन डिसकनेक्ट की गई तथा 30 लाइन पोल से डिसकनेक्ट की गई, जिसमें कुल 13 लाख की वसूली की गई। तथा ऑनलाइन जमा करने में आ रही दिक्कतों को उपभोक्ताओं से रूबरू करवाया गया। ऑनलाइन जमा करने के लिये अब UPPCL की जगह PUVVNL सेलेक्ट करना होगा। इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी होती रहेगी।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को दी गई जानकारी



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को जागरूक करते हुए

**करछना।** जिला सहकारी बैंक लि0 नैनी द्वारा नाबार्ड के सौजन्य से महुआरी सहकारी समिति गोंती में किसानो को सार्या संस्था द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वित्तीय साक्षरता में समिति में उपलब्ध सुविधाओं किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमायोजना, प्रधानमंत्री दुर्घटना बीमा जो मात्र 10रू में उपलब्ध है, इफको की खाद तो खाद बीमा साथ,धान खरीद,विद्युत बिल जमा तथा भारत सरकार द्वारा इस वर्ष मोटे अनाज के लिये घोषित मिलेट्स वर्ष 2023 के विषय में शाखा प्रबंधक नैनी विक्रम प्रताप सिंह ने विस्तार से बताया गया इस अवसर पर एडीयो चाका श्रीमती दिव्या यादव, समिति सचिव राहुल, भोला नाथ सिंह, विनोद श्रीवास्तव, रामचंद्र व क्षेत्र के किसान भाई, गाँव की महिलायें व बच्चे उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक संघ ने अग्नि सुरक्षा एवं जनजागरुकता कार्यक्रम एवं फायर ड्रिल का किया आयोजन

**नैनी।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक संघ ने इस महीने की शुरूआत में रेमंड मोड़, नैनी अग्नि सुरक्षा एवं जनजागरुकता कार्यक्रम एवं फायर ड्रिल का आयोजन किया। कार्यक्रम में डी जी पी, फायर विभाग अवनीश चंद्र, सी एफ ओ, फायर विभाग प्रयागराज राजीव कुमार, ए सी पी - यमुनापार, नैनी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन से राजीव नायर, लघु उद्योग भारती से सुनील जैन, स्टाफ डिफेंस ऑफि स से रौनक गुप्ता एवं अन्य समान्नित उद्यमी बंधु मौजूद रहे। कार्यक्रम अग्नि सेफ्टी के लिए बहुत ही उपयोगी रहा, जिससे सभी उद्यमियों को लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक संघ के प्रेसिडेंट अरविंद राय ने मुख्य अतिथि और सभी अतिथियों का समान स्वागत किया।

## सद्भाव दिवस के रूप में मनाया गया समाजसेविका का जन्मदिन



कार्यक्रम में उपस्थित महापौर अभिलाषा गुप्ता व अन्य

**नैनी।** प्रख्यात सामाजिक संगठन अपनालय वेलफेयर सोसाइटी एवं अपनालय वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में माँ गंगा की स्वच्छता हेतु समर्पित सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के माघ मेला शिविर में आयोजित खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम संस्था की संस्थापिका स्मृतिशेष श्रीमती शशि लता जी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया गया।


कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रयागराज की महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नंदी ने शशि लता जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया, तत्पश्चात माघमेला क्षेत्र में विभिन्न वर्गों को खिचड़ी प्रसाद सहित मिष्ठान का वितरण किया गया।

महापौर ने बताया कि, शशिलता जी सामाजिक सेवा सहित परिवार के मध्य समरसता की प्रेरणास्त्रोत रहीं हैं उन्होंने बताया कि संस्था के वर्तमान संचालक व शशिलता जी पुत्र अम्बरीष सिंह अपने माता जी के पदचिह्नों पर चलते हुए समाज में विभिन्न विषयों पर अपना योगदान दे रहे है और एक सुपुत्र की माँ के प्रति यही सच्ची श्रद्धांजलि भी है।

प्रसाद वितरण कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के सम्मानित सदस्यों सहित विशिष्ट जनों ने उपस्थिति प्रदान कर योगदान दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष संतोष तिवारी जी, सचिव कुंवर जी तिवारी,धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, महेश प्रसाद केसरवानी, सुनील कुशवाहा, अधिवक्ता बृजेश तिवारी,प्रवीण तिवारी, बभ्रुवाहन सिंह,ओम प्रकाश श्रीवास्तव, सुनीता द्विवेदी,मीनू पाण्डेय,अंजली,तुलसी तिवारी, कार्तिकेय तिवारी, विजय तिवारी, नेता भैया सरिता खुराना, पतविंदर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार राजुल शर्मा, राष्ट्रपति पुरस्कार से अलंकृत रविशंकर द्विवेदी, डॉ वर्तिका श्रीवास्तव,जूही सेवा संस्थान की अध्यक्ष जूही श्रीवासतव आदि उपस्थित रहे।


माघ मेले में रेलवे द्वारा लगाई गई रेल प्रदर्शनी

# प्रयागराज माघ



### मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 22.00 |
| न्यूनतम : | 9.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

### संक्षेप

**पुलिस ने एक वांछित को किया गिरफ्तार**

**मेजा।** पुलिस ने गुरुवार को मुकदमा अपराध संख्या 0027/23 धारा 379/411 में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही किया। प्रभारी निरीक्षक मेजा के नेतृत्व में उप निरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ गुरुवार को मेजा तहसील गेट से लगभग 2 बजे दिन में गेंदालाल (28)पुत्र गिरधारी निवासी भैइयाँ को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की है। उप निरीक्षक कोहड़ार के अखिलेश सिंह के साथ उप निरीक्षक आफताभ आलम रहे।

## झोंको रोको टोको कार्यशैली के जरिये सेंसर बोर्ड पर सनातन धर्म की चलेगी कैंची : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र में गुरुवार को ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अवि मुक्तेश्वरानंद जी महाराज ने सेंसर बोर्ड को खुली चुनौती देते हुए कहा है कि सनातन धर्मावलंबियों अर्थात हिंदुओं को ऐसी किसी भी फिल्म अथवा चलचित्र को प्रदर्शन करने के लिए नहीं दिया जाना चाहिए जिसके किसी भाग में भी कोई दृश्य शब्दावली संवाद गीत हाव-भाव भावार्थ कुछ भी सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति पर संदेह व्यक्त करता हो आलोचना अनादर अथवा उपहास करता हो सनातन कतई बर्दाशत नहीं करेगा। अगर इस तरह फिल्म अथवा चलचित्र धर्म संस्कृति एवं समाज के मूल्य एवं मानकों के प्रति उत्तरदाई और संवेदनशील होनी चाहिए फिल्म अथवा चलचित्र जिसमें धर्म संस्कृति राष्ट्रीय मान हिंदुओं का हनन या उपहास होता है इस तरह


कार्यक्रम में बोलते स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज

के प्रदर्शन पर सम्मिलित रूप से रोक लगाई जानी चाहिए। स्वामी जी ने उदाहरण देते हुए कहा कि वर्तमान समय में जो टेलीविजन पर फिल्में चल रही है उसमें कुछ फिल्में ऐसी भी है जिसको हम परिवार के साथ बैठकर नहीं देख सकते हैं। स्वामी जी ने कहा कि फिल्म चलचित्र धारावाहिकों तक ही सनातन नहीं रुकेगा बल्कि स्कूल कॉलेज और विश्वविद्यालय में होने वाले नाट्य मंचन अब ध्यान से और धर्म की मयार्दा को विचार कर संपादित करने होंगे ।साथ ही कहा कि स्कूल कॉलेज और विश्वविद्यालयों में ऐसे कोई भी पाठ्यक्रम होंगे तो उनको हटवाए जाएंगे। ऐसी कोई भी चीज जो भारतीय संस्कृति भारतीय धर्म परंपरा को खंडित करने का कार्य करेगी उस पर कार्यवाही की जाएगी।

स्वामी जी ने कार्यशैली झोकना टोकना और रोकना को परिभाषित करते हुए बताया कि हम पहले अपनी बात उन तक पहुंचाएंगे यदि इससे बात नहीं बनी टोकेंगे इसके बाद उन्हें रोकने का हर संभव प्रयास करेंगे इस तरह के कार्यों को रोकने के लिए टीम गठित की गई है जिसमें संरक्षक परम आराध्य ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अवि मुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज, 1008 प्रमुख सुरेश मनचंदा जी, डॉ पीएन मिश्र, स्वामी चक्रपाणि जी महाराज, मानसी पांडे, तरुण राठी, कैप्टन अरविंद सिंह भदौरिया, प्रीति शुक्ला, डॉक्टर गार्गी, पंडित डॉक्टर धर्मवीर इत्यादि लोग इस टीम में शामिल हैं।

### शिक्षकों के बीच पहुंचे भाजपा प्रत्याशी, मांगा समर्थन

**प्रयागराज।** इलाहाबाद-झांसी विधान परिषद चुनाव को लेकर भाजपा की ओर से प्रचार प्रसार तेज कर दिया गया है। भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल तिवारी गुरुवार को प्रयागराज पहुंचे और यहां शिक्षकों से जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान भाजपा एमएलसी प्रत्याशी बाबूलाल तिवारी ने कहा कि इलाहाबाद से झांसी तक सभी सम्मानित शिक्षकों का भरपूर समर्थन मिल रहा है और हमें पूरा विश्वास है शिक्षकों के आशीर्वाद से भारतीय जनता पार्टी यह चुनाव भारी बहुमत से जीतेगी और जीत का नया इतिहास रचेगी। इस अवसर पर उन्होंने सभी शिक्षकों से भाजपा को जिताने की अपील की और शिक्षकों के हित में सदा कार्य करने का आश्वासन दिया। प्रयागराज महानगर के डॉक्टर केपी जायसवाल इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज, सेवा समिति इंटर कॉलेज रामबाग, क्रॉस वेट इंटर कॉलेज, महिला सेवा सदन डिग्री एवं इंटर कॉलेज, सीएमपी डिग्री एवं इंटर, कॉलेज, गंगा बाल विद्या मंदिर, बीबीएस कॉलेज, ज्वाला देवी इंटर कॉलेज, इलाहाबाद डिग्री कॉलेज, यूनाइटेड कॉलेज, स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज आदि विद्यालयों में जाकर शिक्षकों से संपर्क किया और वहीं पर शहर पश्चिमी के एमएलसी चुनाव प्रभारी अखिलेश कुशवाहा ने बेसिक इंटर कॉलेज राजरूपुर आदि में पहुंचकर समर्थन मांगा।

## मुकदमों के स्थानांतरण के लिए पूर्व मंत्री आजम खां ने हाईकोर्ट से लगाई गुहार

**प्रयागराज।** सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां रामपुर की जिला अदालतों में चल रहे उनके मुकदमों की सुनवाई के लिए हाईकोर्ट में गुहार लगाई है। उन्होंने कहा है कि उन्हें रामपुर की विशेष न्यायालय में न्याय की उम्मीद नहीं है। लिहाजा, उनके छह केसों की सुनवाई रामपुर की बजाय दूसरे जिले में स्थानांतरित कर सुनवाई की जाए। कोर्ट ने सुनवाई केबाद जिला जज रामपुर से रिपोर्ट मांगी है और सुनवाई के लिए छह फरवरी की तिथि तय की है। आजम खान व दो अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह की पीठ सुनवाई कर रही थी। आजम खान की ओर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सुप्रीम कोर्ट केवरिष्ठद्द अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बहस की। उन्होंने तर्क दिया कि ट्रायल कोर्ट में सही तरीके से सुनवाई नहीं चल रही है। कई तरह की विसंगतियां हैं। उन्होंने अब्दुल्ला आजम खान के जन्म प्रमाण पत्र के मामले का हवाला दिया। कहा कि जांच अधिकारी से कोई बयान नहीं लिया गया। जबकि, आरोप



पत्र में यह दिखाया गया कि बयान लिया गया है।

आजम खान की तरफ से पेश हुए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठद्द अधिवक्ता विवेक तन्खा ने भी अपनी बहस में यही बात दोहराई। जबकि, सरकार की तरफ से अपर महाधिवक्ता एमसी चतुवेर्दी और संजय सिंह की ओर से तर्क दिया गया कि जांच में जन्म प्रमाणपत्र फर्जी पाया गया है। याची इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी जा चुका है लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया है। इस पर याची के अधिवक्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में हाईकोर्ट के समक्ष अर्जी दाखिल करने की छूट दी है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मामले में जिला जज रामपुर से रिपोर्ट मांगी है।

## अमावस्या पर प्रयागराज संगम स्टेशन पर यात्रियों की नो इंट्री, प्रयाग जंक्शन जाकर पकड़नी होगी ट्रेन

**प्रयागराज।** माघ मेले के सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या को लेकर रेलवे और रोडवेज ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। इस महत्वपूर्ण स्नान पर्व के दिन शनिवार 21 जनवरी को प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन यात्रियों के लिए बंद रहेगा। इस दौरान यहां ट्रेनों की तो आवाजाही होगी, लेकिन यात्रियों को प्रयाग जंक्शन जाकर ट्रेनें पकड़नी होंगी। वहीं अलावा प्रयागराज जंक्शन के सिविल लाइंस साइड से भी यात्रियों का प्रवेश 22 जनवरी की रात 12 बजे तक बंद रखने का भी निर्णय लिया गया है। यह व्यवस्था बृहस्पतिवार की रात 12 बजे से लागू हो गई है।

मौनी अमावस्या स्नान पर्व प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन को कुंभ मेले की तर्ज पर एक दिन के लिए बंद रखने की तैयारी की गई है। हालांकि इसे लेकर रेलवे प्रशासन में भी उहापोह की स्थिति है। क्योंकि यहां से वर्तमान समय 15 जोड़ी ट्रेनें संचालित हैं। अगर अमावस्या पर स्टेशन बंद होता है तो प्रयाग जंक्शन पर यात्रियों का लोड बढ़ जाएगा। फिलहाल एडीआरएम लखनऊ मंडल अश्वनी श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया है कि अमावस्या पर प्रयागराज संगम से ट्रेनों का तो संचालन होगा,



लेकिन उसमें सफर के लिए यात्रियों को प्रयाग जंक्शन जाना होगा।

दूसरी ओर स्नान पर्व में आने वाली भीड़ को देखते हुए प्रयागराज संगम स्टेशन पर मेला स्पेशल ट्रेन के दो रेक भी मंगवा लिए गए हैं। यहां से अमावस्या के मौके पर अयोध्या और लखनऊ के लिए एक-एक स्पेशल ट्रेन चलाई जा सकती है। वहीं प्रयागराज रामबाग से भी दो मेला स्पेशल 21 जनवरी को बनारस से चलाई जाएगी। इसके अलावा प्रयागराज जंक्शन पर भीड़ बढ़ने पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, मानिकपुर एवं कानपुर सेंट्रल के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जा सकती हैं।

उधर, यूपी रोडवेज ने भी अमावस्या के मौके पर कानपुर रूट की बसें पत्थर गिरजाघर से चलाने की तैयारी की है। इसके अलावा वाराणसी और गोरखपुर रूट की बसों का संचालन रोडवेज ने झूंसी स्थित अस्थायी बस स्टेशन से चलाने की बात कही है। यूपी रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी का कहना है कि अगर शास्त्री पुल पर बसों की आवाजाही बंद नहीं होती है तभी वाराणसी-गोरखपुर रूट की बसें सिविल लाइंस से चलेंगी। उन्होंने बताया कि मिजार्पुर, बांदा रूट की बसें अमावस्या पर नैनी स्थित लेप्रेसी चौराहे से संचालित करने की तैयारी की गई है।

### झांसी से प्रयागराज तक चलेंगी दो स्पेशल ट्रेनें

अमावस्या के मौके पर वीरागंना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन से प्रयागराज के लिए शुक्रवार को दो स्पेशल ट्रेनें चलेंगी। झांसी से पहली ट्रेन गाड़ी संख्या 01891 सुबह 9.15 बजे एवं दूसरी स्पेशल ट्रेन संख्या 01893 शाम सात बजे चलेगी। यहां पहली ट्रेन 20 जनवरी की शाम 5.50 बजे एवं दूसरी स्पेशल 21 जनवरी की सुबह 4.40 बजे प्रयागराज जंक्शन पहुंच जाएगी।

## बीआरसी कौड़िहार में प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक संपन्न



शत प्रतिशत निपुण लक्ष्य प्राप्त करने वाले विद्यालय कंपोजिट स्कूल मधेशा के प्रधानाध्यापक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते खंड शिक्षा अधिकारी व उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाएं

**प्रयागराज।** बीआरसी कौड़िहार में प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें निपुण विद्यालय विकास योजना पर चर्चा के उपरांत विद्यालयों में निपुण बच्चों की संख्या की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उत्कृष्ट 5 विद्यालयों को प्रोत्साहित किया गया। एवं शत प्रतिशत निपुण लक्ष्य प्राप्त करने वाले विद्यालय कंपोजिट स्कूल मधेशा के प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार निषाद को उनकी विशिष्ट उपलब्धि के लिए खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्र द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मधेशा के प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार निषाद ने विकासखंड कौड़िहार में सर्वप्रथम निपुण लक्ष्य प्राप्त होने की घोषणा कर दी है। उन्होंने अवगत कराया कि उनके विद्यालय के कक्षा 1, 2 व 3 के सभी बच्चे निपुण लक्ष्य को प्राप्त कर चुके हैं। एवं उन्होंने इसका श्रेय अपनी अध्यापिकाओं ललिता वर्मा, सुमन व नीतू वर्मा को दिया।

इसके अतिरिक्त 80% या उससे अधिक लक्ष्य प्राप्त करने वाले विद्यालयों में प्राथमिक विद्यालय करीमुद्दीनपुर, प्राथमिक विद्यालय सराय राह कोरारी, प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर खंदरौली एवं प्राथमिक विद्यालय मीरजहांपुर हैं।

समीक्षा बैठक के दौरान ए आर पी जय सिंह, प्रभाशंकर शर्मा, विष्णु मिश्रा, अजमल अमीन अंसारी, राधेकृष्ण, राजेश शुक्ला ,अविनाश कुमार, अनीता सोनकर, गरिमा मेहरोत्रा, कंचन सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

## फर्जीवाड़ा रोकने के लिए बदला गया खतौनी की नकल का स्वरूप, अब 19 कालम में उपलब्ध होगी जानकारी

**प्रयागराज।** प्रदेश में भूलेखों में फर्जीवाड़ा को रोकने के लिए सरकार ने खतौनी की नकल का स्वरूप बदल दिया है। 18 जनवरी से यह व्यवस्था प्रदेश भर में लागू हो गया है, जिसके तहत भूलेख पोर्टल को अपग्रेड करते हुए अब उसमें 13 के स्थान पर 19 कालम में जानकारी उपलब्ध होगी। उक्त जानकारी देते हुए फूलपुर तहसीलदार अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि अब एक गाटा संख्या की एक ही खतौनी बनेगी तथा उसमें यह स्पष्ट उल्लेख होगा की उक्त गाटा कितने वर्ग मीटर का है।साथ ही साथ उसकी यूनिक आईडी क्या है यह भी लिखा होगा। इस व्यवस्था से कास्तकारों को छह नई सुविधाएं भी उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि अभी तक जन सेवा केंद्र अथवा तहसील में गांव व किसान का नाम बताने से खतौनी की नकल मिल जाया करती थी। इसके साथ ही एक किसान के नाम यदि एक से अधिक गाटा है तो खाते का नंबर और उस रकबे का क्षेत्रफल आ जाता था। नई व्यवस्था के तहत अब एक गाटा संख्या के ही भूखंड का विवरण लिया जा सकता है। गाटा संख्या से निकली खतौनी को देखकर ही ज्ञात हो जाएगा कि भूमि की स्थिति कैसी है। तहसीलदार अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश में भूलेखों के फर्जीवाड़ा को रोकने के लिए लागू नई व्यवस्था से किसानों को कई उपयोगी जानकारियां भी प्राप्त होंगी।

## कार्बन डेटिंग मामला : भारतीय पुरातत्व विभाग ने जवाब के लिए मांगा समय, 20 मार्च को होगी सुनवाई

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर स्थित कथित शिवलिंग की कॉर्बन डेटिंग मामले में भारतीय पुरातत्व विभाग को जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया है। याचिका की सुनवाई 20 मार्च को होगी। याची के अधिवक्ता ने भी सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई के प्रभाव की जानकारी के लिए समय मांगा। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने लक्ष्मी देवी तथा अन्य की पुनरीक्षण याचिका पर दिया है।

कोर्ट ने पिछली सुनवाई में ऑर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से कथित शिवलिंग में बिना किसी छेड़छाड़ के कॉर्बन डेटिंग जांच की जानकारी मांगी थी। साथ ही सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन केस के कारण, इस याचिका पर पड़ने वाले प्रभाव पर सुप्रीम कोर्ट से स्पष्टीकरण लेने का समय दिया था।

कोर्ट ने पूछा था, क्या ऐसी कोई विधि है, जिससे कथित शिवलिंग को बिना नुकसान पहुंचाए उसकी कॉर्बन डेटिंग जांच की जा सके। इस पर ऑर्कोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने जवाब दाखिल कर कहा कि उसके पास ऐसी विधियां हैं, जो शिवलिंग को नुकसान पहुंचाए बिना कार्बन डेटिंग जांच कर सकती हैं। जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए आठ हफ्ते का समय मांगा।

## रेलवे का टिकट ब्लैक करने वाला युवक गिरफ्तार

**प्रयागराज।** रेलवे सुरक्षा बल की विजिलेंस टीम ने अवैध रूप से रेलवे टिकट की बिक्री करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ के मुताबिक, ₹मिशन उपलब्ध₹ के तहत रेलवे आरक्षण ई-टिकटों का अवैध व्यापार करने वालों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए कौशांबी में छापेमारी की।इसमें अभियुक्त पंकज पटेल पुत्र राम मगन सिंह निवासी गांव-शेखपुर रसूलपुर, थाना-चरवा, जिला कौशांबी को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से अवैध रूप से अपने निजी आईआरसीटीसी आईडी से रेलवे टिकटों का व्यापार करने के उद्देश्य से निकाले गए टिकट भी बरामद किए गए। उसके पास से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी मिले हैं।


रेल पुलिस की गिरफ्त में युवक

### ज्यादा रुपए में बेचता था टिकट

बताया जा रहा है कि अभियुक्त आईआरसीटीसी आईडी ल्लि231190 से ई-टिकट निकालकर जरूरतमंदों को 150 से 200 रुपए की अधिक कीमत पर बेचता था। उसके पास से एक कंप्यूटर, मॉनिटर, सीपीयू, 11 ई टिकट (कीमत 13,428 रुपए), मोबाइल व 1500 रुपए बरामद हुए। अभियुक्त पर रेलवे एक्ट की धारा 143 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में सहायक उप निरीक्षक उमेश कुमार सरोज, सहायक उपनिरीक्षक शिव नरेश यादव, विजिलेंस निरीक्षण जितेन्द्र कुमार सिंह शामिल रहे।

## न्यायमूर्ति सहित अधिकारियों ने ध्यान-साधना कर लिया आशीर्वाद

### साधना

**सद विप्र समाज सेवा शिविर में स्वामी कृष्णानंद जी महाराज के सानिध्य में एसएसपी, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, माघ मेला अधिकारी, उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ध्यान, साधना कर लिया आशीर्वाद**




लोगों को साधना के लिए प्रोत्साहित करते गुरुदेव स्वामी कृष्णानंद जी व उपस्थित अधिकारीगण

**प्रयागराज।** माघ मेला प्रयागराज में सेक्टर 3 अन्नपूर्णा मार्ग पर स्थापित विप्र समाज सेवा उत्तर प्रदेश प्रयागराज शिविर में पूज्य स्वामी कृष्णानन्द जी महाराज के सानिध्य में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान व लोक सेवा आयोग के सदस्य कल्पराज सिंह के संयोजन में उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति गण, जनपद प्रयागराज के मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, मेला अधिकारी, विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत के अध्यक्ष एवं पूर्व आईजी कविंद्र प्रताप सिंह ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारी तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट ने प्रतिभाग कर गुरूदेव से आशिर्वाद प्राप्त किया। इसमें पूज्य गुरुदेव स्वामी कृष्णानंद जी ने कुंडली जागरण साधना के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला तथा बहिमुर्खी व्यक्तित्व को अंतमुर्खी साधना से जीवन के सफलता हेतु प्रेम साधना का स्वयं अनुभव कराया । तनाव मुक्त जीवन एवं रोजगार परख शिक्षा हेतु गुरुदेव ने कुंडलिनी जागरण साधना पर विस्तृत चर्चा कर सबको साधना के लिए प्रोत्साहित किए । जिसमें सभी माननीयों ने अपने अनुभव बताएं तथा गुरुदेव द्वारा प्रदत्त साधना की तारीफ की। तत्पश्चात सद विप्र समाज सेवा के संयोजक एवं माननीय न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान एवं लोक सेवा आयोग के सदस्य कल्पराज सिंह जी, शिविर प्रबंधक वीरभद्र प्रताप सिंह, सुरेंद्र सिंह, रामकृष्ण सिंह, चन्द्र प्रताप ने अतिथियों को प्रसाद ग्रहण करा कर विदाई की।

## माघ मेले में हिंदू बनकर इस्लामिक साहित्य बेचने वाले युवक हैदराबाद की जमात में भी हुए थे शामिल

**प्रयागराज।** माघ मेले में हिंदू बनकर इस्लामिक साहित्य बेचने के आरोपित मो. मोनिश उर्फ आशीष कुमार गुप्ता और समीर उर्फ नरेश हैदराबाद की जमात में भी शामिल हुए थे। वहीं पर उन्हें इस्लाम धर्म के प्रचार-प्रसार की तरकीब सिखाई गई थी। दोनों इस्लाम धर्म स्वीकार करने के बाद वहां गए थे और लौटने के बाद हिंदू धार्मिक स्थलों पर पुस्तक बेचने का काम शुरू किया था। पुलिस और खुफिया एजेंसी को ऐसी जानकारी मिली है।

इसके साथ ही अबूधाबी से इस्लामिक साहित्य के लिए होने वाली फंडिंग को लेकर आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने अपने स्तर पर छानबीन शुरू कर दी है। कासिम से जुड़ी जानकारी भी मांगी गई है। गिरोह से जुड़े सईद उर्फ सुभाष की तलाश में बुधवार को करेली से लेकर फतेहपुर तक पुलिस ने छापेमारी की।

पुलिस का कहना है कि फतेहपुर के भैरवा गोंदी गांव निवासी सुभाष ने सबसे पहले हिंदू धर्म छोड़कर मुस्लिम धर्म स्वीकार किया था। उसने रिश्तेदारों और परिचितों का झुकाव भी इस्लाम की तरफ करवाया। इसके चलते 12 साल पहले नरेश ने दिल्ली में मुस्लिम धर्म अपनाया और फिर दो साल पहले लालगोपालगंज स्थित एक मस्जिद में आशीष को मोनिश बनाया गया।

इन दोनों का मतांतरण इस्लामिया हिमदादिया मदरसा के शिक्षक महमूद हसन गाजी ने करवाया था। इसके बाद ही दोनों को हैदराबाद में होने वाली जमात में ले जाया गया था। महमूद के संपर्क में सुभाष सबसे पहले आया था, जिसके बाद उसे भी एक मदरसे का शिक्षक बना दिया गया था। इसी आधार पर अब उसके और उसके दूसरे साथियों की तलाश चल रही है, ताकि गिरफ्तारी होने पर मामले में अहम जानकारी व साक्ष्य मिल सके। जेल में बंद तीनों आरोपितों को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।

10 जून 2022 को अटाला में हुए बवाल के मास्टरमाइंड जावेद पंप से भी महमूद हसन गाजी बातचीत करता था। जावेद पंप की गिरफ्तारी से पहले भी हसन ने बात की थी। इसकी तस्दीक उसके मोबाइल की काल डिटेल रिपोर्ट (सीडीआर) से भी की जाएगी। सीडीआर से जानकारी मिलने के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

तफ्तीश में जुटी सुरक्षा एजेंसियों को यह भी पता चला है कि महमूद हसन के संपर्क में कतर, रियाद, जद्दा, सऊदी अरब के अलावा देश के विभिन्न राज्यों में रहने वाले तमाम लोग संपर्क में थे। महमूद उन सभी से इंटरनेट कालिंग के जरिए बातचीत करता था।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरोह के सरगना और उसके सहयोगियों का बैंक खाता खंगाला जाएगा। यह भी पता लगाया जाएगा कि महमूद हसन के कितने बैंक खाते हैं और उन खातों में कब-कब व किसने कितनी रकम जमा की है।

## संक्षेप

### बीस जनवरी को जिले में भ्रमण करेंगे डिप्टी सीएम

**कौशाम्बी।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का 20 जनवरी को अपरान्ह 01:30 बजे हेलीपैड.बाबू सिंह डिग्री कॉलेज सयारा पहुँचेंग। उप मुख्यमंत्री अपरान्ह 1:45 बजे ग्राम पंचायत कादीपुर में आयोजित ग्राम चौपाल में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात वे ग्राम पंचायत शमसाबाद में आयोजित ग्राम चौपाल में सम्मिलित होंगे। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत मकदूमपुर काजी में आयोजित ग्राम चौपाल में सम्मिलित होंने के पश्चात सायं 4:10 बजे हेलीपैड.बाबू सिंह डिग्री कॉलेज सयारा से जनपद प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगे। उक्त आशय की जानकारी जिला सूचना कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

# निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का डीएम ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**कौशाम्बी।** निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज, कादीपुर का जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अकेडमिक बिल्डिंग के तहत लेक्चर हालए लाईब्रेरी व आडिटोरियम के निर्माण कार्यों की प्रगति के साथ ही टाइल्स लगाने के कार्यो का अवलोकन करते हुए फिनीशिंग के कार्य तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रशासनिक भवन, गर्ल्स एवं ब्वायज हॉस्टल आदि के निर्माण कार्यो की प्रगति की निरीक्षण के दौरान कहा कि लेबरों की संख्या और बढ़ायी जाय। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के भी निर्देश दियें।

जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में निमार्णाधीन मेडिकल कालेज की विस्तार शाखा की निर्माण कार्यों की प्रगति की निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यो को और तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी प्रखर उत्तम, सीएमएस दीपक सेठ एवं ईओ मंझनपुर सुनील मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



मेडिकल कॉलेज के निर्माण की प्रगति देखते डीएम

## आखिर बालू पासरों पर कार्यवाही क्यों नहीं

**कौशाम्बी।** जिले में रोक के बाद भी रात के अंधेरे में बालू का अवैध परिवहन बड़े पैमाने पर हो रहा है। इस पर जिला प्रशासन रोक लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। जिसका खुलासा भी आए दिन पुलिसिया कार्रवाई में होता रहता है। आधी रात बाद बालू लदे ओवर लोड वाहन आसानी से सरहद पार हो रहे हैं। इन ट्रकों के आगे.पीछे लग्जरी वाहन में पासर ;वाहन पास कराने वालेद्ध होते हैंए जो इन्हें पार कराते हैं। इन पर किसी की नजर नहीं पड़ती। कोर्ट व सरकार की रोक के बाद भी दोआबा में बालू का अवैध खननए परिवहन का कारोबार हो रहा है। रात के अंधेरे में गुजर रहे दर्जनों बालू लदे ट्रक इसकी गवाही दे रहे हैं। दोआबा से बालू का अवैध परिवहन किसके इशारे पर हो रहा है। इससे खनन विभाग के जिम्मेदार अनजान बने हैं। रात 12 बजे से सुबह छह बजे तक बालू लदे ओवर लोड वाहन फरार्टा भरते हैं। पुलिस थानों के आस.पास से बालू लदे वाहन रात भर गुजरते हैं लेकिन जानते हुए भी जिम्मेदार अनजान बने हैं। ज्यादा दबाव पड़ने पर यदा.कदा कार्रवाई भी कर दी जाती है।

## काम का पता नहीं निकाल लिया गया बजट

**अंधेरगर्दी**

**ग्रामीणों का आरोप है कि सबसे ज्यादा हैंडपप रीबोर, मरम्मत के नाम पर खेल हुआ है। ध्वस्त पडे.पंचायत भवन के मरम्मत में हजारों रुपये खर्च कर दिया है**

**कौशाम्बी।** सदर ब्लॉक के रहीमपुर मौलानी में विकास योजनाओं में जमकर धांधली हो रही है। गांव में लगभग दो वर्षों से धेले भर का कार्य नहीं हुआ है। इसके बावजूद विकास के नाम लाखों रुपये खर्च कर दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सबसे ज्यादा हैंडपप रीबोर, मरम्मत के नाम पर खेल हुआ है। ध्वस्त पडे. पंचायत भवन के मरम्मत में हजारों रुपये खर्च कर दिया है।

मंझनपुर ब्लॉक के रहीमपुर मौलानी ग्राम पंचायत में मूलभूत सुविधाओं के लिए ग्रामीण परेशान है। ग्राम पंचायत में लगभग दो वर्ष से कोई कार्य नहीं हुआ है। आरोप है कि लाखों रुपये से बने सार्वजनिक शौचालय में असुविधाओं का अंबार है। पिछले कई महीने से सार्वजनिक शौचालय में पानी की सप्लाई ठप होने से शौचालय प्रयोग नहीं हो रहा है। इससे ग्रामीणों को खुले में जाना पड़ता है। इसके बावजूद केयरटेकर को मानदेय दिया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि देखरेख के अभाव में पंचायत भवन कई वर्षो से ध्वस्त पड़ा है। इसके बावजूद पंचायत भवन मरम्मत के नाम पर हजारों रुपये निकाल लिया गया है। साथ ही गांव में एक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य कई वर्ष पहले हुआ था। आरोप है कि वित्तीय वर्ष 2022.23 में इसके निर्माण कार्य के नाम पर फिर से बजट निकाल लिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि मामले की शिकायत कई बार अफसरों से हुई है। इसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# डिप्टी सीएम के कार्यक्रम स्थल का डीएम ने लिया जायजा



कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते डीएम, एसपी

**कौशाम्बी।** डिप्टी सीएम के ग्राम चौपाल कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने गुरूवार को ग्राम पंचायत कादीपुर, शमसाबाद एवं मकदूमपुर काजी पहुंचकर वहां की तैयारियों का जायजा लिया। इतना ही नहीं सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश भी दिए।

अधिकारीद्वय कादीपुर, शमसाबाद एवं मकदूमपुर काजी में आज आयोजित होने वाली ग्राम चौपाल की तैयारियों का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश देते हुए कहा कि सभी तैयारियों को समय से पूर्ण कर लिया जाय। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत शमसाबाद के निरीक्षण के दौरान अमृत सरोवर के निर्माण कार्यों का अवलोकन करते हुए पाथवे बनाने तथा आस.पास के तालाबों का भी सौन्दर्यीकरण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने ग्राम पंचायत कादीपुर के निरीक्षण के दौरान अमृत सरोवर के निर्माण कार्य का अवलोकन किया तथा डीसी मनरेगा को श्रमिकों की संख्या और अधिक बढ़ाने के निर्देश दियें, जिससे निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण हों सकें।

## खाटू श्याम के भजनों पर झूमे भक्त

**कौशाम्बी।** पुरानी बाजार भरवारी स्थित हनुमान निकेतन मंदिर परिसर में गुरुवार रात एक शाम खाटू श्याम के नाम संकीर्तन का आयोजन हुआ। प्रयागराज से आई मंडली ने खाटू वाले श्याम के नाम पर तरह.तरह के भजन प्रस्तुत किए। इसे सुन श्रोता झूम उठे।

कार्यक्रम का आयोजन एकादशी के मौके पर किया गया था। आयोजकों ने खाटू वाले श्याम के चित्र को आकर्षक तरीके से सजाया। भक्तों ने देर रात तक पूजा कर बाबा का आशीर्वाद लिया। प्रयागराज से आए कलाकारों ने खाटू वाले श्याम के भजन गाए। भजनों पर श्रोताओं ने जयकारे लगाने के साथ तालियां भी बजाईं। इससे पूरे नगर का माहौल भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम समापन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर सुरेश अग्रवाल, गौरव केसरवानी उर्फ मोनूए रमेश अग्रवाल, अमन केसरवानी, उपांशु केसरवानी, निखिल केसरवानी, दीपक वर्मा, सागर केसरवानी, नमन अग्रवाल, शशांक केसरवानी आदि मौजूद रहे।

# तहसील का घेराव कर साकिपा ने सौंपा ज्ञापन

**घेराव**

**नहर की पटरियों के कटाव से हुए नुकसान का किसानों को मिले मुआवजा**

**चायल, कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वाधान मे गुरुवार को किसान नेता अजय सोनी की अगुवाई में चायल तहसील का घेराव कर प्रदर्शन किया गया। इतना ही नहीं किसानो की तमाम समस्यायों को लेकर एक छह सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार सुरेंद्र सिंह को सौंपा गया।

समर्थ किसान पार्टी के तमाम कार्यकर्ता चायल तहसील में एकजुट हुए और बैठक किया। इस दौरान किसान नेता अजय सोनी ने कहा कि आज किसान परेशान है और उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सिंचाई विभाग द्वारा नहरों की सफाई में की गई खानापूर्ति के चलते कई जगहों पर नहरों की पटरियों के कटने से किसानो के खेतों में पानी भर गया है, ऐसे में किसानो का भारी नुकसान हुआ है। किसानो के नुकसान का अजय सोनी ने जिम्मेदारों से मुआवजा मांगा। वहीं आवारा पशुओं से किसानो की फसलों के हो रहे नुकसान पर आक्रोश जाहिर करते हुए अजय सोनी ने अधिकारियों से किसानो की फसलों को आवारा पशुओं से बचाने की मांग की। इसके बाद तमाम पार्टी कार्यकताओं ने चायल तहसील का घेराव किया और नारेबाजी कीस साथ ही नायब तहसीलदार को एक छः सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में क्षेत्र की सभी नहरों में टेल तक जलापूर्ति करने, किसानो को जलभराव से हुए नुकसान का मुआवजा देने, आवारा पशुओं से किसानो की फसलों को बचाने, समितियों से किसानो को उर्वरक की आपूर्ति करने, नकली उर्वरक बेचने वालों पर कार्यवाही करने, क्षेत्र के बिगड़े राजकीय नलकूपों को बनवाने जैसी मांगे शामिल थीं। इस अवसर पर प्रेमचंद्र केसरवानी, मनोज सोनी, सुरजीत वर्मा, परिहार सिंह लोधी, वसीम अहमद, छोटू सोनकर, शफीक अहमद, अशोक सोनी आदि मौजूद रहे।



चायल तहसील में ज्ञापन सौंपते साकिपा के पदाधिकारी

## फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से 20 हजार की लूट

**लूट**

**कोखराज के असवां गांव के समीप पीछे से आए बदमाशों ने युवक को रोक किया पिटाई लूटे 20 हजार रुपये**

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के असवां मोड़ के पास बुधवार की देर रात एक फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी को बदमाशों ने पीट दिया। इसके बाद उसके बैग में रखा 20 हजार रुपये लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश भाग निकले। सूचना पर पुलिस ने बदमाशों की धर पकड़ के लिए नाकेबंदी कीए लेकिन सुराग नहीं लगा। पीड़ित से तहरीर लेकर पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है।

संदीपन घाट थाना क्षेत्र के महगांव गांव का हमीद बाइक एजेंसी में फाइनेंस का काम करता है। बताया जा रहा है कि बुधवार की देर रात वह बाइक से घर लौट रहा था। कोखराज के असवां गांव के समीप पीछे से आए बदमाशों ने युवक को रोक लिया। इसके बाद उसकी पिटाई कर दी। पिटाई करने के बाद बदमाशों ने 20 हजार रुपये लूट लिए। लूटपाट के बाद बदमाश जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। युवक ने घटना की जानकारी परिजनों के साथ भरवारी चौकी पुलिस को दी। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए बदमाशों की धर पकड़ के लिए नाकेबंदी की लेकिन कहीं सुराग नहीं लग सका। चौकी प्रभारी सियाकांत चौरसिया का कहना है कि घटना मारपीट की है। लूट की बात पीड़ित के अनुसार जो बताई जा रही है वह संदिग्ध लग रही है फिलहाल पीड़ित ने नामजद तहरीर दी है। घटना की जांच की जा रही है। जांच पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मन्दिर मुख्य मार्ग पर दुकानदारों का अतिक्रमण



सड़क पर दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण

**दारानगर,कौशाम्बी।** 51 वीं शाक्तिपीठ कडाधाम में पीडब्ल्यूडी द्वारा मुख्य मार्ग पर नई रोड का निर्माण हुआ है। इस पर स्थानीय दुकानदारों द्वारा बेंच,तख्त व नया निर्माण कर लिया गया है। जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को काफी समस्या हो रही है। शासन द्वारा श्रृध्दालुओ भक्तों की सुविधा के लिए मार्ग का चौडीकरण कराया गया ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके, पर इसका उल्टा ही असर देखने को मिल रहा है। नये रोड पर स्थानीय दुकानदारों ने फिर से कब्जा जमाना शुरू कर दिया हैं।

## पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष समेत छह पर लगा गैंगस्टर

**कौशाम्बी।** कोतवाली पुलिस ने मंझनपुर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष समेत आधा दर्जन गुंडों पर नकेल लगाते हुए गैंगस्टर की कार्रवाई की है। आरोपित आर्थिक लाभ के लिए आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे थे। सभी के खिलाफ कोतवाली में कई मामले दर्ज है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दिया है। मंझनपुर कोतवाल संतोष शर्मा ने नगर पालिका परिषद मंझनपुर के पूर्व अध्यक्ष महताब आलम समेत अतीक अहमद पुत्र हनीफ निवासी इमामगंज नवाबगंज जनपद प्रयागराज, अनवर हुसैन पुत्र हारून निवासी पट्टी नवाबगंज प्रयागराज, लल्लू उर्फ रशीद निवासी चक नगर द्वितीय मंझनपुर, वैश अहमद पुत्र शेरअली निवासी चक नगर प्रथम मंझनपुर व इमरान पुत्र अब्दुल कलाम निवासी मंसूर नगर मंझनपुर पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पर तस्करी के साथ कई संगीन मामले दर्ज है। पुलिस के अनुसार, आरोपित गिरोह बनाकर आर्थिक लाभ के लिए अपराध करते थे।

## विवाहिता की मौत, सास-ससुर समेत चार पर मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू गांव में ब्याही युवती की संदिग्ध मौत की गुत्थी उलझ गई है। घटना के आठ महीने बाद पुलिस ने अदालत के आदेश पर आरोपित सासए ससुर समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। करारी कोतवाली के गुवारा तैयबपुर गांव की बेलपति पत्नी भ्रम नारायण ने बताया उसने बेटी सुषमा की शादी पश्चिमशरीरा के गोराजू गांव में की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल के लोग बेटी को दहेज की खातिर प्रताड़ित कर रहे थे। तीन मार्च को सास, ससुर के साथ जेठ व जेठानी ने मिलकर सुषमा की हत्या कर दी थी। इसकी शिकायत दूसरे दिन पीड़ित मां ने कोतवाली पुलिस से किया पर कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़िता अदालत पहुंची। अदालत के आदेश पर घटना के आठ महीने बाद पश्चिमशरीरा कोतवाली पुलिस ने आरोपित ससुर शिव लोचनए सास समरिया देवीए जेठ छोटू व जेठानी के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### पट्टीदारों ने अधेड़ को पीटा, जख्मी

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के सरैया उस्मानपुर गांव के पड़ोसी पट्टीदारों ने अधेड़ को पीट दिया। दोनों परिवार के बीच रंजिश चल रही है। पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराते हुए पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सरैया निवासी सखर पुत्र जब्बार का पड़ोसी मोण आलिम से पुराना विवाद चल रहा है। बुधवार की शाम कहासुनी के बाद आरोपित ने परिजनों के साथ मिल सखर को बेरहमी से पीट दिया। पट्टीदारों की पिटाई से अधेड़ गंभीर रूप से जख्मी हो गया। ग्रार्मीणों ने बीच.बचाव करते हुए मामला शांत कराया। गांव पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराते हुए तहरीर लेकर अरोपित आलिम, आदिल समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पीएम कुसुम योजनान्तर्गत अनुदान पर सोलर पम्प का करें आवेदन

**कौशाम्बी।** उप कृषि निदेशक ने कृषक भाइयों को बताया है कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान पीएम कुसुम सोलर पम्प योजनान्तर्गत जनपद कौशाम्बी को वर्ष 2022.23 में पुनः 3 एचपी एसी,डीसीए 5 एचपी एसी,डीसी 7.5 एचपी एसी,डीसी एवं 10 एचपी एसीध्डीसी सोलर पम्प वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए किसान भाई वेबसाइट पर अपना पंजीकरण अवश्य करायें तथा सोलर पम्प की बुकिंग जनपद के लक्ष्य की सीमा से 110 प्रतिशत तक ष्पहले आओ.पहले पाओ के सिद्धान्त पर किया जायेंगा। कृषकों को ऑनलाइन बुकिंग के साथ रू. 5000 टोकन मनी के रूप में ऑनलाइन जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि सोलर पम्प बुकिंग करने के लिए किसान भाई 21 जनवरी की पूर्वान्ह 11 बजे से लक्ष्य पूर्ण होने तक, 06 फरवरी 2023 तक ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

## घर में घुसकर दंपती से की मारपीट

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के फरीदपुर समरो गांव में दबंगों ने विवाहिता के घर हंगामा करते हुए दंपती को पीट दिया। दंपती को आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। गांव पहुंची पुलिस ने घायल दंपती को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराते हुए आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। फरीदपुर समरो गांव की रानी देवी पत्नी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि पड़ोसी शिवकुमार से उसके परिवार की पुरानी अदावत चल रही है। कहासुनी के बाद आरोपित परिजनों के साथ घर पर आ गया। घर में तोड़फोड़ करने का विरोध करने पर आरोपितों ने राजेंद्र को इस कदर पीट दिया कि वह बेहोश हो गया। पति को बेहोश देख रानी देवी बीच.बचाव करने पहुंची तो आरोपितों ने उससे भी मारपीट की। ग्रामीणों के बीच.बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने घायल दंपती को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। देर शाम पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### उद्यमियों को मिलेंगे नए अवसर

**कौशाम्बी।** उपायुक्त उद्योग एस सिद्दीकी ने अवगत कराया है कि जनपद में उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को कलेक्ट्रेट परिसर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जायेंगा। इसमें निवेशकों के साथ ही साथ प्रदेश,देश के इच्छुक निवेशकों को भी सादर आमंत्रित किया गया है। इस समिट में प्रदेश सरकार द्वारा जारी नई औद्योगिक निवेश नीति 2022 के अन्तर्गत निवेश करने वाले नव उद्यमियों को विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की जायेंगी। उन्होंने जनपद के सभी उद्यमियों एवं व्यापारी बन्धुओं से अनुरोध किया है कि जनपद में औद्योगिक वातावरण का सृजन ज्यादा से ज्यादा हो सके इसके लिये अधिक से अधिक औद्योगिक क्षेत्र में निवेश करें, ताकि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुसार नव उद्यमियों को नवीन औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के माध्यम से सुविधाएं प्राप्त हो सके।

## दुर्घटना में जख्मी वृद्ध ने दम तोड़ा

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के परसरा गांव के समीप तीन दिन पहले सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मृतक के बेटे की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। परसरा निवासी सरगम (65) रविवार की शाम खेत की ओर गया था। बताया जा रहा है कि सड़क पार करते समय गांव के समीप पीछे से आए अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। दुर्घटना में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे के बाद वाहन चालक वाहन समेत भाग निकला था। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को देते हुए घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां वृद्ध ने अंतिम सांस ली। पुलिस ने मृतक के बेटे रोशन की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वृद्ध की मौत से परिजनों का रो.रोकर हाल बेहाल है।

# बैरमपुर में समूह की महिलाओं के समृद्धि की ओर बढ़ते कदम

**उद्घाटन**

**कार्यक्रम में समूह की महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से आर्थिक एवं सामाजिक रूप से लाभान्वित होने दिया गया सन्देश**

**कौशाम्बी।** विकासखंड सरसावां के ग्राम पंचायत बैरमपुर में संघर्ष महिला प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति का उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी . डॉ रवि किशोर त्रिवेदी, खंड विकास अधिकारी. सतीश कुमार सिंह, एडीओ आईएसबी. सतीश कुमार पाण्डेय, ग्राम प्रधान. अखिलेश यादव, बीएमएम रमेश कुमार सिंह, विनोद कुमार मिश्रा, सुशील कुमार गुप्ता, सुमित कुमार सिंह, ग्राम विकास अधिकारी. राजीव कुमार पाल, जनपद फतेहपुर से आई हुई सीनियर आईसीआरपी कांति देवी व मिथिलेश देवी एवं समस्त ग्राम संगठन और समूह के पदाधिकारी व सदस्यों की उपस्थिति में संघर्ष महिला प्रेरणा संकुल स्तरीय संघ का उद्घाटन हर्षउल्लास के साथ किया गया। ब्स्थ् में ग्रामपंचायत बैरमपुर, पलरा, सेंगरहाए हटवा, चान्देराई बरुवा आदि से समूह की महिलाएं ने अपनी सहभागिता की द्वारा समूह की महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से आर्थिक एवं सामाजिक रूप से लाभान्वित होने सन्देश दिया गया। ब्स्थ् के पदाधिकारी अध्यक्ष. प्रमिला सिंह, उपाध्यक्ष राधा देवी, सचिव राजकुमारी, उपसचिव रानी देवी, कोषाध्यक्ष अल्पना देवी को चयनित किया गया। अब ब्स्थ् के माध्यम से समूह की दीदियाँ आजीविका संवर्धन का सतत कार्य करेंगी।



द्वीप प्रज्जलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते सीडीओ

## संक्षेप

### अधिवक्ता के भाई के निधन पर जताया गया शोक

**लालगंज।** तहसील के अधिवक्ता एवं बैजलपुर निवासी नामवर सिंह के बडे भाई मुन्ना सिंह (47) का गंभीर बीमारी के चलते आकस्मिक निधन हो गया। मुन्ना का प्रयागराज में इलाज चल रहा था। मुन्ना सिंह गांव के पूर्व प्रधान रामसिंह के पुत्र भी थे। जानकारी होने पर तहसील में साथी अधिवक्ताओं मे शोक छा गया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अध्यक्षता मे हुई शोकसभा मे साथी के भाई के निधन पर दुख जताया गया। गमजदा अधिवक्ताओं ने गुरूवार को अपने को न्यायिक कामकाज से विरत भी रखा। सभा का संचालन महामंत्री शेष तिवारी ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी, उपाध्यक्ष बीके तिवारी, राममोहन सिंह, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विकास मिश्र, केबी सिंह, विपिन शुक्ल, शैलेन्द्र सिंह, कमलेश तिवारी, कमाल अहमद, सुधाकर मिश्र, मनीष क्रांतिकारी, राजेश तिवारी, प्रमोद सिंह, अनूप पाण्डेय, संदीप सिंह, घनश्याम मिश्र, राजेन्द्र मिश्र, शिवाकांत उपाध्याय, दीपेन्द्र तिवारी, प्रमोद तिवारी, प्रभात श्रीवास्तव, अबरार अहमद, हेमन्त पाण्डेय, हरकेश पटेल, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, शैलेन्द्र मिश्र आदि अधिवक्ता रहे।

# असलहे की नोक पर चार लाख के कीमत की बकरियों की लूट

**लूट**

**पति-पत्नी को चारपाई पर दबोचते हुए बदमाशों ने लूट की घटना को दिया अंजाम**

**जेठवारा थानाक्षेत्र के गंभीरा गांव का मामला**


लूट के बाद बची बकरियां


घायल महिला

**जेठवारा।** घर से करीब पांच सौ मीटर दूर खेत में टीनशेड बनाकर बकरी पालन का व्यवसाय करने वाले दंपत्ति को बीती रात दर्जनभर लुटेरों ने असलहे की नोक पर बंधक बनाते हुए मारापीटा और शेड में बंधी 17 बकरी और 20 कीमते बकरे उठा ले गए। जिसकी कीमत करीब चार लाख बताई जा रही है।

जेठवारा थानाक्षेत्र के गंभीरा गांव निवासी विक्रम पटेल पुत्र श्रीराम पटेल व उनकी पत्नी निर्मला देवी रोज की तरह छप्पर में सो रहे थे। रात करीब 12 बजे लगभग एक दर्जन लोग असलहा लेकर पहुंचे और पति-पत्नी को चारपाई पर ही दबोच कर पीटना शुरू कर दिया। विक्रम के विरोध करने पर उसे असलहे के बट से मारकर बेहोश कर दिया। निर्मला देवी किसी तरह भागकर गांव पहुंची और ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। निर्मला देवी का कहना है कि इस दौरान बदमाशों ने एक एक करके उसके 20 बकरे व 17 बकरियों को वाहन पर लादकर भाग निकले। उसके अनुसार एक बकरे की कीमत 10 से 25 हजार रुपए के बीच है। कुल मिलाकर लगभग चार लाख के बकरी-बकरे की लूट हुई है। पीड़ित ने घटना की सूचना देर रात ही पुलिस को दी। दोनो को इलाज के चिकित्सालय भेजा गया है। मामले में पीड़ित द्वारा जेठवारा पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## भण्डारे मे शराबियों ने किया हंगामा

**लालगंज।** उदयपुर थानान्तर्गत राजापुर बाजार में चल रही श्रीराम कथा का बीते बुधवार को समापन हुआ। इसके बाद यहां भण्डारे का आयोजन किया गया। देर शाम तक चले भण्डारे के बाद यहां रात करीब साढ़े आठ बजे पहुंचे तीन शराबियों ने हंगामा खडा कर दिया। आरोप है कि तीनो आरोपी कथाव्यास से भी भिड़ गये थे। अयोध्या से पधारे कथाव्यास आचार्य कृष्णानंद शास्त्री गर्ग से उलझे देख आयोजन समिति के लोग वहां आ पहुंच और किसी तरह मामला शांत कराया। कथाव्यास के यह बताने पर कि आरोपीगण उनसे चढ़ावे का पैसा छीन रहे थे इस पर लोग आक्रोशित हो उठे और आरोपियो को पकड लिया। किसी तरह लोगों के चंगुल से दो आरोपी भाग निकलने मे कामयाब रहे। वहीं एक आरोपी को पकडकर पुलिस के हवाले कर दिया गया। मामले मे कथा आयोजन समिति के लोगों ने पुलिस को तहरीर दी। एसओ विजय सत्यार्थी का कहना है कि मामले मे दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है। बाजवूद इसके एहतियातन तीन आरोपियो का शांति भंग मे चालान किया गया है।

## चेकिंग अभियान में बड़े बकायेदारों के काटे केबल


बिजली के बड़े बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई करते विद्युत कर्मी

**पट्टी।** गुरुवार को पट्टी तहसील क्षेत्र के गांव पूरे दलपत शाह सहित रेडीगारापुर में बिजली के बड़े बकायेदारों का केबल सघन अभियान चलाकर विभागीय कर्मचारियों ने काट लिया। विभाग को बकाये का अदायगी कर देने पर बिजली चलाने का निर्देश जारी किया। इसी क्रम में 10 और बड़े बकायेदारों को नोटिस भी जारी किया है। बिजली विभाग से मनमानी करने वाले उपभोक्ता या चोरी करके बिजली का उपयोग करने वालो पर विभाग सख्त नजर आ रहा है। गुरुवार को चल रहे कनेक्शन काटने वाले कार्य के दौरान बातचीत करते हुए यह पता चला कि अनवरत यह कार्य चलता रहेगा। विभाग किसी भी उपभोक्ता की मनमानी सहन नहीं कर पाएगी। केबल काटकर बिजली से मुक्त कर देगी अन्यथा की स्थिति में उपभोक्ता एवं बकायेदार बिल अदा करके सेवा ले सकते हैं। इस दौरान उपभोक्ताओं में अफरा तफरी का माहौल रहा। केबल काटने वाली टीम में विनोद तिवारी, जटाशंकर तिवारी, रोहित सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# महिला स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप का शुभारंभ करेंगे सीएम

**मुलाकात**

**सीएम, डिप्टी सीएम से मिले आयोजन अध्यक्ष एवं सरंक्षक**

**टीम चयन के बाद एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डीएम डा. नितिन बंसल, एसपी सतपाल अंतिल, सीडीओ ईशा प्रिया से मिलकर आयोजन की रूपरेखा रखी**


मुख्यमंत्री से मिलते आयोजन संरक्षक सांसद संगम लाल गुप्ता एवं अध्यक्ष वरुण प्रताप सिंह

**प्रतापगढ़।** तीन दिवसीय 49वीं महिला स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप का शुभारंभ सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह भी शामिल होंगे।

जिला कबड्डी एसोसिएशन के तत्वावधान में स्पोर्ट स्टेडियम में 27 से 29 जनवरी को होने वाली 49वीं सीनियर महिला स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप का शुभारंभ सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे। आयोजन संरक्षक सांसद संगम लाल गुप्ता एवं आयोजन अध्यक्ष वरुण प्रताप सिंह ने सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, परिवहन मंत्री दयाशंकर से मिलकर आयोजन की रूपरेखा रखी। सचिव डा. धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि चैंपियनशिप का सीएम योगी आदित्यनाथ शुभारंभ करेंगे। वहीं जिले की टीम चयन के बाद बुधवार को एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डीएम डा. नितिन बंसल, एसपी सतपाल अंतिल, सीडीओ ईशा प्रिया से मिलकर आयोजन की रूपरेखा रखी। चेयरमैन कुंवर वीरेंद्र सिंह सचिव डा. धीरेंद्र प्रताप सिंह, शिक्षक नेता सुरेश चंद्र त्रिपाठी, कर्मराज सिंह मंजीत, रवि प्रकाश सिंह चन्दन, मो. आसिफ, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, राम कुमार सिंह मौजूद रहे।

## रायबरेली ने जीता उदघाटन मैच प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर ब्लाक के पिंजरी गांव में गुरूवार को अन्तर्जनपदीय क्रिकेट टूनार्मेण्ट का रोमांचक शुभारंभ हुआ। जिले समेत पडोसी जिले अमेठी, गौरीगंज तथा रायबरेली के सलोन आदि की टीमो के बीच खेले जा रहे मैच में रायबरेली टीम तथा जायस टीम के बीच उदघाटन मैच हुआ। उदघाटन मैच में विजेता का खिताब रायबरेली की टीम ने एकतरफा मुकाबले में अपने नाम कर लिया। रायबरेली की टीम ने बारह ओवर के मैच में एक सौ तीस रन बनाए। वहीं जायस की टीम सत्तर रनों पर ही ऑलआउट होकर मैच गंवा बैठी। मैच का शुभारंभ जिपंस के प्रतिनिधि अशोकधर द्विवेदी ने खिलाडियो का परिचय प्राप्त कर किया। उन्होनें कहा कि खेल के जरिए हमारी राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को मजबूती मिला करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू ने किया। टूनार्मेण्ट के संयोजक अजीत प्रताप सिंह ने स्वागत भाषण दिया। मैच को देखने के लिए बडी संख्या मे खेल मैदान पर युवाओं व ग्रामीणों को दर्शक दीर्घा मे उत्साहित देखा गया। इस मौके पर प्रधान मुन्ना सिंह, प्रधान लव सिंह, प्रधान अनवारूल, गोविंद मिश्र, सैफ खॉन, शेर मोहम्मद आदि रहे।

# परसनी क्रय केंद्र पर किसानों का हंगामा

**हंगामा**

**धान खरीद नही होने व टोकन न मिलने का आरोप**

**किसानों ने प्राईवेट आपरेटर पर घूस लेने का भी लगाया आरोप**


आरोप लगाते किसान

**पट्टी।** दो महीने से अधिक समय में धान की खरीद नही होने को लेकर परसनी क्रय केंद्र पर किसानों ने गुरुवार को हंगामा शुरू कर दिया। आरोप लगाया कि 2 से 3 महीने के बाद भी किसानों का धान क्रय केंद्र पर नहीं लिया जा रहा है। राइस मिलरो का धान खरीदा जा रहा है। क्रय केंद्र पर दर्जनों किसानों द्वारा हंगामा करते हुए या कहा गया कि एस माई द्वारा प्राइवेट ऑपरेटर रखकर किसानों से वसूली की जाती है। जो किसान प्राइवेट ऑपरेटर को पैसा देता है उसके धान की तौल होती है। बाकी लोगों को आज कल कहकर दूसरे दिन आने के लिए कहा जाता है। क्रय केंद्र पर 24000 कुंतल धान खरीद लक्ष्य के सापेक्ष अभीतक महज 17000 कुंतल धान की खरीद हुई है। क्षेत्र के बनी गांव निवासी हरिमोहन सिंह का आरोप है कि नवम्बर महीने से धान लेकर क्रय केंद्र पर आ रहे लेकिन धान नहीं लिया गया। अवधेश शुक्ला ने भी बताया कि एक दिसंबर से अभी तक मेरे धान की खरीद नहीं हुई है। क्षेत्र पंचायत सदस्य हीरा सिंह ने आरोप लगाया कि बेटी की शादी थी। क्रय केंद्र प्रभारी ने कई बार धान खरीदने के लिए सुबह 10 बजे से बुलाकर शाम 6 बजे तक केंद्र पर खड़ा रखा लेकिन धान नहीं लिया गया। आखिरी में बेलखरनाथ धाम में अपना धान बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा। फूलचंद वर्मा निवासी जैतापुर लगभग एक सप्ताह से क्रय केंद्र का चक्कर लगा रहा है। उनका आरोप है कि आई वेट ऑपरेटर धान में नमी बता कर पैसे की मांग करता है। पैसा नही देने पर धान की टोल के लिए प्रतिदिन क्रय केंद्र बुलाया जा रहा है। किसान जबर सिंह ने आरोप लगाया कि बोरी और रस्सी स्वयं से खरीद कर लानी पड़ती है। टोकन न मिलने से धान की खरीद नहीं हो पाई। क्षेत्र के सतीश सिंह का आरोप है कि क्रय केंद्र प्रभारी द्वारा महीनों से धान नहीं खरीदा गया है। बनी परसनी गांव के विनोद सिंह ने बताया कि क्रय केंद्र पर व्यापारियों का धान केंद्र प्रभारी द्वारा लेने की शिकायत जब की गई तो उन्होंने फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। गुरुवार को दर्जनों किसानों ने क्रय केंद्र पर हंगामा करते हुए धान खरीद किए जाने की मांग की है। क्रय केंद्र प्रभारी मनीषा सिंह ने बताया कि टोकन सभी को दिया गया है। जैसे-जैसे जिसका नंबर आ रहा है उसके धान की तौल की जा रही है और भुगतान भी समय से किया जा रहा है। किसानों द्वारा प्राइवेट ऑपरेटर के पैसे लेने की बात को सिरे से खारिज कर दिया।

# स्वेटर व टोपी पाकर खिले बच्चों के चेहरे

**पहल**

**जोगापुर कंपोजिट स्कूल के टीचर की अनूठी पहल**

**बीबीएफजी और रोटरी क्लब सेन्ट्रल का मिला सहयोग**

**बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी और रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल से इन सभी चीजों की कराई व्यवस्था**


स्वेटर व टोपी के साथ बच्चे

**प्रतापगढ़।** किन्हीं कारणों से जिन छात्र और छात्राओं के खाते में ड्रेस का पैसा नहीं जा पाया है। जाड़े के मौसम में स्कूल आने में उन्हें आ रही दिक्कतों का सामना न करना पड़े इसके लिए जोगापुर कंपोजिट स्कूल सदर के सहायक अध्यापक टीचर राजेश कुमार ने उनके लिए स्वेटर, मोजा और टोपी का इंतजाम कर एक अनूठी पहल की है। इसके लिए उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहे बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी और रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल से इन सभी चीजों की व्यवस्था कराई।

बेसिक के कुछ स्कूलों में किन्हीं कारणों से ड्रेस खरीदने की पूरी धनराशि नहीं पहुंच पाई है। इसकी वजह कहीं कहीं आधार और बैंक खाते में त्रुटि बताई जा रही है। हालांकि जिन बच्चों को पैसा मिला भी है। उनके अभिभावक खरीदने नहीं रहे हैं। इन्हीं सब समस्याओं को देखते हुए कंपोजिट स्कूल जोगापुर के टीचर राजेश कुमार ने छात्रों की मदद को सामाजिक सहभागिता की सोचा। उन्होंने बताया कि इसके लिए सामाजिक कार्य कर रही संस्थाओं के लोगों से संपर्क साधा। जिसमें बीबीएफजी की तरफ से स्वेटर और रोटरी क्लब की तरफ से टोपी और मोजा देने को राजी हो गया। जिसको गुरूवार को स्कूल के चिन्हित छात्र और छात्राओं को वितरित किया गया। आगे भी जरूरतमंदों को दिया जाएगा। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## घरेलू कलह के चलते वृद्धा ने कुएं मे लगाई छलांग, मौत

**लालगंज।** घरेलू कलह के चलते वृद्धा ने कुएं मे कूदकर जान दे दी। लालगंज कोतवाली के पूरे जोधा निवासी दुर्गा प्रसाद की पत्नी सूरसती (60) ने बुधवार की देर रात गांव के समीप एक कुएं मे छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौत हो गयी। गुरूवार की सुबह उसके बेटे खोजबीन करने लगे तो कुएं मे मां का उतराया शव देख आवाक रह गये। सूरसती के पति दुर्गा प्रसाद की कई वर्ष पूर्व ही मौत हो चुकी है। मृतका के बेटो किशन लाल तथा छोटई ने उसका शव कुएं से निकाला। सुबह करीब नौ बजे दोनों बेटे मां के शव को अंत्येष्टि के लिए घर से लेकर निकल गये। सूत्रों के मुताबिक सूरसती ने पारिवारिक कलह के चलते कुएं मे छलांग लगा दी। जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची किंतु तब तक मृतका का शव लेकर उसके बेटे घर से निकल चुके थे। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि घटना की जानकारी होने पर सिपाही मौके पर गये थे, घटना के बाबत तहरीर मिलेगी तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# वस्तुओं की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के लिए संवेदीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कार्यशाला**

**आईएसआई उत्पाद की पहचान के लिये बीआईएस केयर एप का करें प्रयोग : सीडीओ**


कार्यशाला में उपस्थित लोग

**प्रतापगढ़।** विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में भारतीय मानक ब्यूरो (बी0आई0एस0) की लखनऊ शाखा द्वारा वस्तुओं की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने कहा कि राष्ट्र सेवा एवं गुणवत्तापूर्ण सचेतन समाज की स्थापना में भारतीय मानक ब्यूरो की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा कि सरकारी खरीद में अफसर आई0एस0आई0 उत्पाद को प्राथमिकता दें। आई0एस0आई0 उत्पाद न होने की दशा में आईएसआई मानक के अनुसार ही खरीददारी की जाये। आईएसआई उत्पाद की सही पहचान के लिये बी0आई0एस0 केयर एप का प्रयोग करें। उन्होने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो उत्पादों पर आईएसआई मार्क, आभूषणों पर हालमार्क तथा इलेक्ट्रानिक मार्क आदि के माध्यम से उपभोक्ताओं को मानको के अनुरूप उत्तम गुणवत्ता वाले उत्पादों को पहुॅचाने में सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का सफल संयोजन भारतीय मानक ब्यूरो लखनऊ के उप निदेशक प्रो0 राजीव रंजन ने किया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन नोडल अधिकारी रीना कुमारी ने किया। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह, सुनील कुमार गुप्ता एवं रवि प्रताप सिंह विधिक माप विज्ञान अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते व्यापारी

## व्यापारियों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**पट्टी।** व्यापार मंडल के पदाधिकारी कस्बे के विवाह मंडप पर एकत्रित होकर शहीद दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें पट्टी कस्बे के शहीद दो व्यापारियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर 19 जनवरी 1988 में आंदोलन कर रहे व्यापारियों पर पुलिस द्वारा फायरिंग में दो व्यापारियों अशोक खंडेलवाल तथा शिव सिंह की मौत हो गई थी। इस घटना के पश्चात प्रतिवर्ष 19 जनवरी को व्यापार मंडल शहीद व्यापारियों की याद में शहीद दिवस मनाता है। सभी व्यापारी एकत्रित होकर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते है। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के अध्यक्ष रामजी उमरवैश्य, महामंत्री घनश्याम मौर्य, किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष बिंदु वर्मा, अधिवक्ता रणविजय सिंह, अजय जायसवाल, हरिकेश पांडे, पुनीत सिंह राहुल वर्मा, आजाद उमरवैश्य, निर्मल श्रीवास्तव, रामू जायसवाल, राजेश उमरवैश्य (उर्फ खन्ने) आलोक सोन, शिव प्रसाद सिंह, जिलेदार सिंह, नसीम अंसारी आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## तीन आरोपियो के खिलाफ मारपीट व तोड़फोड़ का मुकदमा

**लालगंज।** रंजिशन हुई मारपीट मे पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ गुरूवार को मारपीट तथा धमकी व तोडफोड का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे वृन्दा शुक्ल का पुरवा ढिगौसी निवासी तीर्थराज के पुत्र बृजेश कुमार शुक्ल ने दी गई तहरीर मे कहा है कि अठारह जनवरी को रंजिशन गांव के उमाकांत शुक्ल पुत्र रामकृपाल तथा आशीष पुत्र उमाकांत व नीलम पत्नी उमाकांत ने दरवाजे पर आकर लाठी डंडे से मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियो ने गाली देते हुए उसका टिन शेड तोड दिया। शोर मचने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने उमाकांत समेत तीन के खिलाफ मारपीट तथा धमकी आदि का केस दर्ज किया है।

# संस्कार ग्लोबल स्कूल में वार्षिक खेलकूद का रंगारंग आगाज

**आगाज**

**छात्र -छात्राओं ने दिखाया दमखम, अतिथियों ने ली मार्चपास्ट की सलामी**


मार्चपास्ट करतीं छात्र -छात्राएं



प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं

**प्रतापगढ़।** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में गुरुवार को वार्षिक खेलकूद साहस की हुंकार का आगाज हुआ। विभिन्न खेलों में बच्चों ने दमखम दिखाया।


इसके पूर्व अंजना पालीटेक्निक के प्रधानाचार्य रंजन सिंह एवं फौजदार सिंह, प्रिंसिपल समीना अख्तर ने फीता काटकर शुभारंभ हुआ। छात्र -छात्राओं ने मार्चपास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। बालिका प्रथम वर्ग 100 मीटर दौड़ में सदा बानो प्रथम,सौम्या मिश्रा द्वितीय, यशिका यादव तृतीय रही। द्वितीय वर्ग में आस्था सिंह प्रथम, साक्षी सिंह द्वितीय, आयुषी पांडेय तृतीय रही। तीसरी वर्ग में श्रेया मिश्रा प्रथम,प्रियांशी द्वितीय,आर्या तृतीय रही। खो- खो बालिका वर्ग में ग्रीन हाउस विजेता,रेड हाउस उप विजेता रहा। कबड्डी में ग्रीन हाउस विजेता,यलो हाउस उपविजेता रहा। भाला फेंक में आरुष प्रथम, जैनुल द्वितीय, अभिनव तृतीय रहे। कबड्डी में रेड और यलो हाउस विजेता रहा। वर्षा ओझा, नितिन सिंह, जफर खान,सुधा सिंह, विजया सिंह, प्रिया कुशवाहा, अर्जुन तिवारी निर्णायक रहे। संचालन राहुल श्रीवास्तव एवं अविनाश सिंह ने किया। उमा सिंह, संध्या शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार जताया।

## चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**प्रतापगढ़।** बाइक पर कार चढ़ाकर पिटाई के मामले में अस्पताल में युवक की मौत के बाद पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। देल्हूपुर थानाक्षेत्र के तवंकलपुर निवासी मो रकीब व उनके भतीजे की बाइक पर 14 दिसम्बर को जानलेवा हमला हुआ था। पुलिस ने 9 आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर एक आरोपित को जेल भेज दिया था। प्रयागराज में इलाज के दौरान सोमवार शाम रकीब की मौत हो गई तो पुलिस ने मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ा दी। इसके बाद पुलिस ने चार आरोपितों इमरान, सलमान, गुफरान निवासी तवंकलपुर व मुजीब निवासी खरवई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## जनसंपादकीय

# विनोबा भावे : बापू के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी



डॉ. सुधीर सक्सेना

वे समर्पण की नजीर थे। पूर्णतः एकनिष्ठ। किसी भी तरह के संशय से परे। अविचल और अड़िग। चरैवेति के मंत्र को उन्होंने जीवन में उतार लिया था। उन्होंने अपने पांवों से इस महादेश को ओरछोर नापा। भाषाएं उनके चेरी थीं। कंठ में सरस्वती। प्रसिद्धि की चाह नहीं। आवश्यकताएं कम से कमतर। गीता पर अपूर्व और अनूठा अधिकार। अनुवाद में अद्भुत गति। संगीत से अनुराग। अपने लिए नहीं, दूसरों के लिए दान की याचना। अहिंसाव्रती और 'जयजगत' के मंत्र-दाता...

यह थे विनोबा। संत विनोबा भावे। जन्मना विनायक नरहरि। आत्मा से सर्वोदयी। भूदान-यज्ञ के प्रणेता। राष्ट्र के शिक्षक। महात्मा गांधी के आध्यात्मिक या उत्तराधिकारी पुत्र। भारत छोड़ो आंदोलन के पहले सिपाही। श्रीमद्भगवतगीता के मर्मज्ञ और प्रवचनकार। साबरमती के संत के अनन्य अनुयायी। वह समस्त भारतीय भाषाओं के लिए उसी तरह एक लिपि के अनुयायी थे, जैसे तमाम योरोपीय भाषाओं के लिए एक रोमन लिपि। देवनागरी को वह समस्त भारतीय भाषाओं के लिए उपयुक्त मानते थे। उन्होंने आजीवन ब्रह्मचर्य का पालन किया। प्रेम की अमोघ शक्ति और सत्ता में उनकी गहरी आस्था थी। वह कहा करते थे-"मुझे प्रेम छोड़ कोई तकनीक नहीं पता, क्योंकि शक्ति में मेरा कोई विश्वास नहीं।" लोक ने उन्हें सस्सम्मान 'आचार्य' कहकर पुकारा। कृतज्ञ राष्ट्र ने सन् 1983 में उन्हें भारतरत्न से सम्मानित किया। इससे पच्चीस साल पहली ही उन्हें प्रतिष्ठित रमन मैग्सेसे अवार्ड से विभूषित किया जा चुका था।

महाराष्ट्र के कोंकण अंचल में 11 सितंबर, सन् 1895 को एक छोटे-से गांव गागोजी में उनका जन्म हुआ। नरहरि शंभुराव और रुक्मिणीदेवी की पांच संतानें थीं। चार बेटे विनायक, बालकृष्ण, शिवाजी एवं दत्तात्रेय तथा एक पुत्री। आधुनिक विचारों के पिता प्रशिक्षित बुनकर थे और बड़ौदा में रहते थे। विनायक का पालन-पोषण दादा शंभुराव भावे ने किया। वह महाराज सयाजीराव विश्वविद्यालय, बड़ौदा में पढ़े। वह अपनी मां रुक्मणी देवी से अत्यंत प्रभावित थे। कम उम्र में ही उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता पढ़ी तो उसका उन पर अनन्य और अमिट प्रभाव पड़ा। वह आजीवन इस अमृतग्रंथ के पठन-पाठन, उस पर प्रवचन, टीका और अनुवाद से जुड़े रहे। उनके बारे में उनके घनिष्ठ सहयोगी मनमाराम ने कहा-"मुझे इस बात में रत्तीभर शक नहीं कि जब उनके भूदान-यज्ञ के असीम तलाश कर सकना भी शोधकर्ताओं के लिए मुश्किल होगा। तब भी गीता पर उनकी विवेचना सदियों तक दमकती रहेगी। एक ऐसे महाग्रंथ के दमकते आभूषण के रूप में जो हाड़मांस में भारत भूमि पर रहता था।" कौन यकीन करेगा कि गीता पर उनकी टीका की भारतीय और योरोपीय भाषाओं में बीती सदी के अंत तक लगभग 25 लाख प्रतियां बिक चुकी थीं और नयी सदी में भी उसका बिकना जारी है। यह टीका कैदियों को दिए गये व्याख्यानों का परिणाम थी, जब वह सन् 1932 में फरवरी से जून के मध्य कारागार में थे। बंदियों में आस्था और ज्ञान के संचार के लिए उन्होंने लगातार 18 रविवार ये प्रवचन दिये थे। उन्होंने गीता को 'गीताई' शीर्षक से मराठी में अनुवाद किया। आरएम लाला लिखते है-"आश्रम में विनोबा से मिलना एक विनम्र अनुभव था। उस व्यक्ति का जो विशिष्ट व्यक्तित्व और जो मानववाद उभरकर सामने आता था। उसके अलावा उनके भाषणों, व्याख्यानों और अध्ययन के फलस्वरूप जन्म लेने वाली पुस्तकों को पढ़कर एक अद्भुत अनुभव होता था। उनके ज्ञान का विस्तार आश्चर्यजनक था, क्योंकि उन्होंने तमाम विश्व धर्मों के सार तत्व का अध्ययन किया था और उस पर अनेक पुस्तकें प्रकाशित कराई थीं। कुरआन पढ़ने के लिए उन्होंने अरबी सीखी। 'टॉक्स ऑन द गीता' संभवतः उनकी सबसे प्रसिद्ध रचना थी।

विनोबा भारतीय भाषाओं के लिए साझा लिपि के प्रबल पक्षधर थे। उनकी मान्यता थी कि साझा लिपि भारत के ऐक्य में सहायक होगी। उन्होंने एकबारगी कहा था-"मैं एक सनकी हूं और मैंने एक नयी सनक अपना ली है।" वह खुद को 'बाबा' कहते थे। दिलचस्प तौर पर बाबा ने स्कूल में अंग्रेजी और फ्रांसीसी सीखी थी, पर शीघ्र ही जर्मन, लैटिन और एस्पेरांतो भी सीख ली, क्योंकि उनकी लिपि एकसां थी।

बापू से विनोबा के रिश्तों को जाने बगैर विनोबा को नहीं जान सकते। उन्हें बापू के विचारों और पांवों ने राह पकड़ा था। बापू से उनका नाता एकबारगी जुड़ा तो फिर टूटा नहीं। इस रिश्ते की कहानी दिलचस्प है। महामना मदनमोहन मालवीय के नवस्थापित वाराणसी हिन्दू विश्वविद्यालय में महात्मा गांधी के भाषण ने उन्हें पहलेपहल गांधी की ओर आकृष्ट किया। सन् 1916 का वाकया है। विनोबा इंटर परीक्षा के वास्ते बंबई जा रहे थे। रेलयात्रा में ही उन्होंने अखबार में छपा बापू का आलेख पढ़ा। लेख ने उनके भीतर ऐसी अलख जगायी कि उन्होंने स्कूल-कॉलेज के अपने सर्टिफिकेट आग में झोंक दिये। उन्होंने तत्काल बापू को एक खत लिखा। इस खत से दोनों के दरम्यां पत्राचार का सिलसिला चल निकला। बापू ने अपने से छब्बीस वर्ष छोटे विनोबा के मन की थाह पायी तो उन्हें पत्र लिखकर मुलाकात के लिए अहमदाबाद स्थित कोचरब आश्रम में आमंत्रित किया। 7 जून, 1916 को दोनों की भेंट हुई। नतीजतन विनोबा ने आगे पढ़ने का इरादा त्याग दिया और आश्रम की गतिविधियों से मन, वचन और कर्म से जुड़ गये। अध्ययन, अध्यापन, साफ-सफाई, कताई, खादी का प्रचार-प्रसार, ग्रामोद्योग, नयी तालीम ही अब उनका ध्येय था। 8 अप्रैल सन् 1921 को वह बापू की इच्छा के अनुरूप आश्रम की स्थापना के लिए वर्धा गये। सन् 1923 में उन्होंने मराठी मासिक 'महाराष्ट्र धर्म' निकाला। बाद में यह पत्र साप्ताहिक हुआ और तीन साल चला। सन् 1925 में बापू ने उन्हें केरल में मंदिर में हरिजनों के प्रवेश की निगरानी के लिए वायकोम भेजा। सन् 20 और सन् 30 के दरम्यान विनोबा कई दफा जेल गये। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ अहिंसक आंदोलन के नेतृत्व के लिए सन् 40 के दशक में उन्हें पांच साल के कारावास की सजा हुई।

कारावास विनोबा के लिए वरदान सरीखा हुआ करता था। सींखचों के पीछे रहकर उन्होंने खूब पढ़ा-लिखा। वहीं उन्होंने ईशावास्य-वृत्ति लिखा और स्थितिप्रज्ञ दर्शन भी। वहीं उन्होंने दक्षिण भारत की चारों भाषाएं सीखीं। वेल्लोर जेल में उन्होंने लोकनागरी लिपि का अविष्कार किया। वह सुर्खियों में तब आए जब महात्मा गांधी ने अपने अहिंसक आंदोलन के लिए 'पहला सिपाही' के तौर पर उन्हें चुना। उनके भाई बालकृष्ण भी गांधीवादी थे। बापू ने उन्हें और मणिभाई देसाई को उरली कांचन में उपचार आश्रम के लिए प्रेरित किया। विनोबा ने कुछ समय बापू के साबरमती आश्रम में भी बिताया। जिस कुटिया में वह रहते थे, उसे विनोबा कुटीर के तौर पर सहेजा गया। आजादी के बाद भी वह गांधी पथ से जुड़े रहे और विश्व को ओमतत्सत तथा जयजगत का मंत्र दिया।

बीती सदी के छठवें दशक में वह फिर सुर्खियों में आए। उनके भूदान-यज्ञ की कहानी सन् 1951 में आंध्र में पोलमपल्ली से शुरू हुई। जब जमींदार रामचंद्र रेड्डी ने विनोबा के आग्रह पर सौ एकड़ जमीन दान की। चौदह बरसों तक वह रोजाना बारह से पंद्रह मील पैदल चलते रहे। लोग उनकी एक झलक के लिए दूर-दूर से पैदल, रेलगाड़ियों और बसों-मोटरों में आते। सन् 1951 से 1970 के दरम्यान लगभग 10 लाख दानवीरों ने भूदान के तहत 42 लाख एकड़ भूमि का दान किया। वह नियमित दो बार सामूहिक प्रार्थना और ध्यान में भाग लेते थे। उन्हें मौन प्रिय था और वह आंतरिक वाणी को वरीयता देते थे। बीथोवेन की भांति वह भी बाद में बधिर हो गये थे। इमर्जेंसी को अनुशासन-पर्व की उनकी संज्ञा चर्चित रही। नवंबर, सन् 1982 के प्रारंभिक दिनों में उन्होंने अन्नजल त्याग दिया। आठ दिनों के संथारा के उपरांत 15 नवंबर, सन् 1982 को राम-हरि, राम-हरि रटने के बाद उन्होंने अपने सृष्टा से एकाकार होने के लिए प्रयाण किया।

**(लेखक कवि एवं संपादक हैं)**

# अभी मोहन भागवत ने जो कहा है

## समय- संदर्भ



रविभूषण

बहत्तर वर्षीय डॉ. मोहन राव मधुकर राव भागवत (11.9.1950) 2009 से छठे सरसंघ चालक हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना 27 सितम्बर 1925 (विजयादशमी का दिन) को डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार (1.4.1889-21.6.1940) ने कुछ लोगों के साथ मिलकर की थी। वे एमबीबीएस थे। डॉ. मोहन भागवत चिकित्सक हैं। डॉ. हेडगेवार पन्द्रह वर्ष तक (1925-1940) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम सर संघ चालक थे। सरसंघ चालकों में सुदीर्घ कार्यकाल माधव राव सदा शिवराव गोलवलकर (19.2.1906-5.6.1973) का रहा है, जिन्हें सब 'गुरुजी' कहकर सम्बोधित करते थे। वे लगभग तैंतीस वर्ष तक (1940-73) सरसंघ चालक रहे। उनके समय में ही महात्मा गाँधी की हत्या हुई थी। उनके बाद बीस वर्ष (1973-1993) तक बाला साहेब देवरस सरसंघ चालक थे, जिनका वास्तविक नाम मधुकर दत्तात्रेय देवरस (11.12.1915-17.6.1996) था। चौथे सरसंघ चालक रज्जू भैया प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह (29.1.1922-14.7.2003) थे, जिनका कार्यकाल केवल नौ वर्ष रहा - 1993 से 2000 तक। मोहन भागवत के पहले पाँचवें सरसंघ चालक कृपाहल्ली सितारमैया सुदर्शन (18.6.1931-15.9.2012) भी नौ वर्ष तक (2000-2009) सरसंघ चालक रहे हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के लगभग सौ वर्ष के इतिहास में अब तक केवल छह सरसंघ चालक हुए हैं, जबकि स्वाधीन भारत के 75 वर्ष में पन्द्रह राष्ट्रपति और चौदह प्रधान मंत्री हो चुके हैं। द्रौपदी मुर्मू पन्द्रहवीं राष्ट्रपति हैं और नरेन्द्र मोदी चौदहवें प्रधानमंत्री। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का चुनाव होता है, पर सरसंघ चालक निर्वाचित नहीं होते। सरसंघ चालक बनने या बनाये जाने की कोई लोकतांत्रिक प्रक्रिया नहीं है। अपवाद को छोड़कर प्रायः सभी सरसंघ चालक ब्राह्मण रहे हैं, जबकि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ ऐसी बात नहीं रही है।

अभी सरसंघ चालक मोहन भागवत ने 'पाञ्चजन्य' के सम्पादक हितेश शंकर और 'आर्गनाइजर' के सम्पादक प्रफुल्ल केतकर को दिये अपने इण्टरव्यू में जो कई बाते कही हैं, उनमें से एक आरएसएस की स्थापना की शताब्दी से भी संबंधित है। इन पंक्तियों का लेखक पिछले चार-पाँच वर्ष से यह लिखता-कहता रहा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के अगले वर्ष आरएसएस की शताब्दी है और उस समय तक देश में हम कई परिवर्तन देखेंगे। अब आरएसएस की शतवार्षिकी की बात खुल कर कही जा रही है। मोहन भागवत ने कहा - '100 वर्ष पूरे होने तक शाखाओं, स्वयं सेवकों, उनके डिप्लॉयमेंट का आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर हम पूरा कर लें। कहाँ, कैसे कैसे काम करना पड़ेगा, उसके अनुसार और स्वयं सेवक देने की क्षमता अर्जित कर लें और 100 वर्ष पूरे होने के बाद उस बुनियाद पर भवन खड़ा करने के काम में स्वयंसेवक लग जाएँ... शताब्दी तक जो करना है, वह पूरा करने पर आगे की नींव बनेगी। शताब्दी तक अपने कार्य को सर्वव्यापी करना और समाज में सर्वत्र सम्पर्क रखना ताकि समाज सज्जनों का अनुकरण करे...। अपने कर्तव्यों को समझकर जो सज्जन शक्ति है, उसके साथ चलें। सज्जन शक्ति अपना काम करते हुए, परस्पर पूरक बन कर देश के हित की दिशा में चले। यह करने के लिए संघ का स्तर, जितना बल चाहिए, जितना व्याप चाहिए, व्यक्ति चाहिए, वह तैयार करने का काम 2025 तक हमको करना है। वह जितना होता है, उसके आधार पर हम उसी दिशा में आगे चलेंगे।' (पाञ्चजन्य, 15 जनवरी, 2023) इसके पहले इतने विस्तार से मोहन भागवत ने संघ की शताब्दी को लेकर इतनी बातें नहीं कही हैं। इस कथन में कई संकेत भी हैं। 2025 संघ का ही नहीं, भारत का भी सामान्य वर्ष नहीं होगा। अभी 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर जितना कुछ कहा-लिखा जा रहा है, उसका शतांश भी 2025 पर ध्यान नहीं है। 2024 का लोकसभा चुनाव इस अर्थ में अन्य चुनावों से भिन्न और विशिष्ट होगा क्योंकि अगला वर्ष 2025 आरएसएस का सौवाँ साल है। मोहन भागवत ने सौ वर्ष की संघ-यात्रा को लेकर, अपने जो विचार प्रकट किये हैं, उन्हें देखा और समझा जाना चाहिए। उन्होंने कई बार 'सज्जन' और 'सज्जन-शक्ति' की बात कही है। अर्थ स्पष्ट है कि आरएसएस एक सज्जन-संगठन है और उसके स्वयं सेवक सज्जन हैं। क्या जो आरएसएस में नहीं है, जो इस संगठन का आलोचक है, वह दुर्जन है? यह प्रच्छन्न अर्थ है। सरसंघ चालक के कथन में स्पष्टता के साथ प्रच्छन्नता भी है। उन्होंने 'सज्जनशक्ति' की बात कही है। वे कहीं किसी को भी दुर्जन नहीं कहते, पर बार-बार संघ पर बात करते समय 'सज्जन शक्ति' के उल्लेख का क्या अभिप्राय है? भाषा में अभिप्राय सदैव व्यक्त और स्पष्ट नहीं होते। 'सज्जन शक्ति' देश हित' आदि का संदेश व्यापक है। संघ में असहमति का सम्मान नहीं है। मोहन भागवत से ही नहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी कोई असहमति प्रकट नहीं कर सकता। आवश्यक नहीं है कि संघ, सर संघ चालक और प्रधानमंत्री के विचारों से भी सबकी सहमति हो। आरएसएस का विचार-दर्शन 'हिन्दुत्व' का है। 'हिन्दुत्व' ही आरएसएस की पहचान और शक्ति भी है।

मोहन भागवत ने अपने इस इंटरव्यू में सबसे बड़ी चुनौती 'अपनी दिशा' और 'स्वत्व' को कायम रखना माना है। उन्नीसवीं शताब्दी में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (9.9.1850-6.1.1885) ने जिस 'स्वत्व' ('स्वत्व निज भारत गहै') की बात कही थी, क्या इक्कीसवीं शताब्दी में मोहन भागवत 'स्वत्व' को उसी रूप में देख-समझ रहे हैं? आरएसएस का भारत भारतेन्दु के भारत से ही नहीं, हम सबके भारत से भिन्न है। मोहन भागवत ने 'हिन्दू हित, देश-हित, राष्ट्र-हित' को 'समानांतर और समानार्थी' कहा है। यह संघ की विचारधारा है। हेडगेवार ने 'हिन्दुइज्म' को 'राष्ट्रवाद' (नैशनलिज्म) कहा था और गोलवलकर ने आरएसएस की विचारधारा 'सोशियोलिज्म' नहीं, 'हिन्दुइज्म' माना था। अटल बिहारी वाजपेयी (25.12.1924-16.8.2018) की एक उदार छवि निर्मित की गयी है। वे आरएसएस के साप्ताहिक हिन्दु मुखपत्र 'पाञ्चजन्य' के पहले सम्पादक थे और उन्होंने अपनी एक आरंभिक कविता में अपने को 'हिन्दू' कहा था - "हिन्दू तन'-मन, हिन्दू जीवन, रग-रग हिन्दू मेरा परिचय।" मोहन भागवत के अनुसार "हिन्दू हमारी पहचान है, राष्ट्रीयता है, हिन्दू हमारी प्रवृत्ति है।' 'हिन्दू 'मन राइट्स' और 'हिन्दू फोबिया' के संबंध में उन्होंने 'एक और अलग धड़ा बनाने का विचार' की बात नहीं कही है। उन्होंने कई बार हिन्दुओं और हिन्दू समाज के जागने की बात कही है। वे संघ की कार्य-पद्धति में 'परिवर्तन' नहीं, 'विकसन' देखते हैं। कार्य पद्धति वही है, जो पहले थी।

क्या सचमुच "हिन्दू समाज लगभग हजार वर्ष से एक युद्ध में है'? मोहन भागवत ऐसा ही मानते हैं। वे 'विदेशी लोग, विदेशी प्रभाव और विदेशी षड्यन्त्र' से हिन्दू समाज की लड़ाई देखते हैं। लड़ने के लिए 'दृढ़' होना आवश्यक समझते हैं। उनके अनुसार "जागृति की परम्परा, जिस दिन पहला आक्रमणकारी सिकन्दर भारत आया था, तब से चालू हैं।" ईसापूर्व 325 में सिकन्दर का भारत विजय अभियान आरंभ हुआ था। उत्तर पश्चिम भारतीय उपमहाद्वीप में ईसापूर्व 325 से 327 तक यह जारी रहा। पोरस से उसकी लड़ाई की कथा सर्वज्ञात है। इक्कीसवीं सदी में, इस समय समय भारत पर कौन आक्रमण कर रहा है? भागवत ने अपने इण्टरव्यू में 'अंदर से लड़ाई', की बात कही है- "चाणक्य के बाद से अब तक की परम्परा में विभिन्न लोगों ने एक और लड़ाई के प्रति हिन्दू समाज को आगाह किया है। अभी वह जागृत नहीं हुआ है। वह लड़ाई बाहर से नहीं, अन्दर से है। तो हिन्दू धर्म, हिन्दू संस्कृति, हिन्दू समाज की सुरक्षा का प्रश्न है, उसकी लड़ाई चल रही है।" वे 'विदेशी प्रभाव' और 'विदेश से होने वाले षड्यन्त्र' का उल्लेख करते हैं और इस लड़ाई में, जो भीतर से है उन्होंने उनमें 'कट्टरता' आने की भी बात कही है। 'जय श्री राम' के नारे से जोश आने की बात उन्होंने कही है, पर इस पर ध्यान नहीं दिया है कि जोश आने से होश खत्म हो जाता है। उन्होंने 'हिन्दू समाज में पूरी जागृति' लाने की बात कही है। क्या आज हिन्दू समाज पूर्णतः एक है? इन पंक्तियों का लेखक धर्म की दृष्टि से हिन्दू है, पर वह आरएसएस की हिन्दू-परिभाषा और उसके 'हिन्दुत्व' दर्शन का विरोधी भी है। इसी प्रकार इस स्तंभ के अनेक 'हिन्दू पाठक' भी होंगे। मनुष्य सबसे पहले मनुष्य है। उसे धार्मिक आधार पर विभाजित करना मनुष्यता के विरुद्ध है। भारत का 'हिन्दू समाज' किससे युद्धरत है? भागवत इण्टरव्यू में 'कट्टर ईसाई', 'कट्टर इस्लाम' और 'कम्युनिज्म' की बात करते हैं। सबसे पहले गोलवकर ने भारत के 'तीन आन्तरिक शत्रुओं' (मुसलमान, ईसाई और कम्युनिस्ट) की बात कही थी। भागवत इसे साफ शब्दों में नहीं कहते। वे इन सबसे हिन्दुओं का अंतर स्पष्ट करते हैं और लड़ाई आवश्यक मानते हैं - 'लड़ाई है, तो शत्रु का विचार करना पड़ता है। शत्रु को समझना पड़ता है। शत्रु को ध्यान में रखना पड़ता है। जैसे हम क्या हैं, हमको क्या करना है?' उन्होंने शिवाजी (19.2.1630-3.4.1680) और इटली के राजनीतिक और सैनिक नेता गैरीबाल्डी (4.7.1807-2.6.1882) को उद्धृत किया है। शिवाजी केवल शत्रु के बारे में ही नहीं, अपने बारे में भी यह जानते थे कि 'कब लड़ना है और कब नहीं लड़ना।' वे जानते थे कि 'शक्ति की स्थिति से जब बात करते हैं, तो अच्छी बातें स्वीकार होती हैं।' गैरीबाल्डी ने लड़ाई के बार आगे का काम स्वयं न करने और दूसरों को बताने को कहा था। संघ का काम स्वयंसेवक करते हैं और जब स्वयं सेवक उच्च पदों पर हों, सत्ता के शीर्ष पर हो तो सारे कार्य बड़ी सुगमा से सम्पन्न किये जा सकते हैं। आरएसएस ने कभी अपनी दिशा नहीं बदली। दिशाभ्रम दूसरों को हुआ। 'दिशा वही है, हिन्दुस्थान हिन्दू राष्ट्र है और परम वैभव सम्पन्न, सामर्थ्य सम्पन्न, हिन्दू समाज, परम वैभव सम्पन्न। हिन्दू राष्ट्र भारत दुनिया का मार्ग दर्शन करेगा। लड़ाई करनी है तो लड़ाई करेंगे, वह हमारी मर्जी है... हम लड़ाई अपनी योजना से करेंगे - यह हिन्दू समाज को सोचना है।'

आज हिन्दू समाज विभाजित है। जो 'हिन्दुत्व' की विचारधारा और आरएसएस के साथ नहीं हैं, वे एकजुट नहीं है। बार-बार हिन्दू समाज की बात करना धार्मिकता (धर्मान्धता!) को बढ़ावा देना है। मोहन भागवत का भारत वास्तविक भारत नहीं है। वह गांधी और नेहरू के, सुभाष और पटेल के, टैगोर और भारती (तमिल कवि) के भारत से भिन्न है। वह इन पंक्तियों के लेखक के भारत और इस स्तंभ के पाठकों के भारत से भी भिन्न है। यह एक निर्मित भारत है। वास्तविक भारत और निर्मित भारत में फर्क है। राम माधव ने 'इंडियन एक्सप्रेस' (14 जनवरी 2023) के अपने लेख 'भागवत'स भारत' (भागवत का भारत) में मोहन भागवत के इण्टरव्यू को 'बहुत आगे देखने वाला' कहा है। भागवत ने अपने इण्टरव्यू में एलजीबीटी (लेज्वीयन, गे, उभय लिंगी या परलैंगिक (ट्रांसजेंडर) परिवार, संघ की गट पद्धति, संघ में में महिलाओं की बढ़ती भूमिका, कुटुंब प्रबोधन गतिविधि, राष्ट्रीय सेविका समिति, योगाभ्यासी मंडल, परिवार प्रबोधन गतिविधि, बायोटेक्नोलाजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इन्फार्मेशन टेक्नोलाजी, कम्प्यूटर, विकेन्द्रित उत्पादन, हिन्दू भाव, उपभोक्तावाद, व्यक्तिवाद आदि पर बातें की है, पर इसके साथ उन्होंने जिस भीतरी लड़ाई की बात कही है, उसे नजरअन्दाज नहीं किया जा सकता। 'राष्ट्रनीति' के संबंध में उन्होंने संघ की आरंभ से ही मुखरता' की बात कही है - 'डंके की चोट पर करते हैं। उसको हमने कभी छिपाया नहीं है। वह आज भी है।' उन्होंने 'चालू राजनीति' से संबंध न होने और 'राष्ट्रनीति' से निश्चित तौर पर संबंध को स्वीकारा है- 'आज हमारी शक्ति है तो सभी राष्ट्रहित में हो, इसके लिए इस शक्ति का जितना उपयोग हो सकता है, हम जरूर करेंगे।' आरएसएस का 'राष्ट्रहित' 'हिन्दू हित' है। राम माधव ने अपने लेख में अमेरिकी लेखक वाल्टर ऐंडरसन को उद्धृत किया है कि आरएसएस को समझना कठिन है और उसे गलत समझना आसान है। मोहन भागवत ने संघ की स्थापना की शताब्दी के संबंध में कहा है - 'संघ के कार्य का एक-एक चरण आगे बढ़ेगा।' संघ का आगे बढ़ना उनके लिए 'स्वाभाविक बात' है, 'भले ही दुनिया को विशेष लगता हो।' वे बाला साहब देवरस, रज्जू भैया और सुदर्शन का नाम विशेष रूप से लेते हैं, पर गोलवलकर का नहीं, जबकि गुरुजी 'हिन्दुत्व' की विचारधारा के प्रमुख प्रवर्तकों में थे। गोलवलकर के कार्यकाल में ही आरएसएस अधिक फैला। राष्ट्र सेविका समिति, अभाविप, भारतीय मजदूर संघ, भारतीय जनसंघ का जन्म और गठन उनके समय में ही हुआ है। राम माधव ने मोहन भागवत के जिस भारत की बात कही है, वह सबका भारत नहीं है। उन्होंने यूनेस्को के संविधान के आरंभिक अंश को याद किया है कि युद्ध का आरंभ मानव-मस्तिष्क में होता है। वे जनसंख्या में असंतुलन की बात करते हैं, पर शिक्षा और स्वास्थ्य की बात नहीं करते। उन्होंने इंडोनेशिया के पूर्वी तीमोर और सुडान एवं सर्बिया में संघर्ष की ओर ध्यान दिलाया है। यह आँकड़ा दिया है कि हिन्दू स्त्रियों का टीफीआर (टोटल फर्टेलिटी रेट, जनसंख्या प्रजनन दर) 1.94, ईसाइयों का 1.88, सिखों का 1.61 और मुसलमानों का 2.3 प्रतिशत है। प्रजनन का शिक्षा से भी संबंध है। राम माधव का लेख मोहन भागवत के पक्ष और समर्थन में लिखा गया है। उन्होंने शब्दों को परिभाषित करने में यीशु का उल्लेख किया है, जिन्होंने पोंटियस पाइलेट (ईसापूर्व 26 से 36 तक रोमन अधिकारी) से किसी भी बहस में जाने से पहले शब्द को परिभाषित करने को कहा था। उनके अनुसार शब्द विभिन्न लोगों के अपने पूर्वग्रह और धारणा के अनुसार अलग तरह का अर्थ देते हैं। राम माधव मोहन भागवत को समझने के लिए पूर्वग्रह के प्रिज्म को हटाना आवश्यक समझते हैं। एक हजार वर्ष से हिन्दू समाज लगातार युद्ध में है, क्या इसे हम हम सच समझ लें?

**( लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**

# राहुल गांधी की पंजाब यात्रा : कुछ प्रभाव

## प्रसंगवश



अमरीक सिंह

राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा का पंजाब सफर खत्म हो गया है। यकीनन यह यात्रा पंजाब में काफी प्रभावशाली रही। कांग्रेस का दावा है कि भारत जोड़ो यात्रा गैर सियासी है। लेकिन कम से कम पंजाब में तो इसके इर्द-गिर्द सियासत नजर आई। विधानसभा चुनाव में हार के बाद पार्टी बैकफुट पर थी और कुछ दिग्गज नेता पार्टी को अलविदा कह कर भाजपा के साथ चले गए थे। इनमें चुनाव से ऐन पहले अलहदा होने वालों में पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और उनके कुछ वरिष्ठ कांग्रेसी साथी भी थे। प्रदेशाध्यक्ष रहे सुनील कुमार जाखड़ भी कांग्रेस में हिंदुओं की उपेक्षा और सीखो को तरजीह देने के आरोप लगाकर भाजपा में चले गए। चुनाव के बाद की उथल-पुथल ने राज्य इकाई को लुंज-पुंज कर दिया था। करारी हार के बाद भी पंजाब कांग्रेस खेमेबाजी का शिकार रही। एक खेमा नए प्रदेशाध्यक्ष बने विधायक अमरिंदर सिंह राजा वडिंग है। दूसरा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा का और तीसरा जेल जाने को मजबूर हुए नवजोत सिंह सिद्धू का। जेल जाने के बावजूद सिद्ध के खेमेबाज साथी सक्रिय रहे। 26 जनवरी को नवजोत रिहा हो रहे हैं और फिर से राजनीति में सक्रिय हो जाएंगे। भारत जोड़ो यात्रा में शिरकत करने वाली उनकी पूर्व विधायक पत्नी डॉक्टर नवजोत कौर सिद्धू ने भी बाकायदा ऐसे संकेत दिए हैं। वह राहुल गांधी के साथ-साथ लगभग बीस किलोमीटर पैदल चलीं और उनसे बातचीत भी की।

बताया जाता है कि राहुल गांधी ने वडिंग, बाजवा और डॉ सिद्धू से साफ कहा कि अब धडेबाजी छोड़कर, एकजुटता के साथ काम करें। थोड़े अरसे के बाद सूबे में निकाय चुनाव होने हैं। जालंधर लोकसभा सीट पर भी उपचुनाव यथाशीघ्र होगा। यहां से चौधरी संतोख सिंह सांसद थे और भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उनका आकस्मिक निधन हो गया था। कांग्रेस की यह परंपरागत जीत वाली सीट है। राहुल गांधी और भारत जोड़ो यात्रा को खासतौर पर जालंधर में चौधरी संतोख सिंह के दिवंगत हो जाने के बावजूद बहुत अच्छा रिस्पांस मिला। पार्टी आलाकमान चाहता है कि इसका दूरगामी फायदा लिया जाए। यह तभी संभव है जब पार्टी एकजुट हो। पंजाब में अपनी आखरी पत्रकार वार्ता में भी राहुल गांधी ने संकेत दिए कि पंजाब में गुटबाजी का दौर खत्म हो गया है। भारत जोड़ो यात्रा और इसकी अगुवाई करने वाले राहुल गांधी यहां कई प्रभाव छोड़ गए हैं और कुछ सवाल भी।

अब सर्वमान्य तथ्य है कि उन्होंने सिखों के एक प्रभावशाली एवं बड़े तबके का दिल जीता। मुख्य प्रतिद्वंदी शिरोमणि अकाली दल और आम आदमी पार्टी (आप) की कवायद थी कि भारत जोड़ो यात्रा पंजाब में असफल रहे। खासतौर से सिख समुदाय इकट्ठा होकर राहुल गांधी का विरोध करे। ऑपरेशन ब्लू स्टार, 84 का सिख नरसंहार और बंदी सिखों की रिहाई के मुद्दे पर राहुल को घेरा जाए। जगह-जगह उन्हें काले झंडे दिखाए जाएं और गांधी परिवार के विरोध में खुल कर नारेबाजी की जाए। यात्रा की पूर्व संध्या पर राहुल गांधी ने एक बड़ा दांव खेलते हुए विपक्ष की इस रणनीति को पूरी तरह नाकामयाब कर दिया। आम श्रद्धालु की तरह, बगैर सुरक्षा तामझाम के और बाकायदा पगड़ी बांधकर वह बिना पूर्व सूचना अमृतसर स्थित श्री स्वर्ण मंदिर साहिब गए और मत्था टेक का। सिखों पर इसका बहुत अच्छा प्रभाव गया। बादलों की जेबी संस्था शिरोमणि अकाली दल (एसजीपीसी) की इस बात के लिए दुनिया भर के सिखों के एक तबके में खूब आलोचना हो रही है कि उसने विशिष्ट अतिथि होने के बावजूद राहुल गांधी को सम्मानित नहीं किया। जबकि परंपरा रही है कि कोई भी विशिष्ट व्यक्ति जब श्री हरमंदिर साहिब जाता है तो उसे सिरोपा वगैरह देकर औपचारिक तौर पर सम्मानित किया जाता है। राहुल गांधी की सरासर अनदेखी की गई और उन्हें उस द्वार में से भी भीतर नहीं जाने दिया गया, जहां से वशिष्ठ लोग जाते हैं। सोशल मीडिया पर सिखों की ओर से लाखों की तादाद में पूछा गया कि क्या गुरु घर में किसी के साथ ऐसा बर्ताव जायज है? पंजाब में जो कुछ इंदिरा गांधी के दौर में हुआ उसके लिए राहुल गांधी कतई जिम्मेदार नहीं है और न कुख्यात दिल्ली दंगों के गुनाहगार हैं। फिर ऐसा सुलूक क्यों? बादल दंपति (सुखबीर और हरसिमरत कौर) का बयान था कि राहुल गांधी को वहां जाने ही नहीं दिया जाना चाहिए था। बहुतेरे सिख पूछ रहे हैं कि क्या यह पंथक मयार्दा के अनुकूल है कि किसी को वहां जाने से रोका जाए? सिख गुरुओं का संदेश तो यह है कि वहां आने वाले दुश्मन को भी गले से लगाया जाए और फिर राहुल गांधी ने तो भूल से भी ऐसा कोई बयान तक नहीं दिया जो सिख भावनाओं को आहत करता हो।

अमृतसर यात्रा के ठीक अगले दिन वह फिर से पगड़ी बांधकर श्री फतेहगढ़ साहिब गुरुद्वारा गए और आम श्रद्धालु की तरह नतमस्तक हुए। फतेहगढ़ से लुधियाना तक उन्होंने सिखों की खास पहचान पगड़ी पहने रखी। पूरा वक्त। पंजाब आकर दिए अपने वक्तव्यों तथा होशियारपुर में पत्रकार वार्ता में उन्होंने दो टूक कहा कि भारत, भारत नहीं होता--अगर सिख समुदाय न होता। इससे पहले सार्वजनिक भाषण में उन्होंने सिख गुरुओं का नाम लेकर श्रद्धा के फूल भेंट किए। उन्होंने साफ कहा कि प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी 84 के दुखद घटना क्रम के लिए बाकायदा माफी मांग चुके हैं और मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं। सिखों को उन्होंने मार्शल कौम बताया और कहा कि इस समुदाय से उन्हें गहरा लगाव एवं प्यार है। राहुल गांधी की ऐसी बातों ने सिख समुदाय के एक तबके का दिल निश्चित तौर पर जीत लिया। यहां तक कि अमृतधारी सिखों और निहगों से वह अपना सुरक्षा चक्र तोड़कर गले लगकर मिले। पंजाबी हिंदुओं ने भी उन्हें अथाह प्यार दिया। राज्य में भारत जोड़ो यात्रा और राहुल गांधी पूरी तरह कामयाब रहे, इसमें शक नहीं।

अब कुछ सवाल। राहुल गांधी अमृतसर के स्वर्ण मंदिर साहिब में तो गए लेकिन आजादी के लिए शहादत की अमर निशानी जलियांवाला बाग नहीं गए। जबकि जलियांवाला बाग श्री स्वर्ण मंदिर साहिब से थोड़ी ही दूर है। वहां तक पैदल भी जाते तो बमुश्किल दस मिनट लगने थे। दिल्ली के किसान मोर्चे की बात उन्हें पहले ही करनी चाहिए थी और 700 मृतक/शहीद किसानों में से कुछ के घर भी जाना चाहिए था। पंजाब की मालवा पट्टी में किसान सबसे ज्यादा बदहाल और इस कदर कर्जदार हैं कि खुदकुशी वहां हर सुबह नई खबर लेकर नाम उदार होती है बल्कि खुदकुशियों का सूरज तो वहां डूबता ही नहीं! उस मालवा पट्टी को भारत जोड़ो यात्रा के नक्शे में नहीं रखा गया। वहां नशे की मार और कैंसर की महामारी के चलते आए दिन कई घरों में चूल्हे नहीं जलते। वैसे भी मालवा को अब 'किसानों की मौत का घर' और 'कैंसर पट्टी' कहा जाता है। मालवा के ऐसे इलाके उस खित्ते दोआबा से दूर नहीं हैं। आत्महत्या तथा नशे का ग्रहण पूरे पंजाब को लगा हुआ है। राहुल गांधी को इसके चलते स्थायी रूप से बेरोशन हो रहे घरों में जरूर जाना चाहिए था। सरकार तो जाती नहीं! भारत जोड़ो यात्रा के मकसद से यह उम्मीद पीड़ितों को जरूर थी लेकिन राहुल गांधी ने इस और गौर नहीं किया। मालवा के नव शहर में ही वह जेल है जहां जवाहरलाल नेहरू को अंग्रेज हुक्मरानों ने एक दिन के लिए तब कैद रखा था, जब वह स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लगे ऐतिहासिक 'जैतो मोर्चे' में शिरकत के लिए पंजाब आए थे। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, राहुल गांधी परिवार की सिरमौर हस्ती थे और उनकी दादी श्रीमती गांधी के पिता थे। इतिहास में नाभा की वह जेल और जैतो का मोर्चा अहम मुकाम रखते हैं। इन जगहों को भी राहुल गांधी का इतर वजू से इंतजार था। भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत में कहा गया था कि यह राजनीति से परे देश को समझने और उससे संवाद करने की यात्रा है। लेकिन राहुल गांधी ने पंजाब यात्रा के अंतिम दिन भगवंत मान सरकार और आम आदमी पार्टी पर तलक टप्पणियां कीं। क्या यह यात्रा पर चढ़ा सियासी रंग नहीं है?



बहरहाल, पंजाब में पहले भी पैदल यात्राएं और 'रथ यात्राएं' निकलतीं रहीं हैं। लेकिन इतनी चर्चा और कामयाबी पहले किसी को हासिल नहीं हुई। आने वाला वक्त बखूबी बता जाएगा कि राहुल गांधी को पंजाब से और पंजाब को राहुल गांधी से क्या हासिल हुआ? इतिहास का अपना साइकिल, अपना यथार्थ और मौलिक सच्चाई होती है। जो फौरी तौर पर नहीं बल्कि बाद में सामने आती है। निश्चित तौर पर भारत जोड़ो यात्रा और उसकी अगुवाई करने वाले राहुल गांधी को भी पूरे नतीजों की बाबत बाद में पता चलेगा। फिलवक्त उन्हें जरूर जवाब मिल गया है, जो यात्रा से पूर्व विज्ञापनी भाषा में कहते थे कि राहुल पर फूल नहीं पत्थर बरसेंगे लेकिन इस सरहदी सूबे की सड़कों पर पैदल चले राहुल गांधी पर फूल ही बरसे। पत्थर किसी से नहीं बरसाए गए। उकसावे और साजिशों के बावजूद!

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## व्यंग्य



# दरारें दिखने लगी है

हरिशंकर राढ़ी

तो पहाड़ों में भी दरारें दिखने लगी है। सुना था कि पहाड़ बहुत मजबूत एवं कठोर होते हैं। जब भी किसी लंबे चैड़े व्यक्तित्व की बात होती है तो पहाड़ खुद उपमा देने के लिए आ खड़े होते हैं। जैसे उनके लिए दूसरा कोई काम ही नहीं होता। मुहावरा बनकर भाषा को तंग करता है। यहाँ तक कि रेगिस्तान का ऊँट भी पहाड़ के नीचे आ जाता है। उसी पहाड़ में मोटी-मोटी दरारें दिखने लगी हैं। बहुत दिनों की कोशिश अब जाकर रंग लाई है। न जाने कब से आदमी इसी में लगा हुआ था। कभी अकेले, कभी सत्ता और सरकार बनकर। कभी विकास के रूप में तो कभी आस्था के रूप में। लेकिन दरार रूपी सफलता अब जाकर हाथ लगी है।

मेहनत का फल मीठा होता है, यह तो सुना था। लेकिन यह पता नहीं था यह दरारदार भी होता है। जगह-जगह दरारें पैदा हों, सभ्यता के आदिकाल से ही हमारा ऐसा प्रयास रहा है। लोकतंत्र व विकासतंत्र में तो दरारों के बिना सत्ता मिलती ही नहीं। बस, दरार कहने में थोड़ा गँवरपन दिखता है। डिवाइड कह दें तो स्तर ऊँचा हो जाता है। यह डिवाइड हमें उन्होंने ही सौंपा था, जिन्होंने सत्ता सौंपी थी। अरे, अपने वही विलायती भाई और वही डिवाइड एंड रूल का सत्ता-दर्शन। जो चीज हम विदेशों से सीख लें, वह भूलती कहाँ है? तो भइया, बिना दरार डाले काहे का सुख? जहाँ साम, दाम और दंड फेल हो जाते हैं, वहाँ भेद यानी दरार का कारगर होना गारंटीड होता है।

बुद्धिराम जी ने बताया कि पहाड़ों में दरार एक दिन में नहीं पैदा हुई है। वे विद्वान हैं। विद्वान कुछ भी ऊटपटाँग बोल दें, वह कभी-न-कभी सच हो जाता है। ऐसे ही किसी विद्वान ने कहा था कि पत्थर आखिरी चोट से टूटता है, लेकिन पहली चोट बेकार नहीं जाती। पता नहीं पहली चोट किसने मारी। मेरा दिमाग यों ही आँय-बाँय भटकने लगता है। मुझे तो लगा कि पहली चोट किसी प्रेमी ने मारी थी। प्रेमी-प्रेमिका एक ही जाति-धर्म के होते तो मैं उनका नाम भी बता देता, लेकिन अभी जान का खतरा है। प्रेमी-प्रेमिका पहले तो होने नहीं चाहिए, हों भी तो धनाढ्य एवं एक ही जाति के हों। समृद्ध परंपराओं एवं ग्रंथों के अनुसार उन्हें अलग-अलग धर्म तो क्या, अलग जाति का भी नहीं होना चाहिए। फिल्मों के अनुसार अलग-अलग संप्रदाय से हो सकते हैं।

तो उस प्रेमी महोदय को पहाड़ काटकर नहर बनाने की शर्त पूरी करनी थी। ये प्यार करने वाले भी अपने मिलन की दरार पाटने के लिए पता नहीं कहाँ-कहाँ दरार बना जाते हैं। जब एक बंदा एक किता प्रेमिका के लिए पहाड़ काट सकता है तो यहाँ तो पूरा तंत्र है, जो सत्ता के लिए कुछ भी काटने में समर्थ है। इस हिसाब से पहाड़ में दरार बनाने वाला सारा तंत्र प्रेमी हुआ। अपना कवि समाज कहता है कि हिम्मतवाले के सामने पहाड़ भी सिर झुका लेता है, रास्ता दे देता है। नदियाँ रास्ता बदल लेती हैं, खुद को सुखा लेती हैं। कवि ने सही कहा था। गिरिवर सिर ही नहीं झुका रहा है, अपना हृदय चीरकर रास्ता दे रहा है। किसी के लिए घर रहे न रहे, आपके लिए रास्ता जरूर चाहिए।

बुद्धिराम जी सही होंगे। दरारें तो बहुत पहले से शुरू हो गईं थीं, बस दिखती नहीं थीं। अब दिखने लगी हैं। सौ साल की लड़ाई के बाद देश अपने हाथ में आने को हुआ तो धरती में ऐसी गुप्त दरारें पड़ीं कि देश के तीन टुकड़े हो गए। दरारें फैलती रहीं, बढ़ती रहीं और इतनी बढ़ीं कि अब पाटने की सोच भी नहीं सकते।

धरती के ऊपर दीवारें-ही-दीवारें बन गई थीं। आँगन में दीवार, दालान में दीवार, सहन में दीवार, बैठके में दीवार। मजबूत और अपारदर्शी दीवारें। छत भले कमजोर हो, दीवार पक्की होनी चाहिए। लेकिन इधर दीवारें फट रही हैं। शायद उनसे आदमी का धक्का बरदाश्त नहीं हुआ होगा। कहा जाता है कि दीवारों के भी कान होते हैं। दीवारों के लिए कान मुफीद नहीं साबित हुआ। आदमी की बातें सहन कर सकना सबके बूते की बात नहीं। आदमी ही सह सकता है, दीवारे नहीं। सो, वे फटने लगीं। जिन बातों से कलेजा फट जाता है, उनसे दीवारे कैसे बचेंगी? लेकिन इस विकास से जोशीमठ की दीवारें भले फट गई हों, मठ की दीवारें नहीं फटेंगी। बुद्धिराम जी ने बताया कि मठ की दीवारें बहुत मजबूत होती हैं। फिर नए मठ नई तकनीक से बने हैं। सुना है कि राजनीतिक मठ, साहित्यिक मठ और सामाजिक मठों के निर्माण व रख-रखाव में नरबलि तक दी जाती है। यदि शरीर की बलि संभव न हो तो आत्मा की बलि से इसकी नींव डाली जाती है। इसकी दीवारों में महत्त्वाकांक्षा का सरिया, सत्ता की बजरी, बाहुबल और धनबल का सीमेंट लगा होता है। अवसरवादिता का लीकप्रूफ पलस्तर किया जाता है। तब जाकर समझ में आया कि मठों के बजाय जोशीमठ में दरारें क्यों आ रही हैं!

**(लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# पीएम के सपनों में पंख लगा रहीं हैं जिले की महिला किसान

## यूट्यूब व गूगल से वीडियो देखकर शुरू किया ड्रैगन फ्रूट की खेती



ड्रैगन फ्रूट की खेती का जायजा लेती किसान

संजय दूबे

**मीरजापुर।** पीएम नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश के किसानों की आय दुगनी हो और महिलाएं आत्मनिर्भर बने। जिले की पहली महिला किसान वंदना सिंह पीएम के उस सपने पर खरा उतर रही हैं। वंदना सिंह ने यूट्यूब और गूगल से वीडियो देखकर ड्रैगन फ्रूट की खेती शुरू की। आज महिला किसान लाखों रुपये का मुनाफा कमा रही है। महिला किसान न सिर्फ आत्मनिर्भर बनी बल्कि अन्य महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये प्रेरणास्रोत भी है। महिला किसान वंदना सिंह को डीएम दिव्या मित्तल भी सम्मानित कर चुकी है।

### एक एकड़ जमीन पर और करेंगी खेती

ड्रैगन फ्रूट में मुनाफा मिलने के बाद अब महिला किसान के द्वारा एक एकड़ जमीन पर और ड्रैगन फ्रूट की खेती की जाएगी। इसके लिए महिला किसान ने खुद ही ड्रैगन फ्रूट की नर्सरी लगाई है, जिसे तैयार होने के बाद पौध को खेत में लगाया जाएगा। ड्रैगन फ्रूट की खेती करने के लिए क्रंकीट पिलर, लोहे की रिंग टायर व गोबर की खाद की जरूरत होती है। पहले और दूसरे साल कम मुनाफा होता है, लेकिन तीसरे साल से इस खेती से लाखों रुपये का मुनाफा मिलता है। महिला किसान ने बताया कि ड्रैगन फ्रूट का एक पौध पचास रुपये में बिकता है। खेत से ड्रैगन फ्रूट को सीधे वाराणसी ले जाया जाता है, जहां पर चार सौ रुपये प्रति किलो की हिसाब से बिक्री की जाती है।

### घर के काम के साथ महिलाएं कर सकती हैं खेती

किसान वंदना सिंह ने बताया कि ड्रैगन फ्रूट्स की खेती करने का विचार यूट्यूब से आया। उद्यान अधिकारी मेवाराम की तरफ से इस खेती को करने को लेकर सहयोग मिला। ड्रैगन फ्रूट की खेती से इस वर्ष 5 लाख रुपए का मुनाफा कमाया है। महिलाओं के लिये ड्रैगन फ्रूट की खेती सबसे अच्छा है। महिला घर का काम करने के बाद थोड़ा समय लगाकर ड्रैगन फ्रूट की खेती करके अच्छा मुनाफा कमा सही है। ड्रैगन फ्रुट की खेती से एक दो गुना नही बल्कि चार गुना मुनाफा कमा रहे है। पीएम नरेंद्र मोदी से प्रेणना मिलने के बाद खेती शुरू की, जहां पर कई जगह पर खेती करने के लिये सम्मानित किया गया। महिला अब चूल्हा चौका से अलग खेती करके भी आत्मनिर्भर बन सकती है। ड्रैगन फ्रूट के साथ बीच में बची जमीन पर स्ट्रॉबेरी की खेती की जाती है, जिससे भी काफी मुनाफा मिला है।

### महिला सशक्तिकरण की उदाहरण हैं वंदना सिंह



जिलाधिकारी दिव्या मित्तल

वंदना सिंह महिला सशक्तिकरण की उदाहरण है। यह जनपद के लिये खुशी की बात है। जनपद अब ड्रैगन फ्रूट का हब बन रहा है। चुनार के रहने वाली महिला किसान वंदना सिंह ड्रैगन फ्रूट की खेती करके मुनाफा कमा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं से विशेष तौर पर अपील है कि वो भी ड्रैगन फ्रूट की खेती करें और आत्मनिर्भर बने। जिससे उनके साथ और लोगों का भी कल्याण हो सके।

**दिव्या मित्तल, जिलाधिकारी**

### आधे एकड़ में कर रहीं हैं ड्रैगन फ्रूट की खेती

जिले के इमिलियाचट्टी की रहने वाली महिला किसान वंदना सिंह बालुवा बजाहूर गांव में आधे एकड़ जमीन में ड्रैगन फ्रूट व स्ट्रॉबेरी की खेती कर रही है। वंदना सिंह गांव की गृहिणी होने के साथ साथ खेती करके अब लाखों रुपये का मुनाफा कमा रही है। वंदना सिंह ने स्मार्टफोन पर एक दिन यूट्यूब पर ड्रैगन फ्रूट की खेती करने को लेकर वीडियो देखा। ड्रैगन फ्रूट की खेती ने वंदना सिंह को प्रभावित किया। गूगल के माध्यम से खेती करने की जानकारी लेने के बाद खेती करने के लिए उद्यान विभाग से सहयोग मिला। सहयोग मिलने के बाद वंदना सिंह ने आधे एकड़ में ड्रैगन फ्रूट की खेती की, जहां इस वर्ष पांच लाख रुपए का शुद्ध मुनाफा कमाया है। ड्रैगन फ्रूट के बीच में स्ट्राबेरी की भी खेती की गई है, जहां उससे भी काफी मुनाफा कमा रही है।

## मौत के मामले में पुलिस ने दो को भेजा जेल

**मीरजापुर।** थाना को.देहात क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अघौली में दो पक्षों के मध्य हुए जमीनी विवाद में एक युवक की मृत्यु की घटना से सम्बन्धित 02 अन्य आरोपियों पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना को0देहात, मीरजापुर के ग्राम अघौली में 10 नवम्बर 2022 को विवादित जमीन(प्रकरण एसडीएम कोर्ट एवं सिविल कोर्ट में वाद विचाराधीन) में कूड़ा फेकने के विवाद को लेकर दो पक्षों के मध्य मारपीट व फायरिंग की गयी थी, जिससे धर्मेन्द्र पाण्डेय पुत्र स्व. रघुबीर प्रसाद पाण्डेय उर्फ लल्लू प्रसाद उम्र करीब-55 वर्ष की मृत्य हो गयी थी तथा दोनों पक्षों से कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। गुरूवार को प्रभारी निरीक्षक को.देहात विपिन सिंह मय पुलिस बल द्वारा रमेश प्रसाद पाण्डेय पुत्र स्व. रघुवीर प्रसाद पाण्डेय उर्फ लल्लू प्रसाद ओमकार नाथ पाण्डेय पुत्र स्व. रघुवीर प्रसाद निवासीगण ग्राम अघौली थाना को0देहात मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। जिनके विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# अंतर्राज्यीय शराब तस्कर को पुलिस ने धर दबोचा

**कार्रवाई**

**मुकदमा दर्ज करने के बाद भेज दिया गया जेल**

जनसंदेश न्यूज



पकड़े गये आरोपी के साथ प्रभारी

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मनिगढ़ा गांव से मध्यप्रदेश निर्मित शराब की तस्करी कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर घेरा बंदी करते हुए धर दबोचा पुलिस एवं आबकारी की संयुक्त टीम ने शराब के साथ अभियुक्त को थाने ले आकर मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया।

मनिगढ़ा गांव निवासी विजय कुमार 116 सीसी मध्य प्रदेश निर्मित पांच ब्रांड की शराब लेकर प्लास्टिक की बोरी में कहीं जा रहा था। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह हमराहियों के साथ यातायात सुरक्षा अभियान के तहत यूपी एमपी बॉर्डर पर लोगों को जागरूक कर रहे थे।


इसी दौरान मुखबिर की सूचना मिली कि एक व्यक्ति मध्यप्रदेश की शराब लेकर कही जा रहा है इस दौरान उन्होंने आपकारी की टीम के साथ घेराबंदी कर उसके पास से मध्यप्रदेश निर्मित शराब को पकड़कर मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया।

टीम में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, आबकारी निरीक्षक निशा सिंह, उप निरीक्षक रामबचन यादव आदि मौजूद थे।

## बिजली बिल बकाएदारों पर बिजिलेंस विभाग का छापा

**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र में बिजली विभाग की ओर से सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान नदिहार, गढ़वा, में कई कनेक्सन एवं अवैध कनेक्शन की जांच पड़ताल की गई। अवर अभियंता पंचधारी सिंह एवं बिजिलेंस प्रभारी बृजेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। वहीं बिजली बकाया बिल न जमा करने पर एक दर्जन लोगों पर विभागीय धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए समन नोटिस जारी किया जाएगा। इसके बावजूद बकाया बिल न जमा करने पर उपभोक्ताओं पर बिजली विभाग अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। शासन के दिशा-निर्देश पर बिजली बकाया बिल जमा करने की सख्त हिदायत दी गई तथा अवैध रूप से बिजली का उपभोग कर रहे कटियामारों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई। इस दौरान प्रभारी बृजेश कुमार पाण्डेय, मय फोर्स पावर हाउस पर पहुंचे और अवर अभियंता पंचधारी सिंह के साथ क्षेत्र के नदिहार एवं कोन गढ़वा गांव के बकाएदारों पर बिल जमा करने के लिए कहा गया।

## ट्रेनों में चोरी को अंजाम देने वाला चोर गिरफ्तार



जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** रेलवे स्टेशनों, सकुर्लेटिग एरिया एंव ट्रेनों में बढ़ती चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं पूर्व में घटित चोरी की घटनाओं का अनावरण करने तथा अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना जीआरपी प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में गुरुवार को उ.नि. दिवाकर पाण्डेय, उ.नि. जगदीश सिंह यादव व का. नागेन्द्र भारद्वाज के द्वारा मुखविर कि सूचना पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 2/3 के पूर्वी छोर से एक शातिर आरोपी शनी अग्रहरि पुत्र अरविन्द गुप्ता निवासी स्टेशन रोड रेलवे स्टेशन मीरजापुर के ठीक सामने थाना कटरा कोतवाली को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 03 मोबाइल अलग अलग चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित बरामद हुआ।

बरामदगी के आधार पर आरोपी शनि अग्रहरी के विरुद्व संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया। अपराध करने की तरीका रेलवे स्टेशन व चलती ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ व लापरवाही का फायदा उठाकर मोबाइल व पर्स आदि चोरी करता था।

## मानव श्रृंखला की सफलता और सुरक्षा के लिए दो जोन व सात सेक्टर में किया गया विभाजित

**सड़क सुरक्षा**

**मानव श्रृंखला एवं शपथ के लिये की गयी जोनल व सेक्टर अधिकारियों की तैनाती**

**मीरजापुर।** शासन के निर्देश के क्रम में चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जनपद स्तर पर मानव श्रृंखला का निर्माण एवं सड़क सुरक्षा शपथ का आयोजन 23 जनवरी 2023 को प्रातः 11 बजे किया जायेगा।

उक्त तैयारियों के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक के उपरान्त अपर जिलाधिकारी वि./रा. शिव प्रताप शुक्ल ने बताया कि जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के मार्ग निर्देशन में आयोजित किये जाने वाले मानव श्रृंखला, कतारबद्ध तरीके से आर्दश इण्टर कालेज विसुन्दरपुर से सिविल लाइन पेट्रोल पम्प तिराहा कचेहरी, तहसील चैराहा, भरूहना पुलिस चैकी तक मानव श्रृंखला बनाया जायेगा। इसके अलावा भरूहना पुलिस चैकी से बरौधा पुलिस चैकी सोनभद्र तिराहा, आयुक्त कार्यालय, शीतला मन्दिर, नवीन मण्डी समिति, नटवा तिराहा तक बनाया जायेगा। उन्होने बताया कि मानव श्रृंखला में कक्षा आठ से बारह तक छात्र-छात्राओं, उच्च शिक्षा के छात्रों, समस्त विभागीय अधिकारी कर्मचारी, एन.जी.ओ. स्वंय सेवी संस्थाओं, सामाजिक तथा आम जन मानस की अधिकाधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करायी जायेगी। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभान सिंह, क्षेत्राधिकारी परमानन्द कुशवाहा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकरी विजय कुमार व संतोष कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अंगद गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# कंतित शरीफ मेले के तैयारियों पर अधिकारियों को दिया दिशा निर्देश



मेला बैठक को संबोधित करते एडीएम वित्त

**मीरजापुर।** आगामी 28 2023 से 31 जनवरी 2023 तक सम्पन्न होने वाले कंतित शरीफ मेला की तैयारियों के दृष्टिगत डीएम दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में अपर डीएम वि./रा. शिव प्रताप शुक्ल द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बन्धित कार्यदायी विभागों एवं कंतित शरीफ इंतजामिया बोर्ड के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मेला प्रारम्भ होने के पूर्व सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में सर्वप्रथम अपर डीएम थाना विन्ध्याचल व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुये कहा कि विन्ध्याचल से कंतित होते हुये दूधनाथ तिराहा मार्ग पर मेला क्षेत्र के मुख्य सड़क पर सड़क के पटरियों पर कोई दुकान न लगाया जाय। सभी दुकानदारों को नोटिस देकर यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि सड़क पटरी के बाहर अपनी दुकान लगाये ताकि यातायात व्यवस्था बाधित न हो। उन्होने कहा कि मजार के आस पास अस्थायी आवंटित किये जाने वाली दुकानों की नम्बरिंग कर इंतजामिया बोर्ड द्वारा दुकानदारों आवंटित करें। मुख्य चिकित्साधिकारी को कंतित मेला परिसर में कोविड के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में स्टाफ व जॉच केन्द्र स्थापित कर परीक्षण कराना, मेला परिसर में अस्थायी चिकित्सकों के कैम्प एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विन्ध्याचल अनवरत चिकित्सीय व्यवस्था के साथ ही पर्याप्त मात्रा में एम्बुलेंस लगाने का निर्देश दिया गया। संक्रामक रोगों बचाव आश्वयक दवाओं का छिड़काव भी सुनिश्चित कराया जाय। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर गंगा किनारे से लेकर मजार परिसर के समीप तक प्रकाश व्यवस्था, बैरीकेटिंग, अनवरत साफ सफाई, जायरीनों हेतु खुले में टेन्ट आदि की व्यवस्था, कच्ची, पक्की गलियों की मरम्मत, टैंकर द्वारा अस्थायी जलापूर्ति, हैण्ड पम्पों की मरम्मत आदि व्यवस्थायें मेला से पूर्व सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। उप डीएम सदर के द्वारा मेला परिसर में प्रशासनिक अधिकारियों कर्मचारियों तैनाती, मेले में सर्तक दृष्टि व आने वाले समस्याओं का निराकरण हेतु किया जायेगा। खोया पाया शिविर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत आदि व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने के लिये उपरोक्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित क्षेत्राधिकारी नगर को निर्देशित करते हुये अपर डीएम ने कहा कि मेला क्षेत्र मे समुचित भीड़ एवं वाहनों के नियंत्रण हेतु बैरियर लगवाया जाय।

उन्होने कहा कि मेला के सकुशल संचालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, उप डीएम सदर चन्द्र भान सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर परमानन्द कुशवाहा, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र, जिला पंचायत राज अधिकारी अरविन्द कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विजय कुमार व संतोष कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अंगद गुप्ता, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक रोडवेज हरिशंकर पाण्डेय, इंतजामियों कमेटी के पदाधिकारी के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## आयोजित की गयी विशाल आर्ट व चित्रकला प्रतियोगिता

जनसंदेश न्यूज



विजेता छात्रों के साथ एमएलसी, अध्यक्ष व अन्य

**मीरजापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा कार्यक्रम के तहत जिले के एस एन पब्लिक स्कूल मिशन कम्पाउन्ड में जिले भर के कक्षा 9 से 12 के बच्चों की आर्ट एवम चित्र कला प्रतियोगिता का विशाल आयोजन किया गया। जिले भर के विभिन्न विद्यालय के 600 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन करा कर भाग लिया।

बहुत सुंदर चारों ओर बच्चों के लिए आकर्षक होर्डिंग, रजिस्ट्रेशन काउंटर, निर्णायक मंडल में जिले भर के विभिन्न सम्मानित लोगों ने बच्चों के विजेता चयनित कर के हेतु आमंत्रित किया गया था।

विजेता को आकर्षक पुरष्कार मेंडल प्रमाण पत्र प्रदान किया गया ।पहले स्थान से लेकर 38 तक सभी सम्मानित किया गया, सभी 600 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र परीक्षा वारियर्स प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष बृजभूषण सिंह, मुख्य अतिथि के रूप में श्याम नारायण विनीत सिंह, नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, राजीव कन्नौजिया अध्यक्ष जिला पंचायत, मनोज जायसवाल नगर पालिका अध्यक्ष, संध्या सिह डायरेक्टर एस एन पब्लिक सभी अतिथियों ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए पुरस्कार वितरित किया कार्यक्रम का संचालन संयोजक जाह्नवी प्रकाश तिवारी ने किया। कौशल श्रीवास्तव संयोजक जिला मन्त्री भाजपा ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

## ज्ञान के प्रकाश से धर्म और संस्कार का होता है विकास : पंडित शंभू प्रसाद

**लालगंज।** स्थानीय क्षेत्र के दुबार कला स्थित ब्रह्मर्षि देवराहा बाबा इंटरमीडिएट कॉलेज के पास श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन कथाकार ने कहा कि भागवत कथा सच्चाई और पुरुषार्थ की प्रतीक है। कहा कि मानव जीवन का कर्तव्य है कि वह भलाई और सत्य कर्म के माध्यम से समाज में पुण्य अर्जित कर सुख शांति समृद्धि प्राप्त कर सकता है। विंध्याचल मंडल के भागवत कथा कथाकार पंडित शंभू प्रसाद महाराज ने कहा कि भगवान का आनंद स्वरूप है और सृष्टि की उत्पत्ति और विनाश की प्रक्रिया में धर्म की जय होती है। कहा कि मनुष्य भागवत कथा श्रवण से दैहिक दैविक और भौतिक तीनों प्रक्रियाओं को पार कर सकता है। क्योंकि कथा श्रवण से मन के अंदर चल रहे कुप्रभाव ईश्वरी शक्ति के रसायन से नष्ट हो जाते हैं। इसके बाद सद्विचार और ज्ञान की वृद्धि होती है। कहा कि ज्ञान रोशनी है। ऐसे ज्ञान के प्रकाश से धर्म और संस्कार का विकास होता है। कथा के आयोजक मंडल में ओंकार नाथ दूबे, हूबलाल दुबे, लालमनि दुबे आए हुए भक्तों के सेवा और व्यवस्था में लगे रहे।

# किसानों की समस्या का समाधान करने पहुंचे एसडीएम



किसानों से वार्ता करते एसडीएम चुनार

**अदलहाट।** क्षेत्र के शिव मंदिर जादवपुर करहट में गुरुवार को उपजिलाधिकारी ने किसानों की रेलवे के समस्याओं के निस्तारण के लिए बैठक रखवाई थी। जिसकी अध्यक्षता अजीत सिंह प्रधान व संचालन मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह ने की। जिसमें उपजिलाधिकारी नीरज प्रसाद पटेल के साथ नायब तहसीलदार अरूण कुमार यादव, जिलाधिकारी के प्रतिनिधि जिला कृषि अधिकारी पीके प्रजापति, डीएफसीसी के एसके पांडे, यस पाल, विकास, लेखपाल विजय सिंह, अमित सिंह, चौकी इंचार्ज नारायणपुर मय फोर्स के साथ में एलआईयू से ओपी यादव, अजीत सिंह प्रभाकर सिंह, किसानों के पंचायत में शामिल हुये। जिसमें सभी अधिकारी मौके पर निरीक्षण किया की मन्दिर और कुआं को कैसे बचाया जाए।

डीएफसीसी के अधिकारियों ने कहा कि मन्दिर के सामने 25 फुट का पुल बनवाया जाएगा, पर किसानों ने कहा इसको 40 फुट का बनाया जाय जिस पर उप जिलाधिकारी ने कहा जिलाधिकारी के साथ बैठक कर निराकरण करवाया जायेगा। साथ में रेलवे के अधिकारियों ने कहा कि मंदिर के पीछे जो जगह बचा है उस पर मिट्टी डालकर ऊंचा करवाया जाएगा। साथ में मंदिर से लगा आगे की बस्ती के लिए पक्का सड़क का निर्माण कराया जाएगा। जिससे बस्ती के लोगों का आना जाना हो सके। मंदिर का सुंदरीकरण और कुएं को बचाकर पक्का निर्माण कराया जाएगा। मंदिर परिसर में स्थित तालाब के सुंदरीकरण के लिए एसडीएम ने कहा इसका सुंदरीकरण मेरे स्तर से करवाया जाएगा।

पुनर्वास के मैटर पर उन्होंने कहा डीएम के साथ बैठकर इसका निराकरण कराया जाएगा। इस दौरान प्रह्लाद सिंह, सिद्धनाथ सिंह, अनिल सिंह, जिलाध्यक्ष कंचन सिंह फौजी, जिला कोषाध्यक्ष स्वामी दयाल सिंह, जिला महासचिव वीरेंद्र सिंह आदि लोग मोजूद रहे।

## संक्षेप

### 24 घण्टे के अन्दर शिकायतकर्ता के खाते में वापस करायी गई धनराशि

मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में साइबर अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे जनपद के सभी थानों पर गठित साइबर हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देशक के अनुक्रम में थाना हलिया पर साइबर हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायत आवेदक सुक्खी चन्द्र सिंह पुत्र मिश्री लाल निवासी ग्राम कुशीयरा, थाना- हलिया, मीरजापुर के प्रार्थना पत्र पर थाना हलिया साइबर हेल्प डेस्क द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता का 20,000/- रुपये सम्बन्धित बैंक एवं खाता धारक से समन्वय स्थापित कर 24 घण्टें में वापस कराया गया। शिकायतकर्ता द्वारा अपने खाते से रीता पाण्डेय देवरी के खाते में फोन- पे के माध्यम से रुपये ट्रांसफर करते समय गलतमोबाइल नम्बर दर्ज हो जाने के कारण रुपया अन्य किसी खाता धारक के खाते में चला गया था, जिसकी सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना हलिया द्वारा थाने की साइबर टीम एवं बैंक मैनेजर से सम्पर्क कर त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घण्टे के भीतर शिकायतकर्ता का 20,000/- रुपये वापस कराया गया है।

### प्रधान ने गरीबों के घर पर वितरित किया कम्बल



**जिगना।** विकासखंड छानबे ग्राम पंचायत अकोढ़ी के ग्राम प्रधान सतीश तिवारी उर्फ पंकज तिवारी ने मंगलवार को अपने गांव में घर-घर जाकर जरूरतमंद लोगों को कंबल का संभल प्रदान किया। जाड़े को देखते हुए ग्राम प्रधान ने 200 लोगों को गुरूवार को कंबल वितरित किया। इसी क्रम में ग्राम प्रधान ने अपने ग्राम पंचायत अकोढी के रामलीला मैदान से घोषणा किया कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन अपने ग्राम पंचायत के 15 वार्ड में स्वच्छता संबंधित मेरे द्वारा जांच कर कर स्वच्छता परिणाम निकाला जायेगा। जिस वार्ड की स्वच्छता सबसे अच्छी पाई जायेगी उस वार्ड को मेरी तरफ से 51 सौ रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को भोजन सर्व करने की बताई विधि



**मीरजापुर।** चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को भोजन सर्व करने व रेसिपी के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए प्रशिक्षित किया गया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में पुलिस लाइन सभागार कक्ष मीरजापुर में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक होटल में प्रशिक्षणकर्ता दीप नारायण के द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को साफ सफाई के साथ भोजन को सर्व करने तथा रेसिपी के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए प्रशिक्षित करते हुए आवश्यक जानकारी दी गयी। इसी दौरान क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी चुनार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद है।

### भारतीय गौरव की सबसे प्रांजल मशाल हैं महाराणा प्रताप

**मीरजापुर।** भारतीय स्वाभिमान की अप्रतिम मूर्ति, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में जनपद के लालडिग्गी स्थित आशीर्वाद पैलेस में संगोष्ठी एवं पुष्पा अर्चन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। सभी ने एक स्वर में महाराणा प्रताप के त्याग और संघर्ष बलिदान को याद किया और उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र की तरफ से श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जनता इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ सन्तोष सिंह ने कहा कि भारतीय इतिहास के ऐसे क्रांतिपुंज को आदर स्मरण के लिए किसी दिन विशेष की अपेक्षा प्रत्येक दिन ही विशेष है। महाराणा प्रताप का समूचा जीवन संघर्ष हर अनाचार से निर्भय युद्ध के उर्जा देता है। वह सही मायनों में राष्ट्र नायक हैं। विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी बैंक के पूर्व उपाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि एकात्म स्वाभिमान साधना के पुण्यशरीर विग्रह महाराणा का नाम साधन शून्यता के बाद भी वर्चस्ववादी अनाचार के विरुद्ध संघर्षरत प्रत्येक व्यक्ति के मनोबल का विशेषण बन चुका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री श्याम सिंह ने एवं संचालन जिला मीडिया प्रभारी आयुष सिंह ने किया। आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने किया। इस दौरान अमित श्रीनेत, प्रमोद सिंह, दिलीप , मृत्युंजय सिंह गहरवार, सुजीत सिंह, अनिल सिंह, श्याम सिंह, डॉ राजीव कुमार सिंह, अंकित सिंह, आदि लोग उपस्थित थे।

### 27 शीशी शराब के साथ गिरफ्तार

**मीरजापुर।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में गुरूवार को उ0नि0 हरिकेश सिंह मय पुलिस टीम द्वारा थाना चील्ह क्षेत्र से 01 आरोपी बालेश्वर सिंह उर्फ बाला पुत्र स्व0 कमला सिंह निवासी सेमरा थाना चील्ह मीरजापुर को 27 शीशी अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चील्ह पर धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### ऑनलाइन डाटा फीडिंग हेतु प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट की स्थापना

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने जारी अपने एक आदेश में निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल से संबन्धित विभिन्न कार्यकलापों का आनलाइन डाटा फीडिंग, गोआश्रय पोर्टल एप तथा धनराशि हस्तानान्तरण पी०एफ०एम०एस० के माध्यम से कराये जाने के संबन्ध में पशुधन अनुभाग द्वारा जनपद स्तर पर पी.एम.यू. (प्रोजेक्ट मानीटरिंग यूनिट) द्वारा खोले जाने तथा सघन मनीटरिंग के निर्देश के क्रम में मीरजापुर में प्रोजेक्ट मानीटरिंग यूनिट की स्थापना की गयी है। उक्त यूनिट के प्रभारी डा० मनोज कुमार उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी चिकित्सा स्वास्थ्य मुख्यालय मीरजापुर को नामित किया जाता है।

### विद्युत करंट से दो बच्चों के पिता की मौत

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के महुआरी कला गांव में मजदूरी कर रहे मजदूर की हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया जाता है कि विंध्याचल थाना क्षेत्र के अरगजा पांडेपुर निवासी रमेश बिंद उम्र 26 वर्ष पुत्र पन्नालाल गांव के बगल में ही महुआरी कला में एक व्यक्ति के घर प्लास्टर का कार्य कर रहा था। उसी दौरान घर के बगल से गुजरे हुए हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। जिससे रमेश बिंद की जुनेद जाने से मौत हो गई। बताया जाता है कि रमेश बिंद मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। ऐसे में दो छोटे बच्चे अनाथ हो गए। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया और बार-बार परिजन प्रशासन से गुहार लगाते रहे अब इन बच्चों का क्या होगा। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### शव मिलने की सूचना पर पुलिस रही हलकान

**मीरजापुर।** कटरा कोतवाली थाना क्षेत्र के ओझला पुल के समीप बुधवार की देर शाम एक 35 वर्षीय अज्ञात युवक की शव की सूचना पुलिस को मिली। घटना की जानकारी होते ही पुलिस आनन-फानन में मौके पर पहुंची तो ना तो वहां कोई शव था न ही कोई घायल। पुलिस घंटों अज्ञात युवक के शव की तलाश करती रही किंतु किसी भी अज्ञात शव का पता नहीं चला। कटरा कोतवाल ने बताया कि रात्रि सूचना मिली थी की सड़क दुर्घटना में एक 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। जब मौके पर जाकर जांच किया गया तो घटना असत्य पाई गई।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**मीरजापुर।** कटरा कोतवाली थाना क्षेत्र के नई बस्ती निवासिनी एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिसके बाद मायके पक्ष से पहुंचे पिता ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर दहेज हत्या का आरोप लगाया। बताया जाता है कि बिरोही विंध्याचल थाना क्षेत्र के भुवाल शर्मा 21 मई 2022 को अपनी पुत्री काजल 20 वर्ष की शादी कटरा कोतवाली क्षेत्र के नई बस्ती निवासी बंशी शर्मा से किया था। 8 माह पूर्व जिस बेटी को पिता ने हंसते खेलते हुए ससुराल भेजा उसका शव देख पिता विलाप करते हुए ससुराल पक्ष पर फांसी के फंदे से झूला कर मार देने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में तहरीर दिया। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथी कटरा कोतवाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वहीं दामाद व ससुर एकही सैलून में काम करते है।

### सुपरवाइजर को पुलिस ने पकड़ा

**मीरजापुर।** 13 जनवरी को राजधानी एक्सप्रेस से क्रेन टकराने के संबंध में वांछित आरोपी सुपर वाइजर शिवपूजन पटेल पुत्र भगवती प्रसाद निवासी अईली थाना चौबेपुर जिला वाराणसी उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया जो कि घटना के बाद मौके से फरार हो गया था। आरोपी शिवपूजन पटेल द्वारा ब्लॉक समाप्त होने उपरांत लापरवाही से कार्य कराए जाने एवं घटना घटित होने पर मौके से भाग गया था। जहां आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई थी। वही गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर आरपीएफ पुलिस कार्रवाई में जुट गई।

# स्पोर्ट्स

## चोटिल हुए टेनिस स्टार नडाल, ठीक होने में लगेंगे छह से आठ हफ्ते

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई ओपन के दौरान चोटिल हुए राफेल नडाल को पूरी तरह उबरने में आठ से छह हफ्ते का समय लगेगा। उनके मैनेजर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। नडाल के कूल्हे में चोट लगी है। 22 बार ग्रैंडस्लैम चैम्पियन का मेलबर्न में एक अस्पताल में गुरुवार को डॉक्टर की निगरानी में एमआरआई हुआ जिसमें उनका हिप फ्लेक्सर चोटिल हुआ है। वह मेलबर्न पार्क में दूसरे दौर में मैकेंजी मैकडोनल्ड से मिली सीधे सेट की हार के दौरान चोटिल हुए थे। आस्ट्रेलियाई ओपन में वह गत चैम्पियन के तौर पर उतरे थे और उन्हें शीर्ष वरीयता मिली थी। अब 36 साल का यह खिलाड़ी आराम के लिये स्वदेश रवाना होगा।



# हॉकी वर्ल्ड कप...भारत VS वेल्स: 32वें मिनट में आकाशदीप सिंह ने दागा फील्ड गोल, टीम इंडिया की बढ़त 2-0

### 32वें मिनट में आकाशदीप सिंह ने मनदीप सिंह के पास पर शानदार मैदानी गोल दागा, इससे पहले, शमशेर सिंह ने 21वें मिनट पर मिले पेनल्टी कॉर्नर पर पहला गोल किया

**नई दिल्ली।** ओडिशा में चल रहे हॉकी वर्ल्ड कप में भारत और वेल्स मैच जारी है। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में चल रहे इस मुकाबले के तीसरे क्वार्टर का खेल जारी है और भारतीय टीम 2-0 की बढ़त पर है।

32वें मिनट में आकाशदीप सिंह ने मनदीप सिंह के पास पर शानदार मैदानी गोल दागा। इससे पहले, शमशेर सिंह ने 21वें मिनट पर मिले पेनल्टी कॉर्नर पर पहला गोल किया।

भारतीय टीम ने दूसरे क्वार्टर की शुरूआत में भी हमले जारी रखे।



इसका फायदा उसे 17वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में मिला, लेकिन गोल नहीं हो सका। थोड़ी देर बाद मैच के 21वें मिनट पर टीम इंडिया को बढ़त का एक और मौका मिला, लेकिन हमारे ड्रेग फ्लिकर एक बार फिर चूक गए। बॉल गोलकीपर से डिफ्लेक्ट होकर शमशेर के पास पहुंची। जिसे गोल में डालने में शमशेर ने कोई गलती नहीं की। इस क्वार्टर में यही एक गोल आया।

मैच की शुरूआत से ही भारतीय टीम ने विपक्षियों के गोल पोस्ट पर धावा बोला। एक दफा तो टीम इंडिया को सफलता मिल ही गई थी कि आखिरी मिनट में वेल्स के गोलकीपर ने 2 शानदार बचाव किया। पहले 15 मिनट में भारत को कोई पेनल्टी नहीं मिला। वेल्स का डिफेंस भी सराहनीय रहा।

भारतीय टीम को क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने के लिए 8-0 के अंतर से जीतना होगा। यदि भारतीय टीम ऐसा नहीं कर पाती है तो उसे क्रॉसओवर खेलना होगा। क्रॉसओवर मैच जीतने के बाद ही अंतिम-8 में एंट्री मिलेगी। भारत पूल-डी के दूसरे स्थान पर है। जबकि इंग्लैंड 2 जीत और एक ड्रॉ के साथ नंबर-1 पोजीशन पर है। हर पूल की टॉपर सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेगी। जबकि दूसरे और तीसरे नंबर की टीम को क्रॉसओवर खेलना होगा।

*दोनों देशों के फुल स्क्वॉड*

भारत : हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), जरमनप्रीत सिंह, अभिषेक, सुरेंदर कुमार, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, मनदीप सिंह, बहादुर कृष्ण पाठक, ललित कुमार उपाध्याय, संजय नीलम जेस, पीआर श्रीजेश, नीलकांत शर्मा, शमशेर सिंह, वरुण कुमार, कुमार पाल राज, आकाशदीप सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, विवेक सागर प्रसाद और सुखजीत सिंह।

वेल्स : डेनियल किरियाकिडेस, लोन वॉल, जैकब ड्रैपर, लेविस प्रोसेर, रुपर्ट शिपर्ली, जेम्स कार्सन, रोड्री फर्लांग, स्टीफन कैली, डेल हचिंसन, राइस ब्रैडशॉ, गारेथ फर्लांग, जॉयलॉन मॉर्गन, जैक प्रिटचार्ड, हाइवेल जोंस, बेंजामिन फ्रांसिस, ल्यूक हॉकर, गारेथ ग्रिफिथ्स, राइस पाइन, फ्रेड न्यूबोल्ड, टॉबी कॉट्रिल रेनॉल्ड्स।

## इयान हीली ने कहा- भारत में अभ्यास मैच नहीं खेलने से ऑस्ट्रेलिया को हो सकती है परेशानी



**मेलबर्न।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर इयान हीली फॉर्म में चल रहे उस्मान ख्वाजा की राय से सहमत नहीं हैं कि भारत में नौ फरवरी से शुरू हो रही चार टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के लिए अभ्यास मैचों की जरूरत नहीं है। ऑस्ट्रेलियाई टीम नागपुर में शुरूआती टेस्ट से पहले भारत में एक भी अभ्यास मैच नहीं खेलेगी और दौरा करने वाली टीम के सदस्य ख्वाजा ने हाल में कहा कि इससे उपमहाद्वीप में स्पिन विकेटों पर टीम को कोई नुकसान नहीं होगा। ख्वाजा ने हाल में ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में कहा था, जब हम खेलेंगे तो वहां का विकेट स्पिन कर सकता है लेकिन वहां का विकेट गाबा की तरह घास से भरा भी हो सकता है तो अभ्यास मैचों का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमने आखिरकार सीख लिया है। जब मैंने सुना कि हमारा अभ्यास मैच नहीं है तो मैं मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनल्ड के पास गया और कहा, 'अच्छा विचार'। वहीं हीली उनकी बात से इत्तेफाक नहीं रखते हैं और उन्होंने कहा कि ख्वाजा जैसे खिलाड़ी को (जो अभी शीर्ष फॉर्म में है) भले ही भारतीय पिचों से तालमेल बिठाने की जरूरत शायद नहीं हो लेकिन टीम में ऐसे कई खिलाड़ी होंगे जिन्हें उप महाद्वीप के विकेट का आदी होने की जरूरत होगी। हीली ने गुरूवार को सेन रेडिया से कहा, यह बात फॉर्म में चल रहा बल्लेबाज (ख्वाजा) कर रहा है। उन्होंने कहा, अभ्यास मैच भले ही फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी के नहीं हो लेकिन कुछेक के लिये यह जरूरी है।

## अमेरिका में होगा भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच:अमेरिकी क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष का दावा- 2024 टी-20 वर्ल्ड कप में होगी भिड़ंत

### अतुल राय ने दावा किया है कि भारत-पाकिस्तान मैच अमेरिका में होगा, वेस्टइंडीज में नहीं

**नई दिल्ली।** आईसीसी अपने हर टूनार्मेंट में कम से कम एक भारत-पाकिस्तान मैच जरूर करवाती है। 2024 टी-20 वर्ल्ड कप में भी इन दो चिर-प्रतिद्वंद्वियों की भिड़ंत होगी। यह वर्ल्ड कप वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में होना है। अमेरिकी क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अतुल राय ने दावा किया है कि भारत-पाकिस्तान मैच अमेरिका में होगा, वेस्टइंडीज में नहीं।

राय ने एक इंटरव्यू में कहा है, 'फ्लोरिडा में भारत-वेस्टइंडीज मुकाबले को लोकल फैंस की ओर से बेहतरीन रिस्पॉन्स मिला था। मैच के सारे टिकट बिक गए थे। इसलिए हमें लगता है कि अगर भारत-पाकिस्तान वर्ल्ड कप मैच भी यहां हो तो इसे फैंस का जबरदस्त सपोर्ट मिलेगा।' बता दें कि पिछले साल अगस्त में भारत ने वेस्टइंडीज और अमेरिका का दौरा किया था। इस दौरान टीम इंडिया ने 5 टी-20 और तीन वनडे की सीरीज खेली थी। आखिरी टी-20 फ्लोरिडा में खेला गया था, जिसे भारत ने 88 रनों से जीता था। टीम इंडिया ने ये टी-20 सीरीज 4-1 से अपने नाम की थी।



आईसीसी की टूनार्मेंट कमेटी ने 2 बार अमेरिका के अलग-अलग शहरों का दौरा किया है। उसने कई मैदानों का मुआयना किया है। 2024 टी-20 वर्ल्ड कप के इस मैच की मेजबानी अमेरिका को दी जा रही है, क्योंकि वहां भारत और पाकिस्तान मूल की बड़ी आबादी रहती है। इसके पीछे दूसरा कारण यह है कि आईसीसी अमेरिका में भी क्रिकेट को लोकप्रिय बनाना चाह रहा है। अभी वहां बेसबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल जैसे खेल लोकप्रिय हैं। क्यों हर वर्ल्ड कप में होता है भारत-पाकिस्तान मैच? भारत-पाकिस्तान राइवलरी दुनिया में मशहूर है। पिछले 10 साल से दोनों टीमों के बीच द्विपक्षीय सीरीज नहीं हो रही है। आईसीसी इसका फायदा उठाती है और अपने हर टूनार्मेंट में इन दोनों टीमों के बीच मुकाबला करवाती है। आमतौर पर यह मुकाबला टूनार्मेंट के शुरूआती चरण में होता है। इससे टूनार्मेंट को हाइप मिलता है। ऐसे में क्ठउ और मेजबान देश को टिकट, स्पॉन्सर आदि से मोटी कमाई होती है।

## हाशिम अमला ने क्रिकेट के हर प्रारूप को कहा अलविदा, महान बल्लेबाज के नाम दर्ज ये रिकॉड्र्स

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज हाशिम अमला ने क्रिकेट के हर प्रारूप को अलविदा कह दिया है जिससे दो दशक के उनके सुनहरे कैरियर पर विराम लग गया। चार साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले 39 वर्ष के अमला ने इंग्लिश काउंटी टीम सर्रे को इसकी पुष्टि की। इंग्लिश काउंटी टीम सरेंने ट्वीट किया, हाशिम अमला ने क्रिकेट के हर प्रारूप को अलविदा कह दिया। उन्होंने अपना कैरियर खत्म होने का ऐलान किया है। सर्रे की ओर से हम उन्हें धन्यवाद देते हैं। अमला ने 124 टेस्ट, 181 वनडे और 44 टी20 मैच खेलकर दक्षिण अफ्रीका के लिये 18672 रन बनाये। वह टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले और इकलौते बल्लेबाज हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ जुलाई 2012 में ओवल पर नाबाद 311 रन बनाये थे। अब अमला दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग में मुंबई इंडियंस केपटाउन के बल्लेबाजी कोच के रूप में काम करेंगे।



***अमला के नाम दर्ज ये रिकॉड्र्स***

अमला के नाम वनडे क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे तेज 2,000, 3,000, 4,000, 5,000 और 6,000 रन बनाने का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने साल 2017 में सबसे तेज 7,000 रन पूरे करने का भी रिकॉर्ड अपने नाम ही दर्ज कराया था। यह रिकॉर्ड क्रिकेट के इस फॉर्मेट में उनकी निरंतरता को दशार्ता है।

# रोमांचक मुकाबले में मलेशिया की जीत, न्यूजीलैंड को 3-2 से दी मात

**भुवनेश्वर।** मलेशिया ने फैजल सारी के निर्णायक गोल की बदौलत गुरुवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के रोमांचक पूल-सी मुकाबले में न्यूजीलैंड को 3-2 से मात दी। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में मलेशिया के लिये फैजल सारी (आठवां, 56वां मिनट) ने दो जबकि राजी रहीम (42वां मिनट) ने एक गोल किया।

न्यूजीलैंड के गोल हेडेन फिलिप्स (51वां) और सैम लेन (52वां मिनट) ने दागे। न्यूजीलैंड ने मुकाबले की आक्रामक शुरूआत करते हुए दूसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया मगर आठवें मिनट में फैजल के गोल से मलेशिया बढ़त लेने में सफल रहा। मलेशिया ने शुरूआती बढ़त लेने के बाद गेंद को अपने कब्जे में रखने की रणनीति अपनाई। दूसरे क्वार्टर में मलेशिया को दो पेनल्टी कॉर्नर भी मिले, हालांकि वह उसका फायदा नहीं उठा सका।



हाफ टाइम के बाद भी मलेशिया ने गेंद को अपने कब्जे में रखने पर जोर दिया। इस प्रक्रिया में मलेशिया ने तीसरे क्वार्टर में तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये और चौथे पर रहीम ने गोल दागकर एशियाई टीम को बढ़त दिला दी। चौथे क्वार्टर से पहले 2-0 से पिछड़ चुके न्यूजीलैंड के ऊपर काफी दबाव था मगर मैच के 49वें मिनट में मलेशिया के अजहर अमिरुल को येलो कार्ड देखकर पांच मिनट के लिये पिच से बाहर जाना पड़ा। न्यूजीलैंड ने इसका फायदा उठाते हुए दो मिनट बाद ही मलेशिया के अर्द्ध में जगह बनायी और हेडेन ने गोल दागकर स्कोर 2-1 कर दिया। अगले ही मिनट न्यूजीलैंड ने पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया और सैम ने इसे गोल में तब्दील करके स्कोर बराबर कर दिया। मलेशिया की जीत लगभग छिन चुकी थी, लेकिन फैजल एक बार फिर अपनी टीम को संकट से निकालने के लिये आगे आये और मुकाबला खत्म होने से सिर्फ तीन मिनट पहले उन्होंने फील्ड गोल दाग दिया। न्यूजीलैंड को अगले ही मिनट एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वह उसका लाभ नहीं ले सका और फैजल का गोल मलेशिया की जीत में निर्णायक साबित हुआ। मलेशिया दो जीत और एक हार के साथ पूल-सी में दूसरे स्थान पर आ गया है, जबकि न्यूजीलैंड एक जीत और दो हार के साथ तीसरे स्थान पर है।

## टाटा मुंबई मैराथन में पहुंची 80 साल की महिला, साड़ी पहन... हाथ में तिरंगा लेकर लगाई दौड़

**मुंबई।** टाटा मुंबई मैराथन के इस साल के संस्करण में 55,000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया था। टाटा मुंबई मैराथन में भाग लेने वालों में विभिन्न आयु के लोग शामिल रहे, जिनमें युवा, विकलांग और वृद्ध नागरिक शामिल थे।



मैराथन में भारती नाम की एक 80 वर्षीय महिला उन धावकों में से एक थीं। जिन्होंने मैराथन भाग लेकर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरीं। उन्होंने ये साबित कर दिया है कि उम्र महज एक नंबर है। 80 साल की बुजुर्ग महिला साड़ी पहनकर मुंबई मैराथन में पहुंची। महिला को देखकर लोगों को लगा कि वह किसी के साथ आई होंगी, लेकिन जब वह हाथ में तिरंगा लेकर दौड़ने लगी तो मैराथन में मौजूद लोग उसकी हिम्मत देखते ही रह गए। आपको बता दें कि 15 जनवरी को टाटा मुंबई मैराथन के 18वें संस्करण का आयोजन किया गया था। इस साल विभिन्न प्रकार के महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों का समर्थन करने के लिए मुंबई में कई क्षेत्रों के लोग एक साथ दौड़ में शामिल हुए। 80 साल की ये महिला भी इस मैराथन में हिस्सा लेने वालों में से एक थी। भारती की पोती डिंपल मेहता फर्नांडिस ने अपने मैराथन में दौड़ने का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड किया ताकि उनके परिवार और दोस्त इसे देख सकें। वीडियो पोस्ट किए जाने के बाद ये वायरल हो गया। वीडियो को देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स महिला को अपनी प्रेरणा बता रहे हैं जबकि कुछ उनके हौसले को देखकर आश्चर्य भी जता रहे हैं। वीडियो में, बुजुर्ग महिला राष्ट्रीय ध्वज के साथ साड़ी और जूते पहनकर मैराथन दौड़ती हुई दिखाई दे रही हैं। भारती ने 51 मिनट में 4.2 किलोमीटर दौड़ लगाई।

## कोको गॉफ ने एमा रादुकानू को किया बाहर, इगा स्विटेक और मेडिसन कीज भी अगले दौर में पहुंचीं

अमेरिका की युवा खिलाड़ी कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में शानदार जीत हासिल की। उन्होंने 2021 में यूएस ओपन जीतने वाली ब्रिटेन की एमा रादुकानू को हरा दिया। सातवीं वरीयता प्राप्त कोको ने 6-3, 7-6 (4) से उन्हें शिकस्त दी। यह उनके करियर की 100वीं जीत है। 18 साल की कोको ने 100 मैच जीतने वाली सबसे युवा महिला खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने कैरोलिना वोज्नियाकी को पीछे छोड़ा। वोज्नियाकी ने 2009 में यह उपलब्धि हासिल की थी।

महिलाओं में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्विटेक, तीसरी वरीय जेसिका पेगुला, छठी वरीय मारिया सकारी, दसवीं वरीय मेडिसन कीज ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। स्विटेक ने कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो को 6-2, 6-3 से हराया। वहीं, कीज ने चीन की वांग जिनयू को 6-3, 6-2 से हरा दिया।



***राफेल नडाल को मिली हार***

शीर्ष वरीयता प्राप्त और मौजूदा विजेता राफेल नडाल बुधवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में अमेरिकी खिलाड़ी मैकेंजी मैकडोनाल्ड से 6-4, 6-4, 7-5 से हार गए। विश्व के 65वें नंबर के मैकेंजी ने नडाल को हराने के लिए दो घंटे 32 मिनट का समय लिया। 22 ग्रैंड स्लैम विजेता 36 वर्षीय राफेल नडाल अपने रंग में नहीं थे। मैच के दौरान उनके कूल्हे में चोट लग गई। दूसरे दौर में विश्व के नंबर दो खिलाड़ी नडाल जब 3-4 से पीछे थे, तब उनके बाएं कूल्हे में चोट लग गई। स्कोर 3-5 हो गया तब नडाल ने फिजियो की मदद के लिए मेडिकल टाइम आउट लिया। राफेल दूसरी बार शुरूआती चरण में ही ऑस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर हुए हैं। इससे पहले 2016 में वह हमवतन वर्दास्को फर्नांडो से पहले दौर में ही हार गए थे। 27 वर्षीय मैकडोनाल्ड ने राफेल नडाल को पहली बार हराया है। इससे पहले वह फ्रेंच ओपन 2020 में नडाल से हार गए थे। अन्य खिलाड़ियों में स्टेफानोस सितसिपास, फ्रांसिस टायफो, फेलिक्स ऑगर अलियासिमे, यानिक सिनर, करेन खचानोव ने तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है।

## दूसरे दौर में ही ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हुए शीर्ष दो खिलाड़ी, कैस्पर रुड को जेनसन ने हराया

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियन ओपन 2023 में उलटफेर का सिलसिला जारी है। पुरुष एकल में शीर्ष वरीयता वाले राफेल नडाल के बाद दूसरी वरीयता वाले कैस्पर रुड भी दूसरे दौर में ही हारकर बाहर हो चुके हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में कैस्पर रुड को अमेरिका के जेन्सन ब्रुक्स्बी ने 6-3, 7-5, 6-7, 6-2 से हराया। इसके साथ ही खिताब जीतने के दो प्रबल दावेदार टूनार्मेंट से बाहर हो चुके हैं। इससे पहले शीर्ष वरीयता वाले राफेल नडाल को टेनिस रैंकिंग में 65वें स्थान पर काबिज अमेरिका के मैकेंजी मैक्डोनाल्ड ने सीधे सेटों में हराया था। नडाल और केस्पर रुड के टूनार्मेंट से बाहर होने के बाद सितसिपास और नोवाक जोकोविच पुरुष एकल में खिताब जीतने के सबसे प्रबल दावेदार हैं। नडाल ने इस टूनार्मेंट के पहले राउंड में जैक ड्रैपर को मात दी थी। हालांकि, वह बहुत अच्छी लय में नहीं दिख रहे थे। दूसरे राउंड में उन्होंने अच्छी शुरूआत की, लेकिन पहला सेट हार गए। दूसरे सेट में वह चोटिल हो गए और ब्रेक लिया। ब्रेक से वापस आने के बाद वह पुरानी लय में नहीं दिखे और मैच हारकर टूनार्मेंट से बाहर हो गए। कैस्पर रुड के भी इस टूनार्मेंट से बाहर होने का तरीका नडाल से मिलता-जुलता है। दूसरे राउंड में शुरूआती दो सेट गंवाने के बाद उन्होंने मेडिकल टाइम आउट लिया था और तीसरा सेट 7-6 के करीबी अंतर से अपने नाम किया। हालांकि, चौथे सेट तक वह अपनी लय खो चुके थे और टेनिस रैंकिंग में 39वीं रैंकिंग पर काबिज ब्रुक्स्बी से 2-6 के अंतर से हार गए। इसके साथ ही इस टूनार्मेंट में उनका सफर खत्म हो गया। इस हार के साथ ही रुड का नंबर एक टेनिस खिलाड़ी बनने का सपना कुछ समय के लिए टूट गया है। इन दो बड़े खिलाड़ियों के टूनार्मेंट से बाहर होने के बाद नडाल के पास 10वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने का मौका है।



# भारत जोड़ो यात्रा पंजाब में पूरी: पठानकोट से कठुआ पहुंचे राहुल गांधी, अब कश्मीर में होगी यात्रा, यहीं समापन होगा

## पठानकोट में बोले राहुल गांधी– डर का माहौल बना नफरत फैलाई जा रही पंजाब को दिल्ली से नहीं चलाया जाना चाहिए, आप को लड़कर हरायेंगे

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पंजाब से जम्मू कश्मीर पहुंच गई है। गुरूवार को उन्होंने पठानकोट में जनसभा की। जिसके बाद फिरोजपुर कलां से लखनपुर के रास्ते वह कठुआ में एंटर हुए। अब कल जम्मू कश्मीर में पैदल यात्रा होगी। पंजाब- जम्मू कश्मीर बॉर्डर पर फ्लैग एक्सचेंज सेरेमनी हुई। यहां राहुल गांधी ने बताया कि उनकी यात्रा कन्याकुमारी से शुरू हुई।

जम्मू-कश्मीर में यह यात्रा राख जफर तक जाएगी। भारत जोड़ो यात्रा का जम्मू-कश्मीर आखिरी पड़ाव है और 30 जनवरी महात्मा गांधी पुण्यतिथि पर समाप्त होगी।

जम्मू कश्मीर के कठुआ में फ्लैग एक्सचेंज सेरेमनी के दौरान मौजूद राहुल गांधी।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पंजाब में अपनी यात्रा के आखिरी दिन पठानकोट में जनसभा की। जिसमें राहुल गांधी के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राजस्थान के उट अशोक गहलोत भी पहुंचे। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि 3 काले कानून से जो किसानों के साथ हुआ, वही अग्निवीर योजना से जवानों के साथ किया है। भाजपा की कोशिश है कि लोगों को डराकर उनकी तपस्या का फल 2-3 अरबपतियों को दिया जाए। डर का माहौल बनाकर नफरत फैलाई जा रही है। मीडिया में हर वक्त नरेंद्र मोदी का चेहरा दिखता है। गलत जीएसटी, नोटबंदी, किसान को खाद की समस्या मीडिया में नहीं दिखती। आपकी जेब काटी जा रही है। इस मुद्दों पर ध्यान न जाए, इसलिए यह सब नहीं दिखाया जाता।

राहुल गांधी ने कहा कि मैंने भगवंत मान को कहा कि पंजाब को रिमोट कंट्रोल से न चलने दीजिए। मैं पंजाब के उट को कहना चाहता हूं कि आप मेरे साथ लोकसभा में बैठे थे। आप में और अरविंद केजरीवाल में बहुत फर्क है। पंजाब को दिल्ली से नहीं चलाया जाना चाहिए।

राहुल गांधी ने कहा कि पंजाब में हम आम आदमी पार्टी से लड़ेंगे और उसे हराएंगे। अगर कोई किसान कहे कि रिमोट कंट्रोल सरकार है। मैं पूछूं कौन तो वह कहे राघव चड् ?ढा... फ्ढ तो यह ठीक बात नहीं है। आपका पैसा गुजरात में इस्तेमाल हो। पंजाब के पैसे से गुजरात में विज्ञापन दिए जाएं, यह गलत है। मैं फिर कहता हूं कि भगवंत मान मुझे अच्छे लगते हैं, मगर पंजाब को पंजाब से चलाना चाहिए।

### महिला सिपाही से अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने में इंस्पेक्टर निलंबित, एसपी ने विभागीय जांच के दिए आदेश

**लखनऊ।** महिला सिपाही के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के आरोप में एसपी ने बिलासपुर कोतवाली के इंस्पेक्टर (क्राइम) मुकुट लाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। आरोप है कि 16 जनवरी की रात बिलासपुर कोतवाली में तैनात एक महिला सिपाही जिसकी ड्यूटी महिला हेल्प डेस्क पर थी के साथ रात करीब 01.15 बजे इंस्पेक्टर (क्राइम) ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया।

आरोप यह भी है कि उस वक्त इंस्पेक्टर क्राइम मुकुट लाल शराब के नशे में थे। महिल सिपाही ने इंस्पेक्टर का एक आडियो क्लिप भी बना लिया था। महिला सिपाही ने इस बात की शिकायत एसपी अशोक कुमार शुक्ला से की थी। एसपी ने बताया कि अनुशासित बल में इंस्पेक्टर (क्राइम) जैसे महत्वपूर्ण पद पर रहते हुए मुकुट लाल का इस तरह का व्यवहार अनुशासनहीनता, उदंडता और स्वेच्छारिता की श्रेणी में आता है।

## आलिया भट्ट ने पति रणबीर कपूर को बताया छुपा रुस्तम, बताई खासियत



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट अपने पति रणबीर कपूर को शानदार फोटोग्राफर मानती हैं और उनका कहना है कि उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी में उनके जैसा शानदार फोटोग्राफर नहीं देखा है। आलिया भट्ट और रणबीर कपूर एक कैलेंडर लॉन्च इवेंट में शामिल हुए थे।

आलिया भट्ट ने बताया है कि रणबीर कपूर एक बेहद शानदार फोटोग्राफर हैं और उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी में उनके जैसा शानदार फोटोग्राफर नहीं देखा है। आलिया भट्ट ने कहा, 'छुपा रुस्तम बहुत अच्छे फोटोग्राफर यहां हैं.. इंस्टाग्राम पर हैं नहीं ये, लेकिन मेरी जिंदगी में रणबीर जैसा कोई भी अच्छी फोटोग्राफर नहीं हैं। वहीं रणबीर कपूर ने कहा कि एक वक्त था जब उनका ''मीडिया और पैपराजी के साथ छत्तीस का आंकड़ा था। उस टाइम कुछ अक्ल नहीं थी। लगता था कि ये लोग मेरे दुश्मन है, और मैं जो कुछ कर रहा हूं यह लोग मुझे एक्सपोज कर रहे हैं, लेकिन जैसे अभी मैं बड़ा हुआ हूं उम्र हुई है तो समझ में आया है कि जैसे मेरा काम है एक्टिंग वैसे आपका काम है फोटो लेना है।

## खास खबर

### फोन कॉल और मैसेज से तीन तलाक देने का शौहर पर आरोप, केस दर्ज

**इंदौर।** इंदौर में एक महिला को फोन कॉल और एसएमएस से तीन तलाक देने के आरोप में उसके शौहर पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस की एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उप निरीक्षक मनीषा दांगी ने बताया कि शहर के खजराना क्षेत्र में रहने वाली महिला की शिकायत पर उसके शौहर इमरान (32) के खिलाफ मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम 2019 और भारतीय दंड विधान के संबद्ध प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि आरोपी राजस्थान के अजमेर का रहने वाला है। दांगी ने बताया कि पीड़ित महिला ने इमरान से तीसरा निकाह किया था और पिछली दो शादियों से उसके तीन बच्चे हैं, जबकि इमरान के बारे में पता चला है कि वह इंदौर निवासी महिला के अलावा तीन अन्य महिलाओं से भी कथित तौर पर शादी कर चुका है। उप निरीक्षक ने बताया कि इंदौर निवासी महिला का एक वैवाहिक वेबसाइट के जरिये इमरान से संपर्क हुआ था।

### निजी अस्पतालों में खून के नाम पर लूट

निजी अस्पतालों में खून के नाम पर लूट मची है। बिना डोनर के खून देने पर तीमारदारों से तय कीमत से चार गुना तक ज्यादा वसूली हो रही है। बुधवार को ऐसा ही मामला सामने आया, जहां तीमारदार से खून की तय कीमत 1450 के बजाय छह हजार रुपये प्रति यूनिट वसूली गई। मरीज को कुल चार यूनिट खून चढ़ाना पड़ा। इसके एवज में 24 हजार रुपये वसूले गए। पीड़ित ने सीएमओ कार्यालय में इसकी शिकायत की है। इस पर स्वास्थ्य विभाग के साथ खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है। सड़क दुर्घटना में घायल 21 वर्षीय करन का चौक इलाके के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसे ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया। चार दिन बाद डिस्चार्ज होने पर चार लाख रुपये का बिल थमा दिया गया।

## हिंदू कॉलेज में छात्राओं के बुर्का पहनने पर हंगामा, 17 दिन पहले लागू हुआ है ड्रेस कोड

### शिक्षक बोले-अब इसे कुछ लोग दूसरी दिशा में ले जाने की कोशिश कर रहे हैं



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में हिंदू कॉलेज में 17 दिन पहले एक जनवरी से ड्रेस कोड लागू किया गया था। प्राचार्य से लेकर चीफ प्रॉक्टर आदि ने यह बयान दिया था कि ड्रेस कोड सख्ती से लागू कराया जाएगा। इसके बाद अब ड्रेस कोड को लेकर इस तरह का बवाल क्यों हुआ, इस पर प्रश्न उठ रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि यह अनुशासन का मामला है। कॉलेज की कमेटी ने मिलकर इस पर निर्णय लिया है, सभी शिक्षकों की इसमें सहमति रही। सभी विद्यार्थियों को भी पहले ही सूचना दी गई थी। अब इसे कुछ लोग दूसरी दिशा में ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने बुधवार को प्राचार्य पर आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन भाजपा की विचारधारा चला रहा है। इस पर प्राचार्य का जवाब था कि यह किसी पार्टी कि नहीं बल्कि अनुशासन की विचार धारा है। कुछ माह पहले प्रोफेसर डॉ. एनयू खान पर हुए हमले के बाद यह मुद्दा उठाया गया कि कॉलेज में ड्रेस कोड लागू होना चाहिए। इससे असमाजिक तत्व प्रवेश नहीं कर सकेंगे। ज्ञात हो कि कुछ अज्ञात युवकों ने कॉलेज के गेट पर प्रोफेसर डॉ. खान पर दो बार हमला किया था। सीसीटीवी के आधार पर युवकों को पकड़ा गया था। वे युवक विद्यार्थी नहीं थे। बुर्का पहनकर आईं छात्राओं को हिंदू कॉलेज के गेट पर रोकने से बुधवार दोपहर हंगामा हो गया। कॉलेज प्रशासन और छात्राओं की बहस के बीच वहां पहुंचे समाजवादी छात्र सभा पदाधिकारियों ने हंगामा शुरू कर दिया। धरना देकर कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। कॉलेज ने ड्रेस कोड का हवाला देते हुए परिसर में बुर्के या किसी अन्य पहनावे की छूट देने से इन्कार कर दिया।

### पूर्व अटॉर्नी जनरल रोहतगी पर टिप्पणी: ललित मोदी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करेगा एससी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय बृहस्पतिवार को उस याचिका पर सुनवाई के लिए राजी हो गया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आईपीएल के पूर्व आयुक्त ललित मोदी ने पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी के खिलाफ अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कुछ अपमानजनक टिप्पणी की थी। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की पीठ को वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बताया कि मोदी ने बिना किसी आधार के रोहतगी के खिलाफ अपमानजनक आरोप लगाए हैं। पीठ ने कहा, हमें दस्तावेज उपलब्ध कराइए। हम आईए (अंतरिम आवेदन) को अगले शुक्रवार को उपयुक्त पीठ के समक्ष रखेंगे। आईपीएल के पूर्व आयुक्त ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में रोहतगी के बारे में कुछ टिप्पणियां की थीं। बताया जाता है कि बाद में एक और पोस्ट में, उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ता से माफी मांगी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने पिछले साल एक अगस्त को शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश आर.वी. रवींद्रन को आईपीएल के पूर्व प्रमुख और उनकी मां बीना मोदी से जुड़े पारिवारिक संपत्ति विवाद को निपटाने के लिए मध्यस्थ नियुक्त किया था।

# बंगाल में गरजे नड्डा- कहा, खत्म होगा बंगाल का जंगलराज, घोटालेबाजों को छोड़ेंगे नहीं

## सभा में लोगों के मुंह पर मास्क नहीं होने का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि अमेरिका और चीन कोरोना से लड़ रहे हैं, लेकिन यह बदलता भारत है जहां इतनी बड़ी महामारी को इतनी बड़ी आबादी के बावजूद हमने मात दी

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को नदिया जिले के बेथुआडहरी में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि दीदी ने पश्चिम बंगाल को जंगलराज में तब्दील कर दिया है और भारतीय जनता पार्टी यहां सरकार बनाकर जंगलराज को जरूर खत्म करेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के लाल किला से संबोधन का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने कहा है कि हम भ्रष्टाचारियों को छोड़ेंगे नहीं, जेल में डालेंगे। वही बंगाल में होगा। यहां जंगलराज खत्म होगा और कमल खिलेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल रही है। पहले भारत दुनिया में मांगने वाले देशों की सूची में था और आज देने वाले देशों की सूची में अग्रणी है। यह काम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नीतियों के बदलाव की वजह से संभव हुआ है। सभा में आए लोगों के मुंह पर मास्क नहीं होने का जिक्र करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि अमेरिका और चीन कोरोना से लड़ रहे हैं, लेकिन यह बदलता भारत है जहां इतनी बड़ी महामारी को इतनी बड़ी आबादी के बावजूद हमने न केवल मात दी, बल्कि दुनिया को वैक्सीन उपलब्ध करवाई। उन्होंने कहा कि प्लस पोलियो के इलाज में भारत को 30 साल लग गए, लेकिन



कोरोना संकट के समय नौ महीने के भीतर भारत ने 200 करोड़ लोगों के लिए वैक्सीन बनाई और आज हम दुनिया भर के 100 देशों को वैक्सीन उपलब्ध करा रहे हैं। इनमें से 50 देशों को मुफ्त में वैक्सीन दिया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस नित यूपीए शासन का जिक्र करते हुए कहा कि उनके शासन में देशभर में भ्रष्टाचार था। हम दुनिया भर में दसवें नंबर की अर्थव्यवस्था थे। लेकिन आज भारत तमाम प्रतिकूलताओं के बावजूद दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन कर उभरा है। पहले गाड़ियों के निर्माण में जापान का डंका बजता था, आज भारत गाड़ी बनाने के मामले में दुनिया में तीसरे नंबर पर पहुंच गया है। वहीं पश्चिम बंगाल में ममता शासन के दौरान बदहाली का दावा करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि पूरे देश में 3.7 करोड़ पक्के मकान बनाकर लोगों को दिए गए हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल में आवास योजना का पैसा ममता दीदी के लोग खा गए। यहां शौचालय का पैसा आया लेकिन शौचालय भी खा गए। 100 दिनों की रोजगार गारंटी योजना जो गरीबों को रोजगार देने के लिए है, उसमें भी तगड़ा भ्रष्टाचार है और केवल अपनी पार्टी के लोगों का नाम लिखकर इस योजना का फंड गबन किया जा रहा है। दीदी ने बंगाल का क्या हाल बना रखा है। गाय खा गए, बालू खा गए, कोयला खा गए। आप लोग जरा सोचिए कि बंगाल को किस स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है। मोदी पैसा भेजते हैं और यहां आते ही वह पैसा घोटाला हो जाता है और हिम्मत देखिए, चोरी भी करती हैं और सीनाजोरी ही करती हैं।

## ब्रिटिश संसद में पीएम मोदी के समर्थन में उतरे सुनक पाकिस्तान मूल के सांसद को दिया करारा जबाव

### उन्होंने कहा कि वह अपने भारतीय समकक्ष के चरित्र चित्रण से सहमत नहीं



**नई दिल्ली।** गुजरात दंगों पर आई बीबीसी की डॉक्युमेंट्री का विवाद अब ब्रिटिश संसद तक पहुंच गया है। पाकिस्तान मूल के सांसद इमरान हुसैन ने संसद में इसका मुद्दा उठाया जिसके बाद ब्रिटेन के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक ने अपने समकक्ष नरेंद्र मोदी का बचाव किया। उन्होंने कहा कि वह अपने भारतीय समकक्ष के चरित्र चित्रण से सहमत नहीं हैं।

***सीरीज में पीएम मोदी और भारत के मुस्लिमों के बीच तनाव की बात***

बता दें कि ब्रिटिश ब्रॉडकास्टर बीबीसी ने इंडियाः द मोदी क्योसचन शीर्षक से दो पार्ट में एक नई सीरीज बनाई है। इस सीरीज में पीएम मोदी और भारत के मुस्लिमों के बीच तनाव की बात कही गई है। साथ ही गुजरात दंगों में पीएम मोदी की कथित भूमिका और दंगों में हजारों लोगों के मारे जाने को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीबीसी की सीरीज में मोदी सरकार के देश की मुस्लिम जनसंख्या के प्रति रवैये, कथित विवादित नीतियां, कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने के फैसले और नागरिकता कानून को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि देश में मुस्लिमों पर हिंदुओं द्वारा हमले किए जा रहे हैं।

## पीएम मोदी ने कर्नाटक में विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन

### 10 हजार क्यूसेक की नहर क्षमता वाली परियोजना से 4.5 लाख हेक्टेयर कमान क्षेत्र की सिंचाई की जा सकती है, कालाबुरागी, यादगीर और विजयपुरा जिलों के 560 गांवों के तीन लाख से अधिक किसानों को इसका लाभ मिलेगा

**कलबुर्गी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरूवार को कर्नाटक के कलबुर्गी और यादगीर जिलों में 10,800 करोड़ रुपये की सिंचाई, पेयजल और सड़क विकास से जुड़ी परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने सभी घरों में घरेलू नल कनेक्शन के जरिए सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कोडेकल में जल जीवन मिशन के तहत यादगिरी बहु-ग्राम पेयजल आपूर्ति योजना की आधारशिला रखी। इस योजना के तहत 117 एमएलडी का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाएगा। 2,050 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली इस परियोजना से 700 से अधिक ग्रामीण बस्तियों और यादगिरि जिले के तीन कस्बों के लगभग 2.3 लाख घरों को पीने योग्य पानी उपलब्ध कराया जायेगा। मोदी ने



नारायणपुर लेफ्ट बैंक कैनाल - एक्सटेंशन रेनोवेशन एंड मॉडर्नाइजेशन प्रोजेक्ट (एनएलबीसी- ईआरएम) का भी उद्घाटन किया। 10 हजार क्यूसेक की नहर क्षमता वाली परियोजना से 4.5 लाख हेक्टेयर कमान क्षेत्र की सिंचाई की जा सकती है। कालाबुरागी, यादगीर और विजयपुरा जिलों के 560 गांवों के तीन लाख से अधिक किसानों को इसका लाभ मिलेगा। परियोजना की कुल लागत लगभग 4,700 करोड़ है। उन्होंने एनएच-150सी के 65.5 किलोमीटर खंड की आधारशिला भी रखी। यह छह लेन की ग्रीनफील्ड सड़क परियोजना सूरत-चेन्नई एक्सप्रेसवे का हिस्सा है। इसे करीब 2,000 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री की इस महीने में राज्य का दूसरा चुनावी दौरा है। इससे पहले 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन के लिए हुबली गये थे और इस दौरान उन्होंने एक विशाल रोड शो भी किया था। राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस वर्ष मई में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी के मद्देनजर कुल 224 सीटों में से कम से कम 150 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। इस कार्यक्रम में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, केंद्रीय रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री भगवंत खुबा, राज्य मंत्रिमंडल के कई मंत्री, विधायक और अधिकारी उपस्थित थे।

## ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों में तोड़फोड़ की भारत ने की निंदा

### हमने दोषियों के खिलाफ त्वरित जांच करने एवं ऐसी घटनाओं को भविष्य में होने से रोकने के लिए कदम उठाने का अनुरोध किया




**नई दिल्ली।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया में कुछ हिन्दू मंदिरों में तोड़ फोड़ किये जाने की कड़ी निंदा करते हुए इस मामले को आॅस्ट्रेलिया सरकार के समक्ष उठाया है एवं समुचित कार्रवाई की अपेक्षा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में इस बारे में एक सवाल के जवाब में कहा कि हमें पता चला है कि ऑस्ट्रेलिया में कुछ मंदिरों में तोड़फोड़ हुई है।

हम इन घटनाओं की कड़ी निंदा करते हैं। इन घटनाओं की ऑस्ट्रेलिया के नेताओं, सामुदायिक नेताओं एवं धार्मिक संस्थाओं ने भी सार्वजनिक रूप से निंदा की है। प्रवक्ता ने कहा कि मेलबोर्न में हमारे महावाणिज्य दूतावास ने स्थानीय पुलिस के साथ यह मामला उठाया है।

हमने दोषियों के खिलाफ त्वरित जांच करने एवं ऐसी घटनाओं को भविष्य में होने से रोकने के लिए कदम उठाने का अनुरोध किया है। इस मामले को ऑस्ट्रेलिया सरकार के समक्ष भी उठाया गया है और हम समुचित कार्रवाई की अपेक्षा करते हैं।

# अगले पांच दिनों तक लोगों को शीतलहर से मिलेगी राहत या सर्दी का सितम रहेगा जारी, मौसम विभाग ने दी जानकारी

## 20 से 22 जनवरी को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों से दिल्ली समेत पूरा उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में था। गनीमत है कि उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में बृहस्पतिवार को लोगों को शीतलहर से थोड़ी राहत मिली है। हालांकि, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (क्टऊ) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी कि अगले पांच दिनों तक कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को दक्षिण हरियाणा, पूर्वी राजस्थान, उत्तर मध्य प्रदेश और बिहार के कुछ इलाकों में शीतलहर का प्रकोप बना रहा। उत्तर मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों और हरियाणा और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान 2 से 5 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। आईएमडी ने एक बयान



में कहा, 'अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर भारत में शीत लहर की कोई स्थिति नहीं है।' आईएमडी ने आगे जानकारी दी, 'एक और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की वजह से 20 जनवरी से 26 जनवरी की रात तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और 23 जनवरी से 25 जनवरी तक उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों को प्रभावित करेगी। इसकी वजह से 20 से 22 जनवरी को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना है। इसके अलावा, 23 जनवरी से 25 और 26 जनवरी तक पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरी राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। देश की राजधानी दिल्ली की बात करें तो गुरुवार को दिल्ली में बादल छाए रहे। वहीं, तीन दिन बाद दिल्ली की हवा फिर से बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई है। सफर इंडिया के अनुसार अगले तीन दिन सुधार के आसार नहीं हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी एयर क्वालिटी बुलेटिन में बुधवार को दिल्ली का एयर इंडेक्स (एक्यूआइ) 306 रहा, जो बहुत खराब श्रेणी में है। मंगलवार को एक्यूआइ 288 था, यानि 24 घंटे में 18 अंकों की वृद्धि हुई।

### अदालत ने खराब चरित्र का शख्स घोषित करने के खिलाफ आप विधायक खान की याचिका की खारिज


**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी आप के विधायक अमानतुल्लाह खान को खराब चरित्र का शख्स घोषित करने के दिल्ली पुलिस के फैसले के खिलाफ दायर उनकी याचिका को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन ने कहा कि खान के पास इस बात की आजादी है कि वह खराब चरित्र का धब्बा हटवाने के लिए संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रतिवेदन दे सकते हैं। न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि संबंधित पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ने विधायक के खिलाफ कार्रवाई के समर्थन में कारण बताए हैं। दिल्ली पुलिस ने ओखला से आप विधायक खान को पिछले साल खराब चरित्र का शख्स घोषित किया था। खान के वकील ने दलील दी थी कि अधिकारियों ने पूरी तरह से दुर्भावनापूर्ण तरीके से काम किया और दावा किया कि प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक पार्टी के एक प्रवक्ता ने उनकी छवि को खराब करने के लिए सोशल मीडिया पर हिस्ट्री शीट की प्रति साझा की जो गोपनीय दस्तावेज होता है।



### कलबुर्गी में पीएम मोदी ने बजाया पारंपरिक ढोल

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक के दौरे पर हैं। जहां उन्होंने विकास कार्यों की सौगात दी है। इस दौरान कर्नाटक यात्रा के दौरान राज्य के कलबुर्गी जिले में पीएम मोदी ने पारंपरिक ढोल बजाया। दरअसल, देश हो या विदेश, प्रधानमंत्री जहां भी यात्रा करते हैं वहां पारंपरिक संगीत वाद्य यंत्रों को देखकर खुद को नहीं रोक पाते हैं। दरअसल, कल्चरल म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट्स में एक उल्लास छिपा होता है, जो विभिन्न संस्कृतियों को आपस में जोड़ने का काम करता है। यह बात पीएम मोदी बखूबी जानते हैं। आज गुरुवार को कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में उन्होंने ढोल बजाया। वीडियो में साफतौर पर देखा जा सकता है कि पीएम मोदी हल्की मुस्कान के साथ ड्रम को बजा रहे हैं और सामने जनता खड़ी होकर तालियां बजा रही है। इस वीडियो में ये भी देखा जा सकता है कि पीएम मोदी अपने गले में वहां का पारंपरिक गमछा भी डाले हुए हैं। इससे पहले भी कई मौके ऐसे आए हैं जब पीएम मोदी को पारंपरिक वाद्य यंत्रों को बजाते हुए देखा गया है। जी-20 समिट में शामिल होने के लिए इंडोनेशिया गए पीएम मोदी ने वहां पर भी पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाया था।

जनसंदेश टाइम्स
# मनी मैटर्स
प्रयागराज, शुक्रवार, 20 जनवरी 2023



**सेंसेक्स**
187.31 अंक की गिरावट लेकर 60858.43 अंक पर


**सोना**
113 रुपये की तेजी के साथ 56,755 रुपये प्रति 10 ग्राम

# दुनिया में एक बार फिर मंदी का खतरा मंडराने की आशंका में गिरा बाजार

## सेंसेक्स 187.31 अंक की गिरावट लेकर 61 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 60858.43 अंक पर पहुंचा



**मुंबई।** अमेरिकी उपभोक्ता मांग के कमजोर आंकड़ों से दुनिया में एक बार फिर मंदी का खतरा मंडराने की आशंका में वैश्विक बाजार के गोता लगाने से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर यूटिलिटीज, पावर सीडी, ऊर्जा और एफएमसीजी समेत 12 समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले लगातार दो दिन की तेजी आज थम गई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 187.31 अंक अर्थात 0.31 प्रतिशत की गिरावट लेकर 61 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 60858.43 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 57.50 अंक यानी 0.32 प्रतिशत उतरकर 18107.85 अंक पर आ गया। इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 0.06 प्रतिशत टूटकर 25,171.93 अंक और स्मॉलकैप 0.24 प्रतिशत गिरकर 28,773.27 अंक पर रहा। बीएसई में कुल 3626 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1927 में बिकवाली जबकि 1585 में लिवाली हुई वहीं 114 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 34 कंपनियों के शेयर लुढ़के जबकि 15 में तेजी रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई में 12 समूहों में गिरवट दर्ज की गई। इस दौरान यूटिलिटीज 1.23, पावर 1.02, कमोडिटीज 0.41, सीडी 0.69, ऊर्जा 0.69, एफएमसीजी 0.83, वित्तीय सेवाएं 0.11, हेल्थकेयर 0.37, दूरसंचार 0.64, ऑटो 0.49, बैंकिंग 0.35, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.80 और टेक समूह के शेयर 0.23 प्रतिशत गिर गए जबकि शेष में तेजी का रुख रहा। वैश्विक स्तर पर गिरावट का रुझान रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.65, जर्मनी का डैक्स 0.88, जापान का निक्केई 1.44 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.12 प्रतिशत उतर गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.49 प्रतिशत की तेजी रही।

***रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 81.37 प्रति डॉलर पर***

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 81.37 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी के रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी से रुपये में यह गिरावट आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 81.45 पर खुला और कारोबार के अंत में अपने पिछले बंद भाव से सात पैसे गिरकर 81.37 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपये ने दिन के उच्च स्तर 81.27 प्रति डॉलर को छुआ था। इससे पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 81.30 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.21 प्रतिशत घटकर 102.14 रह गया।

## विक्रम किर्लोस्कर की बेटी मानसी टोयोटा किर्लोस्कर की वाइस चेयरमैन नियुक्त




**नई दिल्ली।** वाहन कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने स्वर्गीय विक्रम किर्लोस्कर की पुत्री मानसी टाटा को तत्काल प्रभाव से अपना नया वाइस चेयरपर्सन नियुक्त किया है। टीकेएम ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि इसके साथ ही वह टोयोटा किर्लोस्कर ऑटो पार्ट्स (टीकेएपी) की भी वाइस चेयरपर्सन बनेंगी। इसमें कहा गया है, टीकेएम के पूर्व वाइस चेयरमैन स्वर्गीय विक्रम एस किर्लोस्कर के असामयिक निधन के बाद निदेशक मंडल की बैठक में इस नियुक्ति फैसला लिया गया है। बयान के अनुसार, मानसी पहले से ही टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड में निदेशक मंडल की सदस्य हैं। इसके अलावा वह टीकेएम के कॉरपोरेट निर्णयों और रणनीतिक संचालन का हिस्सा हैं। टीकेएम के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मसाकाजू योशिमुरा ने कहा, मानसी टाटा भारतीय वाहन उद्योग की अपनी गहरी समझ के साथ सभी को सामूहिक उत्साह देने की दिशा में टीकेएम की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेंगी।" इनके पिता विक्रम किर्लोस्कर का पिछले साल नवंबर में हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया था। किर्लोस्कर सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड ने दिसंबर में टाटा को टोयोटा इंडस्ट्रीज इंजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, किर्लोस्कर टोयोटा टेक्सटाइल मशीनरी प्राइवेट लिमिटेड (केटीटीएम), टोयोटा मैटेरियल हैंडलिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (टीएमएचआईएन) और डेंसो किर्लोस्कर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड (डीएनकेआई) समेत कंपनी की संयुक्त उद्यम कंपनियों के निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में नियुक्त किया था।

## जेट फ्रेट लॉजिस्टिक्स लिमिटेड का राइट्स इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए आज खुलेगा

**नई दिल्ली।** अग्रणी कार्गो और भरोसेमंद फ्रेट फॉरवर्डिंग कंपनी जेट फ्रेट लॉजिस्टिक्स लिमिटेड 37.70 करोड़ रुपये के अपने राइट्स इश्यू को लॉन्च करने की योजना बना रही है। कंपनी गोदाम की खरीद, कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को पूरा करने, नए भौगोलिक क्षेत्रों में प्रवेश करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए कंपनी की विस्तार योजनाओं के लिए धन का उपयोग करने की योजना बना रही है। कंपनी ने राइट्स एंटाइटेलमेंट प्राप्त करने के हकदार इक्विटी शेयरधारकों को निर्धारित करने के उद्देश्य से 11 जनवरी को रिकॉर्ड तिथि के रूप में निर्धारित किया है। कंपनी के राइट्स इश्यू की कीमत 16.25 रुपये प्रति शेयर है। कंपनी का राइट्स इश्यू 20 जनवरी को खुलेगा और 31 जनवरी को बंद होगा। राइट्स एंटाइटेलमेंट के बाजार त्याग की अंतिम तिथि 25 जनवरी, 2023 है। कंपनी 5 रुपये अंकित मूल्य के 2,32,01,892 पूरी तरह से भुगतान किए गए इक्विटी शेयर 16.25 रुपये प्रति इक्विटी शेयर (11.25 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित) की कीमत पर जारी करेगी।

## सुप्रीम कोर्ट का गूगल पर 1,337.76 करोड़ रुपये जुर्माना लगाने के सीसीआई के आदेश पर रोक लगाने से इनकार

### 31 मार्च तक गूगल की अपील का निपटान करने का निर्देश दिया।



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गूगल को झटका देते हुए राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। याचिका में तकनीकी दिग्गज पर 1,337.76 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाने के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई थी। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और जे.बी. पारदीवाला ने एनसीएलएटी के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए इसे 31 मार्च तक गूगल की अपील का निपटान करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि मेरिट के आधार पर इस अदालत की कोई भी राय एनसीएलएटी के समक्ष मामले को प्रभावित करेगी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सीसीआई के आदेश के अनुपालन की अवधि और एक सप्ताह के लिए बढ़ाई जाती है। सुप्रीम कोर्ट 11 जनवरी को एनसीएलएटी के एक फैसले के खिलाफ गूगल की अपील पर विचार करने को सहमत हो गया था। जिसमें सीसीआई द्वारा कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं के लिए उस पर लगाए गए 1,337.76 करोड़ रुपये के जुमार्ने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। एनसीएलएटी में झटका लगने के बाद गूगल ने शीर्ष अदालत का रुख किया, जिसने एंड्रॉइड मोबाइल डिवाइस इकोसिस्टम मामले में कई बाजारों में प्रमुख स्थिति के दुरुपयोग पर सीसीआई के आदेश पर रोक नहीं लगाई।

सीसीआई ने पिछले साल अक्टूबर में आदेश पारित किया था और गूगल ने दो महीने बाद दिसंबर में अपील दायर की थी, इसलिए एनसीएलएटी ने जल्दबाजी न दिखाते हुए इस महीने की शुरूआत में अंतरिम आदेश पारित की।

इसने गूगल को जुमार्ना राशि का 10 प्रतिशत जमा करने का निर्देश दिया। ट्रिब्यूनल ने कहा था कि अपील दायर करने में कोई जल्दबाजी नहीं दिखाई गई, इसलिए गूगल को अंतरिम राहत के लिए दबाव बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। पिछले साल अक्टूबर में सीसीआई ने एंड्रॉइड मोबाइल उपकरणों के संबंध में कई बाजारों में अपनी प्रभावपूर्ण स्थिति का दुरुपयोग करने के कारण कंपनी पर 1,337.76 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया था। सीसीआई ने प्ले स्टोर नीतियों के संबंध में अपनी प्रभावपूर्ण स्थिति का दुरुपयोग करने के लिए कंपनी पर 936.44 करोड़ रुपये का जुमार्ना भी लगाया।

## सैमसंग की नजर इस साल भारत में 5जी स्मार्टफोन की 75 फीसदी बिक्री पर

**नई दिल्ली।** सैमसंग इंडिया ने गुरुवार को कहा कि इस साल अपने 5जी डिवाइस पोर्टफोलियो से 75 फीसदी बिक्री पर कब्जा करने के लिए देश में अपने स्मार्टफोन नेतृत्व को मजबूत करने के लिए भारत में 5जी-पहली रणनीति होगी।दक्षिण कोरियाई कंपनी ने दो नए 5जी स्मार्टफोन - गैलेक्सी ए14 5जी और गैलेक्सी ए23 5जी लॉन्च किए, जिनकी बिक्री शुक्रवार को शुरू होगी।

सैमसंग इंडिया के मोबाइल बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट राजू पुल्लन ने आईएएनएस को बताया- हम न केवल और 5जी स्मार्टफोन लॉन्च करेंगे, बल्कि इस साल 5जी डिवाइस से 75 फीसदी बिक्री हासिल करने के उद्देश्य से देश में अपने 5जी स्मार्टफोन का व्यापक वितरण भी सुनिश्चित करेंगे। पुलन ने कहा कि पिछले साल उनका स्मार्टफोन कारोबार 20 फीसदी से ज्यादा बढ़ा, जिससे उन्हें बाजार हिस्सेदारी मजबूत करने में मदद मिली।

## अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड - एफपीओ 27 जनवरी, 2023 को खुलेगा



**नई दिल्ली।** अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल या कंपनी) ने शुक्रवार, 27 जनवरी, 2023 को आंशिक भुगतान आधार पर जारी कुल 20,000 करोड़ तक के अपने अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (₹एफपीओ') को खोलने का प्रस्ताव दिया है। एफपीओ में ताजा निर्गम ('ऑफर') के जरिए प्रति एफपीओ इक्विटी शेयर मूल्य# (प्रीमियम सहित) पर नकद रूप में कंपनी के 1 अंकित मूल्य के आंशिक चुकता इक्विटी शेयर (₹एफपीओ इक्विटी शेयर₹) शामिल हैं। इस ऑफर में पात्र कर्मचारियों द्वारा सब्सक्रिप्शन के लिए 50 करोड़ तक के कुल एफपीओ इक्विटी शेयरों का आरक्षण शामिल है, जो ऑफर के बाद की चुकता इक्विटी पूंजी के 5% से अधिक नहीं होगा (कर्मचारी आरक्षण हिस्सा)। एफपीओ ऑफर के लिए प्राइस बैंड 3,112 से 3,276 प्रति एफपीओ इक्विटी शेयर तय किया गया है। कम से कम 4 एफपीओ इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 4 एफपीओ इक्विटी शेयरों के गुणक में बोली लगाई जा सकती है। एंकर निवेशकों के लिए बोली लगाने की तारीख बोली/ऑफर खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले होगी। एफपीओ ऑफर मंगलवार 31 जनवरी, 2023 को बंद होगा। यूपीआई मैंडेट समाप्त होने का समय बोली/ऑफर बंद होने की तिथि को शाम 5.00 बजे होगा। प्रस्ताव का खुदरा हिस्सा, खुदरा निवेशकों के लिए 64 प्रति एफपीओ इक्विटी शेयर की छूट पर उपलब्ध होगा और इस तरह की छूट को 18 जनवरी, 2023 के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) का हिस्सा माना जाना चाहिए और इसे आरएचपी से जोड़कर पढ़ा जाना चाहिए।

## पीवीआर ने तीसरी तिमाही के लिए 12.93 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ के साथ बंद किया

**चेन्नई।** मल्टीप्लेक्स सिनेमा प्रमुख पीवीआर लिमिटेड ने गुरुवार को कहा कि उसने वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही को 12.93 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ के साथ बंद किया।नियामक फाइलिंग में, कंपनी ने कहा कि उसने 858.96 करोड़ रुपये (626.28 करोड़ रुपये) की कुल आय पर 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही के लिए 12.93 करोड़ रुपये का टैक्स प्रोफिट (24.53 करोड़ रुपये का वित्त वर्ष 2022 की तीसरी तिमाही में शुद्ध घाटा) दर्ज किया था। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी का कुल खर्च 837.56 करोड़ रुपये (664.56 करोड़ रुपये) रहा। इस बीच, कंपनी ने कहा कि नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी), मुंबई बेंच ने अपने मौखिक आदेश के माध्यम से, पीवीआर लिमिटेड और आईनॉक्स लीजर के बीच समामेलन की प्रस्तावित योजना को अनुमति दी है। कंपनी एनसीएलटी द्वारा पारित आदेश की प्रमाणित सच्ची प्रति प्राप्त होने के अगले 45 दिनों के भीतर आईनॉक्स शेयरधारकों को पीवीआर शेयर जारी करने सहित प्रस्तावित विलय के संबंध में सभी कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने की उम्मीद करती है।

## एसरी इंडिया ने नीति निर्माण की सुविधा के लिए आज पॉलिसी मैप्स पेश किया



**नयी दिल्ली।** भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) सॉफ्टवेयर एवं सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली अग्रणी कंपनी एसरी इंडिया ने भारत में आंकड़ों के आधार पर नीति निर्माण की सुविधा के लिए आज पॉलिसी मैप्स पेश किया। यह घोषणा एसरी इंडिया के वार्षिक आयोजन यूजर कॉन्फ्रेंस में की गई। एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेन्द्र कुमार ने कहा, स्पैटियल डेटा काफी हद तकनीतिगत स्तर पर निर्णय में मदद कर सकता है। नीति निमार्ताओं को आंकड़ों के आधार पर निर्णय करने में समर्थ बनाने के इरादे से हमने एसरी इंडिया पॉलिसी मैप्स विकसित किया है। ये मैप्स जिसमें एसडीजी पर विशेष ध्यान दिया गया है, प्रगति मापने और एसडीजी के बीच संबंधों की पहचान करने में मदद कर सकते हैं। डेटा और एक्शन के बीच अंतर पाटकर पॉलिसी मैप्स के भीतर प्रशासकों को टिकाऊ विकास के लिए त्वरित निर्णय करने में मदद करने की काफी संभावना है। एसरी इंडिया पॉलिसी मैप्स विकसित करने का उद्देश्य नीति निर्माण में आंकड़ों के आधार पर निर्णय में तेजी लाना है। इस पॉलिसी मैप्स को विभिन्न सरकारी कामकाज के लिए सार्थक अंतर्दृष्टि उपलब्ध कराना है जिसमें विशेष ध्यान टिकाऊ विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर दिया गया है। एसडीजी के लिए यह मैप्स इस बात के लिए विस्तृत अंतर्दृष्टि उपलब्ध कराता है कि कैसे भारत 17 एसडीजी को हासिल करने में अग्रणी है। यह इंटरऐक्टिव मैप्स सूक्ष्म स्तर पर आंकड़े उपलब्ध कराता है और हासिल की गई प्रगति का विश्लेषण करने में मदद करता है। एसरी इंडिया पॉलिसी मैप्स में इस्तेमाल डेटा आधिकारिक सरकारी स्त्रोतों से प्राप्त किया गया है।

## भारत में बढ़ेगी स्वर्ण आभूषणों की मांग, वर्ल्ड गोल्ड काउन्सिल ने जारी की स्वर्ण बाजार पर अध्ययन रिपोर्ट



**मुम्बई।** वर्ल्ड गोल्ड काउन्सिल ने आज यहां भारतीय स्वर्ण बाजार पर किये गये अध्ययन पर अपनी रिपोर्ट ज्वैलरी डिमांड एण्ड ट्रेड पेश करते हुये बताया है कि भविष्य में सोने के आभूषणों की मांग आर्थिक वृद्धि, आय में वृद्धि और संपत्ति के वितरण, तथा शहरीकरण की दर के साथ बढ़ेगी। ज्ञातव्य हो कि वल्डे गोल्ड काउन्सिल की जारी रिपोर्ट वर्षों से उपभोक्ता व्यवहार में बदलाव के बाद भारत में सोने के आभूषणों की मांग और महत्व की जांच करती है और यह सोने के आभूषणों के लिए क्षेत्रीय, आय और जनसांख्यिकीय मांग को अलग करते हुए भारत में आभूषण विभाजन पर प्रकाश डालता है। यह आगे भारत के कुछ सबसे बड़े स्वर्ण आभूषण निर्यात स्थलों और उद्योग के लिए एक ठोस दृष्टिकोण की पड़ताल करता है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के भारत के क्षेत्रीय सीईओ, सोमसुंदरम पीआर ने कहा, सोने के जौहरी के दूसरे सबसे बड़े उपभोक्ता के रूप में भारत वैश्विक सोने के बाजारों के समर्थन का एक मजबूत स्तंभ है। जबकि विवाह और त्यौहार गहनों की मांग के महत्वपूर्ण चालक के रूप में कार्य करते हैं, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विश्व वाणिज्य में एक प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में ऐतिहासिक स्थिति सोने के साथ इस मजबूत सामाजिक-आर्थिक संबंध को मजबूत करती है। समय के साथ, हमने सोना जमा करने के अनगिनत कारण और खुशी के मौके बनाए हैं। अकेले ब्राइडल ज्वैलरी सेगमेंट का बाजार में लगभग आधा हिस्सा है, जिसमें ग्रामीण भारत देश में सोने के आभूषणों का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। लंबी अवधि में, भारत में सोने के आभूषणों की मांग आर्थिक विकास, आय वृद्धि और धन वितरण के साथ-साथ शहरीकरण की दर से संचालित होगी। क्या सहस्त्राब्दी के साथ सांस्कृतिक संबंध मजबूत बने रहेंगे या नहीं, यह देखा जाना है। हालांकि इसकी अधिक संभावना है कि मार्केटिंग और डिजिटल प्रगति से इन-स्टोर अनुभवों में बदलाव आ सकता है और केवल पारंपरिक कारणों से परे विभिन्न खरीद आवेगों और क्षणों को प्रेरित किया जा सकता है, सोने के आभूवर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की ओर से अभिवादन! *एजेंसी*

## रॉयल एनफील्ड ने नई सुपर मीटियर 650 लॉन्च की




**नई दिल्ली।** क्रूजर श्रेणी में एक नया कैरेक्टर, स्टाईल और एक्सेसिबिलिटी पेश करते हुए रॉयल एनफील्ड ने नवंबर, 2022 में आईकमा में अपनी खूबसूरत सुपर मीटियर 650 का प्रदर्शन किया। इसके बाद ब्रांड के वार्षिक मोटरसाईक्लिंग महोत्सव - राईडर मानिया में यह मोटरसाईकल अपने सभी रंगों में प्रस्तुत की गई। आज रॉयल एनफील्ड ने भारत और यूरोप में नई सुपर मीटियर 650 का लॉन्च कर दिया। ब्रांड ने इस मोटरसाईकल की रिटेल उपलब्धता और मूल्य की घोषणा कर दी। दो विशेष वैरिएंट्स - सुपर मीटियर 650 और सुपर मीटियर 650 टूरर और सात विशेष रंगों में निर्मित नई सुपर मीटियर 650 3,48,900 रु. (एक्सशोरूम, भारत) और 6,799 ब्रिटिश पाउंड (ओटीआर, यूके) एवं 7,890 यूरो (एमएसआरपी, फ्रांस) के शुरूआती मूल्य में उपलब्ध होगी। भारत में इस मोटरसाईकल का डिस्प्ले और बुकिंग आज शुरू हो गए, और इसकी डिलीवरी फरवरी से शुरू होगी। यूरोप में भी बुकिंग आज से शुरू होगी, और रिटेल मार्च 2023 के मध्य से शुरू हो जाएगा। नई सुपर मीटियर 650 के बारे में सिद्धार्थ लाल, मैनेजिंग डायरेक्टर, आयशर मोटर्स लिमिटेड ने कहा, सुपर मीटियर 650 कई सालों से मिडिलवेट सेगमेंट में हमारे केंद्रण और प्रयासों के बाद विकसित हुई है, और यह हर मामले में थौरोब्रेड, रेट्रो क्रूजर है। इसकी डिजाईन लैंग्वेज, ज्योमेट्री, फॉर्म-फैक्टर और खूबसूरत 650 सीसी ट्विन इंजन इसे अपनी श्रेणी में सबसे खूबसूरत, एक्सेसिबल और सक्षम क्रूजर बनाता है। सुपर मीटियर 650 के लॉन्च के अवसर पर रॉयल एनफील्ड के सीईओ, बी गोविंदराजन ने कहा, ह्यह्यहमने न केवल बेहतरीन मोटरसाईकल बनाने, बल्कि उन प्रस्तावों की नवकल्पना पर भी ध्यान केंद्रित किया है, जो पारंपरिक मोटरसाईक्लिंग के सेगमेंट से बढ़कर हैं। हमारे पोर्टफोलियो में थंडरबर्ड को रिप्लेस करने वाली रॉयल एनफील्ड मीटियर 350 ने यह दिखा दिया। इसने न केवल पूरी दुनिया में राईडर्स के लिए क्रूज़िंग को आसान बना दिया, बल्कि यह यूरोप और दुनिया के अन्य हिस्सों में हमारी सबसे ज्यादा बिकने वाली मोटरसाईकल्स में से एक बन गई। सुपर मीटियर 650 क्रूज़िंग के सेगमेंट में एक नई जान फूंक देगी, और एक ऑथेंटिक, एक्सेसिबल एवं मिड-सेगमेंट क्रूजर के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर लेगी। *एजेंसी*

### संक्षेप

## फ़्लिपकार्ट होलसेल, रिटेलर्स और किराना व्यापारियों के लिए लाए हैं गणतंत्र दिवस विशेष

**बेंगलुरू।** आज फ़्लिपकार्ट होलसेल, जो कि भारत के स्वदेशी फ़्लिपकार्ट समूह का डिजिटल बी2बी बाजार है, अपने बी2बी सदस्यों के लिए गणतंत्र दिवस विशेष शुरू करने जा रहा है। 'मुनाफे की परेड' थीम के साथ, कंपनी का उद्देश्य है अपने सदस्यों का लाभ और बचत बढ़ाना, ऑफर अवधि में उत्पादों के विस्तृत चयन पर अभूतपूर्व डील्स के साथ। ईवेंट जनवरी 19-26, 2023 के दौरान रहेगा, फ़्लिपकार्ट होलसेल स्टोर और ऑनलाइन चैनल्स पर। ईवेंट के आरंभ के बारे में टिप्पणी करते हुए, कोटेश्वर एल एन, फ़्लिपकार्ट के बिजनेस हेड ने कहा कि "हम 74वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर हमें मुनाफे की परेड थीम से साथ ये खास ईवेंट शुरू करते हुए बहुत हर्ष हो रहा है अपने उन सदस्यों के लिए, जिन्हें इससे अत्यधिक लाभ होगा और वो ज्यादा बचत का लाभ भी ले सकेंगे। यह प्रयास मूल्य प्रदान करने और हमारे देश के छोटे व्यापारियों को सशक्त करने के हमारे दृष्टिकोण को बढ़ाएगा, जो हमारी अर्थव्यवस्था के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। हमारी मूल प्रतिबद्धता के अनुसार हम ऐसे ईवेंट्स लाते रहेंगे जो हमारे सदस्यों को अपने अंतिम उपभोगताओं के लिए मूल्यवृद्धि करने और अपना व्यापार और लाभ बढ़ाने के अवसर प्रदान करेगा। ज्यादा लाभ और महत्वपूर्ण बचत पर केंद्रित राष्ट्रीय महा ईवेंट, आकर्षक ऑफर और डील्स का संग्रह है, जिसमें '74 रीपब्लिक डील्स', 'ब्रांड बिल बस्टर्स' और अन्य ऑफर शामिल हैं स्टोर और ऑनलाइन सदस्यों के लिए, विशेष तौर पर उनके लिए जो टी-2+ शहरों में रहते हैं। फ़्लिपकार्ट होलसेल का तकनीकी कौशल और व्यापार की गहरी समझ, किरानों और एमएसएमई को समग्र और सार्थक विकास का पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करता है। अपने डिजिटल-फर्स्ट दृष्टिकोण के कारण, प्लेटफॉर्म कई मूल्यवर्धन प्रदान करता है जो छोटे ब्रांड्स को सूचित व्यापार निर्णय लेने में मदद करता है। प्लेटफॉर्म के व्यापक तंत्र के माध्यम से, एसएमई ब्रांड्स को दृश्यता और अखिल भारतीय व्यापार तक पहुँच मिलती है।

## फोनपे ने जनरल अटलांटिक के नेतृत्व में $12 बिलियन के मूल्यांकन पर विकास फंड जुटाया

**बेंगलुरु।** भारत और न्यूयॉर्क, एनवाई झ, 2023 झ फोनपे, भारत के सबसे बड़े फिनटेक प्लेटफॉर्मों में से एक, ने आज घोषणा की कि उसने $12 बिलियन के प्री-मनी वैल्यूएशन पर एक प्रमुख वैश्विक विकास इक्विटी फर्म, जनरल अटलांटिक से फंडिंग में $350 मिलियन जुटाए हैं। जनरल अटलांटिक निवेश $1 बिलियन तक की कुल फंड उठाने की पहली किश्त है, जिसे फोनपे ने जनवरी 2023 में शुरू किया था। अन्य नए प्रमुख वैश्विक और भारतीय निवेशकों को पहले ही दूसरी किश्त के लिए साइन अप कर लिया गया है, जिसकी अगले महीने पूरा होने की उम्मीद है। फोनपे द्वारा हाल ही में फंड उठाने, मूल स्थान के सिंगापुर से भारत में परिवर्तन करने की घोषणा और फ्लिपकार्ट से पूर्ण अलगाव के बाद की गई है। फोनपे की योजना बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश करने के लिए नए फंड लाने की है, जिसमें डेटा केंद्रों का विकास और देश में बड़े पैमाने पर वित्तीय सेवाओं की पेशकश में मदद करना शामिल है। कंपनी बीमा, धन प्रबंधन और उधार सहित नए व्यवसायों में निवेश करने की भी योजना बना रही है। फंड उठाने से फोनपे को समर्थन मिलने की उम्मीद है क्योंकि यह भारतीयों के लिए अधिक वित्तीय समावेशन को सक्षम करने के लिए वढकलाइट और वढकपर क्रेडिट सहित भारत में वढकभुगतानों के लिए विकास की अगली लहर को टर्बो-चार्ज करना चाहता है।ग्मैं जनरल अटलांटिक और हमारे सभी मौजूदा और नए निवेशकों को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने हम पर विश्वास किया है।

## यस बैंक ने अपने अल्ट्रा एचएनआई ग्राहकों के लिए यस प्राइवेट डेबिट कार्ड लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** यस बैंक ने मास्टरकार्ड के साथ साझेदारी में बैंक के अल्ट्रा-हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल (यूएचएनआई) ग्राहकों के लिए यस प्राइवेट डेबिट कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की। यात्रा, तंदुरूस्ती, जीवन शैली जैसी श्रेणियों की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास सुविधाओं और विशेषाधिकारों से लैस, सभी नए डेबिट कार्ड को विशेष रूप से संपन्न पेशेवरों और उद्यमियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। बैंक ने मास्टरकार्ड के प्रीमियम वर्ल्ड एलीट प्लेटफॉर्म पर कार्ड लॉन्च किया है - यूएचएनआई ग्राहकों के लिए एक सिग्नेचर ग्लोबल प्रोग्राम। इसके साथ, यस बैंक इस प्लेटफॉर्म पर डेबिट कार्ड लाने वाला एशिया पैसिफिक का पहला बैंक बन गया है। राजन पेंटल, ग्लोबल हेड - रिटेल बैंकिंग, यस बैंक ने कहा, यस बैंक में, हम अपने ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों और आकांक्षाओं को समझते हैं और इन गतिशील आवश्यकताओं से मेल खाने वाले समाधान लाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यस प्राइवेट डेबिट कार्ड के लॉन्च के साथ हमारा उद्देश्य अपने कार्ड प्रस्ताव को और भी मजबूत करना है। कार्ड हमारे व्यापक नेटवर्क और मजबूत संबंधों का लाभ उठाकर यस प्राइवेट ग्राहकों को विश्व स्तर के विशेषाधिकारों तक निर्बाध पहुंच प्रदान करेगा। हमारा मानना है कि नया डेबिट कार्ड एक आकर्षक प्रस्ताव है जो यात्रा, स्वास्थ्य, जीवन शैली और विलासिता में सर्वश्रेष्ठ लाभ प्रदान करता है, जिससे हमारे अमीर ग्राहकों को एक बेजोड़ बैंकिंग अनुभव मिलता है।

## क्रिप्टोकरेंसी ब्रोकर जेनेसिस दिवालिया घोषित होने के लिए दे सकती है आवेदन

**लंदन।** पॉपुलर क्रिप्टोकरेंसी ब्रोकर जेनेसिस दिवालिया घोषित होने के आवेदन कर सकती हैं। यह जानकारी अंदरूनी सूत्रों ने दी है। डेली मेल के मुताबिक, सैम बैंकमैन-फ्राइड के एफटीएक्स के बाद यह फर्म क्रिप्टोकरेंसी बाजार में अगला शिकार हो सकती है। मामले के जानकार लोगों के अनुसार, जेनेसिस दिवालिया घोषित होने के लिए आवेदन दाखिल करने के अंतिम चरण में है। वेंचर कैपिटल फर्म डिजिटल करेंसी ग्रुप के स्वामित्व वाली यह कंपनी कुछ समय से दिवालिएपन के लिए फाइल करने पर विचार कर रही थी, क्योंकि कथित तौर पर कंपनी पर देनदारों का 3 बिलियन डॉलर से अधिक का बकाया है। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, जिनका पैसा बकाया है उनमें कैमरून और टायलर विंकलेवोस के स्वामित्व वाले जेमिनी शामिल है। जेमिनी ने नवंबर में बैंकमैन-फ्राइड के खुद के चैप्टर 11 फाइलिंग के बाद कथित तौर पर अपने ग्राहकों के 900 मिलियन डॉलर से अधिक के फंड को एक्सचेंज से गायब होते देखा। डेली मेल के अनुसार, क्रिप्टो मैग्नेट बैरी सिलबर्ट द्वारा स्थापित जेनेसिस जैसे ऋणदाताओं को एफटीएक्स की अब-डिफंक्ट ट्रेडिंग फर्म अल्मेडा रिसर्च और इसके हेज फंड बैकर थ्री एरो कैपिटल की आपूर्ति करने वाले ऋणों से भारी नुकसान हुआ है, दोनों ने दिवालियापन के लिए आवेदन दिया है। ब्लूमबर्ग ने बुधवार को एक नई रिपोर्ट प्रकाशित की, जिससे पता चला है कि विंकलेवोस, जेनेसिस को उधार दिए गए पैसे की वसूली करना चाहता है, न्यूयॉर्क स्थित ऋणदाता ने कह दिया है कि वह अपने लेनदारों को वापस भुगतान करने के लिए धन नहीं जुटा सकता। कुल मिलाकर, जेनेसिस और उसके मालिक डिजिटल करेंसी ग्रुप का देनदारों पर 3 बिलियन डॉलर से अधिक का बकाया है।

## घरेलू हवाई यातायात में वृद्धि जारी, लगभग 47 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली।** घरेलू हवाई यातायात में वृद्धि जारी है, जनवरी-दिसंबर 2022 के दौरान घरेलू एयरलाइनों द्वारा ले जाए गए यात्री पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 8.38 करोड़ की तुलना में 12.32 करोड़ थे, जिससे वार्षिक वृद्धि 47.05 प्रतिशत और मासिक वृद्धि 13.69 प्रतिशत दर्ज की गई।विमानन नियामक डीजीसीए द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में दिसंबर के दौरान घरेलू एयरलाइनों द्वारा लगभग 1.27 करोड़ यात्रियों को ले जाया गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि के दौरान यह संख्या 1.12 करोड़ थी। एयरलाइंस का पैसेंजर लोड फैक्टर या ऑक्युपेंसी 80 से 90 प्रतिशत की सीमा में उच्च स्तर पर रहा। नई लॉन्च की गई अकासा एयर ने दिसंबर के दौरान 83.8 फीसदी ऑक्यूपेंसी दर्ज की। दिसंबर महीने के दौरान स्पाइसजेट ने सबसे अधिक 92.7 प्रतिशत की ऑक्यूपेंसी दर्ज की, यानी 92.7 प्रतिशत सीटें भरी हुई थी। जबकि इंडिगो ने 87.5 प्रतिशत पैसेंजर लोड फैक्टर देखा।

# युवती के सिर में गोली मारकर हत्या, दो चढ़े पुलिस के हत्थे

**कार्रवाई**

**हत्यारों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा मय खोखा कारतूस व मोटरसाइकिल बरामद**



युवती की हत्या में शामिल गिरफ्तार आरोपियों को पकड़ कर ले जाती पुलिस

**भदोही।** बुधवार की सायं थाना सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत निवासिनी नाबालिक युवती उम्र करीब 16 वर्ष को गांव के बाहर खेत में सिर में गोली मार दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गयी और घायलावस्था में मजरुब को अस्पताल भेजा गया, जहां पर चिकित्सकों द्वारा मजरुब उपरोक्त को मृत घोषित कर दिया गया।

घटना के संबंध में मृतका के परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर दो नामजद आरोपियों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। पुलिस उपमहानिरीक्षक विंध्याचल, परिक्षेत्र मिजार्पुर व पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा फील्ड यूनिट व डॉग स्क्वायड के साथ रात्रि में ही घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के शीघ्र अनावरण हेतु टीमों का गठन किया गया। पुलिस के अनुसार बीरमपुर तिराहे के पास से वांछित हत्यारो के गिरफ्तारी हेतु घेराबन्दी कर चेकिंग की जा रही थी तभी अभियुक्तगण मोटरसाइकिल से आते दिखे, पुलिस द्वार रोकने पर अभियुक्तों द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मसुरक्षार्थ जवाबी फायरिंग करते हुए मुठभेड़ मे अरविन्द विश्वकर्मा उर्फ पंचू पुत्र शारदा विश्वकर्मा व सुनील विश्वकर्मा उर्फ दारा पुत्र शारदा विश्वकर्मा निवासीगण ग्राम मीनापुर थाना ऊँज जनपद भदोही को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल अवैध तमंचा मय दो अदद खोखा कारतूस व मोटरसाइकिल पैशन प्रो बरामद किया गया। पुलिस टीम पर अभियुक्तों द्वारा जान से मारने की नियत से किये गये फायरिंग की घटना व अवैध तमंचा कारतूस बरामदगी के संबंध में भी अभियुक्तों के विरूद्ध समन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक सुरियावां राकेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक प्रमोद सिंह यादव, मुख्य आरक्षी प्रदीप कुमार, पंकज कुमार, सुनील सिंह, महिला आरक्षी अन्नपूर्णा थाना सुरियावां आदि गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में शामिल रहे।

## डेहरिया के पीएम आवास के लाभार्थी पहुंचे ब्लॉक मुख्यालय, किया प्रदर्शन

**ज्ञानपुर।** विकास खंड ज्ञानपुर के डेहरिया दयाराम गांव की बड़ी संख्या मे महिलाओं ने गोपीगंज स्थित ब्लाक मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर सेक्रेटरी के खिलाफ जमकर भड़ास निकाला। कहा कि सुविधा शुल्क न देने पर पीएम आवास में अपात्र बना दिया गया है। गोपीगंज के डेहरिया दयाराम गांव निवासी एक दर्जन से अधिक गरीबों को अपात्र बनाकर पीएम आवास से वंचित कर दिया गया। उनका आरोप है कि सुविधा शुल्क न देने पर उनको अपात्र बना दिया। जिसको लेकर नाराज लाभार्थी ब्लाक दिवस मे पहुचे और कार्यालय पर प्रदर्शन किया व ज्ञापन सौंप कर जांच की मांग की। इस दौरान ग्राम प्रधान रामनरेश ने खंड विकास अधिकारी को पत्र देकर सेक्रेटरी पर कुछ लोगो के दबाव मे काम करने का आरोप लगाया। कहा कि जिनको अपात्र बताया जा रहा है सभी पात्र है। खंड विकास अधिकारी ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया कहा कि किसी पात्र को इससे वंचित नही किया जा सकता। विरोध प्रदर्शन करने वालों में शकुंतला देवी पत्नी कृष्ण कुमार, मीना देवी, राजकुमार, इसरावती देवी, चिंता, अंजू देवी, सुरेंद्र, गीता, दिनेश, सरोजा देवी, सीता, रामलाल, निर्मला आदि रहे।

# एमबीएस हॉस्पिटल में डीएम ने किया अल्ट्रासाउण्ड कक्ष का उद्घाटन

**शुभारंभ**

**महिलाओं के स्वास्थ्य की दिशा में अल्ट्रासाउण्ड सुविधा एक महत्वपूर्ण कदमः डीएम**

**शशी एवं जनता डायग्नोस्टिक सेन्टर पर भी निःशुल्क अल्ट्रासाउण्ड सुविधा उपलब्धः जिलाधिकारी**

**जनसंदेश न्यूज**



एमबीएस हॉस्पिटल में अल्ट्रासाउण्ड कक्ष का उद्घाटन करते डीएम

**भदोही।** बुधवार को महाराजा बलवन्त सिंह हास्पिटल भदोही में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने अल्ट्रासाउण्ड कक्ष का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि अब जनपद में महिलाओं के स्वास्थ्य के दृष्टिगत अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा अनवरत प्राप्त होगी।

उन्होने कहा कि भदोही की जनता को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए शासन प्रशासन प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अन्तर्गत सरकार द्वारा अनुबन्धित दो अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रो शशी डायग्नोस्टिक सेन्टर पर ब्लाक औराई, गोपीगंज, डीघ एवं जनता डायग्नोस्टिक सेन्टर पर ब्लाक भदोही सुरियावॉ एवं अभोली की जनता को निःशुल्क अल्ट्रासाउण्ड सुविधा प्राप्त होगी। माना जारहा है कि इससे उन लोगो को बहुत बड़ा लाभ मिलेगा जो धन के अभाव में समय से अल्ट्रासाउंड नहीं करा पाते थे।

जिसे सही समय पर सही इलाज नहीं हो पाता था। एमबीएस हॉस्पिटल के चिकित्सक प्रदीप भट्ट ने बताया कि लोगो को अल्ट्रासाउंड की सुविधा अभी हफ्ते में दो दिन बुधवार और शनिवार को मिल पाएगी।

# अध्यापिकाओं ने स्कूटी रैली निकाली यातायात नियमों के पालन की अपील



अध्यापिका और महिला आरक्षी स्कूटी रैली निकालने की तैयारी

**भदोही।** डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गुरुवार को ?यातायात सड़क सुरक्षा?अभियान के दृष्टिगत अध्यापिकाओं और महिला आरक्षियो द्वारा स्कूटी रैली निकाली गयी। राजेश भारती, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्कूटी रैली में वाहन चलाते समय मोबाइल फोन एवं ड्रिंकिंग इन ड्राइविंग व बिना नंबर प्लेट व गलत नंबर प्लेट के वाहन का प्रयोग न करने हेतु जागरूक किया गया। वाहन चलाते समय दो पहिया वाहन पर हेलमेट व चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु पुलिस लाइन ज्ञानपुर से गुलाबधर इंटर कॉलेज तक स्कूटी रैली निकाली गई। स्कूटी रैली में मुख्य रुप से महिला पुलिस कर्मी, महिला शिक्षक एवं अन्य महिला कर्मचारियों द्वारा अपनी-अपनी स्कूटी द्वारा हेलमेट के साथ स्कूटी रैली में सहभागिता की गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला शिक्षिका शिल्पी अग्रवाल और ज्ञानपुर खण्ड शिक्षाधिकारी यशवंत सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान एआरटीओ, यात्रीकर अधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक व यातायात प्रभारी आदि मौजूद रहे।

## बीईओ ने विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षा की गुणवत्ता पर दिया बल

**सुरियांवा।** खण्ड शिक्षाधिकारी सुरियावां सुमन केसरवानी द्वारा गुरुवार को कई विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय महदेपुर के निरीक्षण के दौरान 214 छात्र के सापेक्ष 161 छात्र उपस्थित पाए गए और सभी अध्यापक उपस्थित पाए गए। ऑपरेशन कायाकल्प में चारदीवारी निर्माण कार्य गतिमान मिली। खंड शिक्षा अधिकारी ने ग्राम प्रधान से फोन पर वार्ता कर कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का अनुरोध किया और अभिभावकों से संपर्क कर छात्र उपस्थिति में और सुधार करने का निर्देश सभी अध्यापकों को दिया गया। तत्पश्चात प्राथमिक विद्यालय खरगपुर में 235 छात्र के सापेक्ष 113 छात्र उपस्थिति न्यून मिलने पर एवं गेट के सामने परिसर अव्यवस्थित मिलने पर साफ सफाई कराने एवं कमपोजिट ग्रांड से मरम्मत कराने का निर्देश दिया। इसी क्रम में भारतीय कला दर्शन पूर्व माध्यमिक विद्यालय खरगपुर का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें 348 छात्र का नामांकन है उसके सापेक्ष 176 छात्र उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान सभी अध्यापकों को अवगत कराया गया कि डीबीटी से लाभान्वित जिन अभिभावकों द्वारा यूनिफॉर्म स्वेटर जूता, मोजा, स्कूल बैग क्रय नहीं किया गया है उनके बच्चों के अभिभावकों को चिन्हित कर लिया जाए और उसकी सूची विभाग को एवं कोटेदार को उपलब्ध कराया जाए, उन्हें राशन ना देने के लिए टोका जाए।

# एसडीएम ने निकायों में होने वाले रैपिड सर्वे को लेकर इओ संग की बैठक



बैठक के दौरान इओ पालिका परिषद भदोही को आवश्यक निर्देश देते एसडीएम कृपा शंकर पांडेय

**भदोही।** निकाय चुनाव के लिए नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों में होने वाले रैपिड सर्वे को लेकर कवायद शुरू हो गई है। इसके लिए गुरुवार को एसडीएम कृपाशंकर पांडेय ने अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी ने बैठक में मौजूद नगर पालिका परिषद भदोही व नगर पंचायत नई बाजार तथा नगर पंचायत सुरियावां के अधिशासी अधिकारियों से कहा कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव के लिए रैपिड सर्वे का कार्य शुरू होना है। इसके लिए प्रगणकों की नियुक्ति की जानी है। उन्होंने वहां पर मौजूद सभी तीनों स्थानीय निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि होने वाले रैपिड सर्वे के लिए प्रगणकों की नियुक्ति के लिए उनके उपर जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऐसे में सभी अधिशासी अधिकारी प्रगणकों की नियुक्ति करें। जिससे की रैपिड सर्वे का काम शुरू हो सकें। इस मौके पर तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति, नगर पालिका परिषद भदोही के इओ जी लाल व नगर पंचायत सुरियावां से ईओ सोनल जैन तथा नई बाजार नगर पंचायत से अमित सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

## छात्रसंघ चुनाव को लेकर सौंपा ज्ञापन

**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में छात्र संघ चुनाव की तिथि की घोषणा के सम्बंध में छात्र नेता धीरज कुमार दूबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल चीफ प्राक्टर से मिला और ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग किया कि कई कालेजो में छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित कर दी गयी है। लेकिन अभी तक काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित नही की गयी है जिससे छात्र नेताओ में आक्रोश बना हुआ है। कालेज प्रशासन ने आश्वासन दिया कि एनएएसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनाव के तिथि की घोषणा कर दी जायेगी। छात्र नेता ने कहा कि एनएएसी की समय अवधि पूरी होने के बाद भी अभी तक चुनाव अधिकारी नियुक्त नही किये गये है। कहा कि चुनाव अधिकारी घोषित नही किया गया तो छात्र आन्दोलन करने को बाध्य होगे। प्रतिनिधि मण्डल में प्रमुख रूप से सूरज, वकल, अरविन्द, संगम, अमन दूबे, हरिकिशन दूबे, शुभम उपाध्याय, अरूण दूबे आदि रहे।

# भदोही में कोविड की प्री-काशन डोज से वंचित 6,76, 503 व्यक्ति

**जनसंदेश न्यूज**

**अभियान**

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने 18 प्लस के लोगों से की टीका लगवाने की अपील**

**ज्ञानपुर।** कोविड-19 से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान की पुनः शुरूआत कर दी गयी है। जनपद में अभी तक पर बूस्टरडोज से 6 लाख 76 हजार 503 लोग वंचित हैं। गुरुवार से इसकी शुरूआत जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर की गयी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही ने बताया है कि कोविड-19 से बचाव के लिए टीकाकरण आवश्यक है। 18 प्लस के लोग भी टीकाकरण करवा लें।

टीकाकरण करने में 44 फीसदी लोगों ने बूस्टर डोज ले रखा है। जो भी व्यक्ति तीन स्तरीय टीकाकरण से अभी तक वंचित हैं उन्हें आवश्यक रूप से टीकाकरण कराना चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पताल में टीकाकरण की शुरूआत गुरुवार 19 जनवरी से शुरू हो गई है। अब तक जिन लोगों ने कोविड-19 खुराक नहीं ली है वह सम्बंधित केंद्र पर पहुंचकर टीकाकरण अवश्य कराएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया है कि खुद को कोविड से सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण आवश्यक है।

उन्होंने बताया है कि जनपद में अभी तक बूस्टरडोज से 6 लाख 76 हजार 503 लोग वंचित हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अनुसार साढ़े छ लाख से अधिक लोगों ने अभी तक बूस्टरडोज नहीं लिया है। जबकि पड़ोसी मुल्क चीन में बढ़ते कोविड के प्रभाव के चलते हर व्यक्ति के लिए टीका जरुरी है। सुरक्षा और बचाव के लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण उपलब्ध है। आप वहां पहुंचकर टीका लगवा सकते हैं।

# चोरी हुआ ट्रक 72 घंटे के अंदर बरामद, चार गिरफ्तार

**जनसंदेश न्यूज**



गिरफ्तार अभियुक्तों के बारे में जानकारी देते सीओ सिटी कुलदीप गुप्ता

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना पुलिस ने सोमवार की रात चोरी हुआ ट्रक 72 घंटे के भीतर बरामद कर चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता में सीओ सिटी कुलदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि लाइन बाजार के चांदपुर बालू मंडी से सोमवार की रात चोरी हुए ट्रक के संबंध में मुकदमा दर्ज हुआ था।

गुरुवार को थाने के निरीक्षक (अपराध) जय प्रकाश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम रसैना तिराहा के पास संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मिले सुराग पर तिवारीपुर तिराहा के पास जगतगंज में कबाड़ कारोबारी की दुकान पर दबिश देकर चोरी किए गए ट्रक को बेचने के संबंध में सौदा कर चार व्यक्तियों को धर दबोचा। ट्रक के नंबर प्लेट पर वढ62 ढ-7839 लिखा था। ट्रक के चेसिस व इंजन नंबर की छानबीन करने पर रजिस्ट्रेशन नंबर वढ77अठ-4901 निकला। सख्ती से पूछताछ में आरोपितों ने बरामद ट्रक को चांदपुर बालू मंडी से चोरी करना स्वीकार किया।

गिरफ्तार आरोपितों में विशाल गौतम उर्फ कल्लू निवासी मदारपुर थाना सरपतहां, शिवम गौतम, हर्ष कश्यप निवासी ग्राम मनिया थाना सरायख्वाजा व पिंटू गुप्ता ग्राम रामपुर नदी कोतवाली मड़ियाहूं हैं। पुलिस ने आरोपितों का चालान कर दिया। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम में एसआइ सुधीर कुमार, सिविल लाइन पुलिस चौकी प्रभारी गिरीश मिश्रा, हेड कांस्टेबल कमलेश कुमार पांडेय, अनूप कुमार, अजीत दुबे व कांस्टेबल विनोद कुमार भी रहे।

## स्टीमेट छह हजार का खरीद लिया नौ हजार में प्लास्टिक बैग

**ज्ञानपुर।** स्वच्छ भारत मिशन के फेज 2 में मॉडल के रूप में 17 गांव को विकसित किया जा रहा है। जहां गीला सूखा कचरा निस्तारण संग कई जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। जिस पर पांच करोड़ से अधिक की रकम भी खर्च की जा रही है। बजट स्वीकृत होने के बाद अभी काम शुरू हुआ कि गड़बड़ी भी सामने आने लगी है। तकनीकी जांच एवं स्टीमेट आदि तैयार करने के लिए रखे गए जेई प्रधान और सचिवों की मनमानी भी पकड़? लगे हैं। ताजा मामला डीघ ब्लॉक के गोधना और बैरीबीसा में आया है। जहां ग्राम प्रधानों ने स्टीमेट करीब छह हजार से डेढ़ गुना अधिक नौ हजार में प्लास्टिक बैग की खरीद कर लिया। मामला संज्ञान में आने पर डीपीआरओ ने प्रधानों को तलब किया। इसी तरह औराई के कैयरमऊ में भी गड़बड़ी सामने आई है। जिला पंचायत राज अधिकारी राकेश कुमार यादव ने कहा कि स्टीमेट से अधिक रकम खर्च करना नियम विरूद्ध है। दोनों प्रधानों और सचिवों को तलब किया है। अधिक धनराशि खर्च करने पर उसकी रिकवरी कराई जाएगी। जिले में मॉडल के रूप में विकसित होने वाले 17 राजस्व गांव के विकास कार्यो में भी धांधली शुरू हो गई है।

# चोरों ने उड़ाए नकदी और जेवरात



**सुइथाकला।** बीती रात जमदरा गाँव में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लोगों के शोर शराबे के बावजूद नकदी और जेवरात उड़ा डाला जबकि चौकी प्रभारी ने चोरों के प्रयास को असफल बताया।

बताया जाता है कि चौकी क्षेत्र के जमदरा गांव निवासी रामधारी यादव के घर को बुधवार रात चोर निशाना बनाते हुए घर के पीछे नीम के सहारे छत पर चढ़ गए। सीढ़ियों के माध्यम से घर के अंदर घुस गए। उस समय पूरा परिवार सो रहा था। चोरों ने कमरों के बाहर की दरवाजे पर कुंडी लगाकर ताला बन्द कमरे के ताले को तोड़कर उसमें रखे 22,200 रुपये नकद समेत दो पेटी, चैन, अंगूठी, झाला, झुमका 2 अदद को उड़ा डाला। हालांकि आहट पाने पर परिवार वालों ने शोर मचाया लेकिन चोर फरार होने में सफल रहे। पीड़ित परिवार की माने तो वे तीन की संख्या मे थे। मामले में चौकी प्रभारी सुनील कुमार के अनुसार चोर घुसे थे, लेकिन परिवार वालों के जग जाने से उनके चोरी का प्रयास असफल रहा।

## संक्षेप

### अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पिस्टल व कारतूस बरामद



**बदलापुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सरोखनपुर स्थिति रामजानकी तिराहे के पास 12 दिसंबर 2022 की रात्रि करीब 9 बजे एचएस योगेश यादव को गोली मारकर हत्या करने के आरोप में जेल में बंद अभियुक्त पुष्पेन्द्र उर्फ बंटी दुबे पुत्र सुनील दुबे को बदलापुर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को रिमांड में लेकर कोतवाली पहुंची और पूंछताछ के बाद उक्त हत्याकांड मे प्रयुक्त किये गये असलहे एक 32 बोर देशी पिस्टल और एक 32 बोर जिंदा कारतूस को अभियुक्त की निशानदेही पर पट्टी दयाल ग्राम पंचायत स्थित जंगल से पुलिस ने बरामद करते हुए बरामदगी के आधार के अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

### सैदपुर को हराकर मोथहा ने जीता उद्घाटन मैच

**जफराबाद।** क्षेत्र के ग्यासपुर गांव में प्राथमिक विद्यालय के मैदान में गुरुवार को शिव शक्ति क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ. सरफराज खान ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में मोथहा की टीम ने सैदपुर को हराकर उद्धघाटन मैच जीत लिया। प्रतियोगिता का पहला मैच मोथहा तथा सैदपुर की टीम के बीच काफी कड़ा मुकाबला हुआ। मुकाबले में मोथहा की टीम 7 विकेट से विजई हुई। इसके पूर्व प्रतियोगिता का बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ. सरफराज खान ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। अपने वक्तव्य में डॉ. सरफराज खान ने कहा कि आज की पीढ़ियों को खेल प्रतियोगिता करवाने की जरूरत है ताकि जो आज के बच्चे सिर्फ मोबाइल तक समिति रह गए है उनका शारीरिक और बौद्धिक विकास हो सके। मोबाइल में सिर्फ ऊँगली का ही विकास हो पाता है और बाकी शरीर के अन्य अंगों का विकास नहीं हो पाता है। खेल को प्रेम के साथ खेलना चाहिए। विजेता टीम की तरफ से मैन ऑफ द मैच नवीन निषाद रहे। संचालन सजल यादव ने किया। इस मौके पर विवेक जायसवाल, रिजवान खान, ओवैस खान, तारिक खान, मृत्युंजय यादव, विकास यादव, शिवशंकर विश्वकर्मा, सुरेंद्र, तुषार, गोलू, भोले, प्रिंस, सोनू, मोनु आदि लोग उपस्थित रहे।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सुइथाकला।** सरपतहां गांव में गुरुवार की दोपहर एक युवती ने अपने कमरे में फांसी के सहारे आत्महत्या कर लिया। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुटी है। गांव निवासी जमुना प्रसाद यादव की 18 वर्षीया पुत्री रूमी का शव दोपहर ढाई बजे उसी के कमरे में साड़ी के सहारे लटका हुआ पाया गया। स्वजनों ने देखा तो चीख पुकार मची और पुलिस को सूचना दी गई। मृतका के स्वजनों के अनुसार वह पढ़ाई-लिखाई को लेकर काफी अवसाद में थी किंतु वह इस तरह का एक कदम उठा कर लेगी इसका जरा भी भान उन्हें नहीं था।

### हरा पेड़ काटने के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**महराजगंज।** थाना क्षेत्र तेजीबाजार के गौरा कला ग्राम सभा में बिना किसी अनुमति के शीशम का हरा पेड़ काट लेने पर पिपरी निवासी अखिलेश नारायण सिंह ने तेजी बाजार थाने में तहरीर देकर भारतीय वन अधिनियम 4 व 10 धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया। अखिलेश नारायण सिंह ने थाने पर लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया कि हमारे आराजी नंबर की जमीन में हरा शीशम का पेड़ था जिसमें गौरा कला गांव के राहुल सरोज बिना किसी अनुमति के 4 शीशम का हरा पेड़ काट कर उठा ले गए जिसमे ओम नारायण सिंह ने थाना तेजी बाजार को सूचित किया। वहीं पुलिस मामले को संज्ञान में लेते हुए वन अधिनियम के संबंधित धाराओं में गौरा कला निवासी राहुल सरोज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुटी।

### 11000 बोल्ट विद्युत सप्लाई तार काट ले गए चोर

**बदलापुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत वार्ड नंबर-3 बरौली में सिंगरामऊ फीडर से बिद्युत सप्लाई होती है। बुधवार की रात्रि 11 हजार बोल्ट बिद्युत सप्लाई के तार को ही अज्ञात चोर काटकर उठा ले गए। रात्रि भर उक्त वार्ड में बिद्युत सप्लाई नहीं आई तो वार्ड वासियों ने इसकी जानकारी की तो पता चला कि उक्त वार्ड के 11 हजार बोल्ट बिद्युत सप्लाई का करीब 200 मीटर दूरी तक दो तार को चोर काटकर उठा ले गए और एक तार काटकर मौके पर ही छोड़ दिए। जिसको लेकर आक्रोशित वार्ड वासियों ने इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**

**केराकत।** गुरुवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम मुख्य अतिथि क्षेत्र पंचायत पूर्व अध्यक्ष ब्लाक प्रमुख सरिता सिंह, विशिष्ट अतिथि बाल विकास परियोजना अधिकारी अन्नपूर्णा राय की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया तथा हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी नोडल शिक्षक संकुल द्वारा पीपीटी के माध्यम से कार्यक्रम के उद्देश्यों को बताया गया।

उनके द्वारा बाल वाटिका की कक्षाएं कैसे संचालित हो इस पर भी प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षक संकुल आगनबाड़ी कार्यकर्ती व बच्चों के अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन प्रशांत मिश्रा व नोडल संकुल सुनील कनौजिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर विनय मौर्य, आलोक सिंह, मनोज मौर्य, सूरज कन्नौजिया, प्रदीप सिंह, शान्त सिंह और सुधांशु दुबे आदि भी मौजूद रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

## बीईओ के निरीक्षण में अनुपस्थित मिली शिक्षामित्र

**गौराबादशाहपुर।** खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मापुर ने ब्लॉक क्षेत्र के कई विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में एक प्राथमिक विद्यालय पर शिक्षा मित्र चार दिनों से अनुपस्थित मिली। जिस पर उनका मानदेय काटने की कार्रवाई की गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मापुर अरविंद यादव गुरुवार को ब्लॉक क्षेत्र के कई विद्यालयों का निरीक्षण करने के लिए निकले। खण्ड शिक्षा अधिकारी प्राथमिक विद्यालय विशेषरपुर पंहुचे तो वहां पर कार्यरत शिक्षा मित्र नम्रता परिहार 16 जनवरी से अनुपस्थिति मिली। 4 दिनों से बिना कोई सूचना दिए अनुपस्थित पाए जाने पर उनके ऊपर मानदेय काटने की कार्रवाई की गई। यहां से बीईओ प्राथमिक विद्यालय चौकीपुर, शीतला चौकियां व रामदासपुर नेवादा पंहुचे। जहां पर सभी शिक्षक उपस्थित मिले। प्राथमिक विद्यालय शीतला चौकियां में कक्षा 1 के बच्चों को बीईओ अरविंद यादव ने गणित पढ़ाया। प्राथमिक विद्यालय रामदासपुर नेवादा में साफ सफाई की व्यवस्था सही न पाए जाने पर व्यवस्था में सुधार के लिए निर्देश दिया।

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित हुई रोट्रैक्ट क्लब संस्था

**जनसंदेश न्यूज**



**जौनपुर।** उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सरकारी योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत युवाओं की सामाजिक संस्था रोट्रैक्ट क्लब जौनपुर को उत्तर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने अपने जनपद दौरे पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया।

मंत्री ने सामाजिक संस्था रोट्रैक्ट क्लब द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, समाजहित एवं लोकहित के लिए निरंतर किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहाकि आज की वर्तमान परिदृश्य में जहां व्यक्ति स्वयं के हित के अलावा किसी अन्य के बारे मे सोचता भी नहीं वहीं सामाजिक संस्था रोट्रैक्ट क्लब निस्वार्थ भाव से किसानों, युवाओं समेत हजारों जरूरतमंद लोगों की उनके जीवनोपयोगी संसाधनों को उपलब्ध कराकर निरंतर सेवा कर रही है। रोट्रैक्ट क्लब संस्था से हम सभी को सीख लेते हुए परोपकार का कार्य अवश्य करना चाहिए। युवाओं का नेतृत्व कर रही संस्था रोट्रैक्ट क्लब डिस्ट्रिक्ट 3120 की जनपद ईकाई के अध्यक्ष कुँवर शेखर गुप्ता, सचिव कुलदीप योगी समेत सभी रोट्रैक्ट सदस्यों का मंत्री ने पुष्प गुच्छ व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। रोट्रैक्ट क्लब अध्यक्ष कुँवर शेखर गुप्ता ने इस उपलब्धि के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए रोट्रैक्ट क्लब के पूर्व मे किए गये कार्यो एवं भविष्य के कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सचिव कुलदीप योगी, कोषाध्यक्ष अनन्या गुप्ता, सर्जेन्ट एट आर्म्स शशिकांत, डायरेक्टर ऑफ यूथ सर्विस अरशद खान, रामू अग्रहरी, प्रतीक यादव, कनिष्का मिश्रा, साक्षी सिंह, स्वेछा रानी, स्वाती राज, विवेक रजक, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव, उपनिरीक्षक उद्यान विभाग जय करन सिंह समेत सैकड़ों किसान एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।




# गंगा पार रेती पर कलाकारों ने उकेरीं आकृतियां

**आकृति की खोज प्रतियोगिता में 500 प्रतिभागियों ने की सहभागिता**

**देश के कई राज्यों से पधारे कलाकारों की कला दक्षता देखने को मिली**

**कलाकारों को प्रथम 3000, 2000 हजार का दो द्वितीय व 1000 का तृतीय पुरस्कार दिया गया**

**एक-एक हजार रुपये के 30 नगद पुरस्कार भी दिये गये**

**राम छाटपार शिल्पन्यास का रोमांचक आयोजन**

वाराणसी। गुरु राम छाटपार के 78वें जन्म दिवस पर गुरुवार को राम छाटपार शिल्पन्यास भारत मां गंगा की रेत पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलाकारों ने रविदास घाट के ठीक सामने गंगा पार रेती पर कई आकृतियों को साकार किया। प्रतियोगिता में लगभग 500 प्रतिभागियों ने रेत पर नवीन प्रयोगात्मक व स्वतंत्र मूर्ति शिल्प की रचना की जो अपने आप में रोमांचक एवं चुनौतीपूर्ण था। इस कार्यक्रम में स्थानीय एवं देश के अन्य राज्यों से पधारे कलाकारों की कला दक्षता को सृजित करने एवं प्रदर्शित होने का अदभुत अवसर देखने को प्राप्त हुआ। विभिन्न वर्गों के कलाकार पूरी तन्मयता से अपनी कलाकृति के प्रति समर्पित रहे। राम छाटपार शिल्पन्यास' की स्थापना 1989 में गुरू राम छाटपार (आधुनिक मूर्तिशिल्पी) की स्मृति में उनके छात्रों मित्रों के सहयोग से हुआ। कार्यकम के मुख्य अथिति लियाकत अली आफाकी अपर आयुक्त वाराणसी ने 1000 /1000 हजार रूपया के 30 पुरस्कारों तथा सर्टिफिकेट का वितरण किया। इसके अतिरिक्त मुख अतिथि ने अपनी ओर से 3000 रुपए का एक प्रथम पुरस्कार पीजी कॉलेज की छात्राओं के द्वारा निर्मित कलाकृति कंडीशन आफ वुमेंस आफ इंडिया को दिया । 2000 /2000 रुपये के दो द्वितीय पुरस्कार पहला 1- डॉ. विभूति नारायण सिंह परिसर गंगापुर के छात्रों की निर्मित कलाकृति काशी नगरी एवम रिपु आर्ट क्लासेज की निर्मित कलाकृति काझा वाला कांड कला कृति को दिया गया। 1000 हजार रुपये के तृतीय पुरस्कार एनटीपीसी परिसर शक्ति नगर के छात्रों द्वारा निमित 75 अमृत महोत्सव को प्रदान कर छात्र कलाकारों का उत्साहवर्धन किया । कार्यक्रम संयोजक मदन लाल गुप्ता, संस्थापक, मो. राम छाटपार शिल्प न्यास रहे।



## शिल्पन्यास जल्द ही एक "अन्तर्राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय" बनायेगा

कार्यक्रम संयोजक मदन लाल गुप्ता ने बताया कि न्यास के प्रथम अध्यक्ष पदमश्री स्व. प्रो शखो चौधुरी (वरिष्ठ मूर्तिकार) थे। गुरु राम छाटपार के कला में समर्पण की भावना से प्रेरित होकर यह संस्था आधुनिक एवं समकालीन मूर्तिकला के क्षेत्र के विकास में नवीन प्रयोगों को लेकर समर्पित है। पिछले 30 वर्षों से राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों को आयोजित करते हुए यह संस्था अच्छी खासी ख्याति प्राप्त कर रही है। शिल्पन्यास जल्द ही एक ₹अन्तर्राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय₹ की कार्य योजना में समर्पित है। रेत पर आकृति की खोज में विषेष रूप से काशी हिन्दू विश्वविद्यालयए महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के ललित कला के छात्रों एवं गोरखपुर, आजमगढ़, लखनऊ, इलाहाबाद आदि के अलावा देश के विभिन्न ललित कला के छात्रों तथा शहर के कला प्रेमियों की भागीदारी हुई। पिछले 20 वर्षों से इनका अथक परिश्रम एवं सहयोग वाराणसी बहर के कला-विकास में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहा है। भारतवर्ष का यह इकलौता कार्यक्रम अपने आप में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का अनूठा कार्यक्रम है। गुरु राम छाटपार के जन्मदिवस पर मनायी जाने वाली रेत में आकृति की खोज कार्यक्रम के आधार पर गंगा नदी के अन्य तटवर्ती शहरों में भी पिछले कुछ वर्षो से इस प्रकार का आयोजन शुरू किया गया जो कला को सुद्दढ़ करने का एक अच्छा जरिया है। मानवीय संवेदनाओं की सुन्दरतम अभिव्यक्ति ही कला है। जब कलाकार उसे अपने अंगुलियों के स्पर्श से स्पन्दित करता है तो वह एक तरह की अनमोल कलाकृति का रूप ग्रहण कर लेता है। जहाँ पर दर्शक भी आनन्द की अनुभूति से ओत-प्रोत हो जाता है, और वाह-वाह कह उठता है। माँ गंगा के तट पर अनवरत विस्तृत जल के साथ कही- कहीं निकले बालू के टीले पर जब उत्कृष्ट कलाकृतियों का समागम होता है तो दर्शक एवं कलाकार भी कला-आनन्द से आल्हादित एवं स्पन्दित हो उठता है। इसी कार्यक्रम के द्वारा कला का समाज के साथ एवं समाज का कला के साथ एक अनूठा संगम होता है जो जीवन के अर्था को पूरा करता है।








## घटनाक्रमों को प्रदर्शित करने का कोरा कैनवास है रेत पर आकृति

संजय गुप्ता ने बताया कि रेत के इस वार्षिक आयोजन में सभी कलाकारों के लिए रेत का विस्तृत पटल वर्ष भर के सामाजिक, राजनितिक घटनाक्रमों एवं अच्छाइयों बुराइयों को प्रदर्शित करने का कोरा कैनवास सा होता है जिस पर सभी कलाकार रेत के माध्यमः से इन घटनाक्रमों को अपने तरीके से व्यक्त करते हैं। इस बार भी एक-एक हजार रुपये के 30 नगद पुरस्कार ₹राम छाटपार शिल्पन्यास₹ द्वारा प्रदान किया गया। शहर के कलानुरागियो, साहित्यकारों, प्रतिष्ठित लोगों की भागीदारी भी हमेशा की तरह लोगों का उत्साह वर्धन किया।

छायाः शंकर चतुर्वेदी

# मौसम में गड़बड़ी से हॉट एयर बैलून की उड़ानें रद्द

**रंग में भंग**

**तेज हवा व कम दृश्यता के चलते लिया निर्णय**

**आसमान में नहीं दिखे बैलून सैलानियों में दिखी मायूसी**

**वाराणसी।** मौसम में गड़बड़ी तेज हवा और कम दृश्यता की वजह से तीसरे दिन गुरुवार को हाट एयर बैलून की उड़ान रद्द करनी पड़ी। पायलटों ने काफी समय तक इंतजार के बाद आठ बजे यह निर्णय किया। एससीओ प्रतिनिधियों को बैलून से सैर करनी थी। सभी लोग समय से मौके पर पहुंच भी गए थे, लेकिन मौसम ने साथ नहीं दिया। ऐसे में मायूस होकर उन्हें वापस लौटना पड़ा। अब उन्हें कल अंतिम दिन शुक्रवार को उड़ाने की तैयारी है। पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव ने बताया कि विपरीत मौसम में किसी तरह का रिस्क नहीं लिया जा सकता था, लिहाजा पायलटों के सुझाव पर आज के उड़ान को रद्द किया गया। बता दें कि आज रउड प्रतिनिधिमंडल को सैर करनी थी। हाट एयर बैलून से गुरुवार को शंघाई सहयोग संगठन देशों के 16 प्रतिनिधियों, उनके साथ आए सात फोटोग्राफर का कार्यक्रम तय था लेकिन खराब मौसम के कारण आज का कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। इससे पहले बुधवार को हाट बैलून फेस्टिवल के जरिए लोगों ने काशी के अलौकिक धार्मिक, सांस्कृतिक विरासत व वैभव को सैलानियों ने सैर के दौरान आसमान से देखा। न सिर्फ मां गंगा के आंचल में हाट-बैलून देर तक उड़ान भरता रहा, बल्कि पहले दिन की ही तरह तकरीबन उसी रूट से गुब्बारे ने सैर कराई, जहां काशी-विश्वनाथ-गंगा की अलौकिक छटा पर नजरें जमी रहीं। इसके बाद काशी के बदलते स्वरूप के रूप में टेंट सिटी की आभा को भी बैलून पायलटों ने दिखाया। पहले दिन की ही तरह हवा का रुख कमच्छा स्थित सेंट्रल हिंदू ब्वायज स्कूल से उड़ान को मुफीद रही। सभी 10 हाट एयर बैलूनों ने खुद हवा लेकर आसमान में उड़ान भरी। इनमें सवार 30 लोग ज्यों-ज्यों आसमान में ऊपर जाने काशी और न्यारी दिखने लगी। अधिकतर बैलून 1500 फीट की ऊंचाई के आसपास हवा में गोते भरे। हालांकि गंगा, टेंट सिटी, काशी के घाटों पर वह नीचे तक आया, तो शहर के घनी आबादी को भी कभी दूर तो कभी नजदीक से दिखाया। मैदानी इलाके को पकड़ते ही फिर आसमां की राह पकड़ी। जिलाधिकारी एस राज लिंगम ने भी बुधवार को बैलून से हवाई सैर की। अधिकतर बैलून हवा के झोंके के साथ चंदौली तक गए तो कुछ डोमरी के आसपास उतरे। मौसम साफ होने के कारण दृश्यता अच्छी रही। बैलून से उतरे स्थल पर पर्यटन विभाग की तरफ से किए गए वाहनों से सैलानियों को वापस लाया गया। उधर, रात में डोमरी में बंधे इसी बैलून से करीब 100 लोगों ने ऊपर-नीचे लहराने का आनंद लिया। बुधवार को मौके पर तमाम लोग बैलून के उड़ान का नजारा देखने भी पहुंचे थे। हालांकि वह नजदीक तक नहीं जा सके। हवा भरने और आकार लेते गुब्बारे भी रोमांचकारी- सैर की ही तरह उड़ान से पहले गुब्बारे में हवा और गैस भरने के बाद इसके आकार लेने को देखना कम आकर्षक नहीं है। पहले इसे बिछाने के बाद बड़े फैन से हवा भरा जाना और धीरे-धीरे बड़े गुब्बारे का आकार का अनुभव भी खूब रोमांचकारी है। लोगों में इसके साथ सेल्फी लेने और वीडियोग्राफी की होड़ सी रही। डोमरी में भी यही हाल रहा। लोग देर शाम तक यहां जमे रहे।





# मौन धारण कर श्रद्धालु गंगा में लगायेंगे डुबकी

**मौन रख कर दान करने से मिलता है दुगना पुण्य**

**प्रयागराज के अलावा काशी के दशाश्वमेधघाट पर भी उमड़ेगी भीड़**

**21 को श्रद्धालु रखेंगे मौन व्रत**

**वाराणसी।** पौराणिक मान्यताओं के अनुसार माघ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि मौनी अमावस्या के रूप में जानी जाती है। ऐसी मान्यता है कि मनु ऋषि का जन्म इसी दिन हुआ था। इसके फलस्वरूप मनु से ही मौनी शब्द की उत्पत्ति मानी गई है। मौनी अमावस्या पर वैसे तो प्रयागराज में स्नान करने का फल बताया गया है लेकिन काशी के दशाश्वमेधघाट पर भी मौनी अमावस्या पर गंगा में डुबकी लगाने का फल श्रद्धालुओं को उतना ही मिलता है। प्रयागराज में माघ मेला को लेकर साधु-संतों व महात्माओं ने वहां पर डेरा व तंबू डाल रखा है। मौनी अमावस्या पर जहां प्रयागराज में श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगायेंगे वहीं काशी के दशाश्वमेधघाट समेत अन्य घाटों पर भी श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगा कर पुण्य के भागी बनेंगे। बहुत सारे लोग जो माघ मास में प्रयागराज नहीं जा पाते हैं वह काशी में ही रह कर गंगा स्नान कर पुण्य फल की प्राप्ति करते हैं। प्रसिद्ध ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक इस दिन मौन धारण करके गंगा स्नान किया जाता है। अगर मौन धारण करके अपने आराध्य देवी देवता की आराधना की जाये तो इसका फल दुगना हो जाता है। मौन धारण करके व्रत का पारण किया जाय तो व्यक्ति को पुण्य फल की प्राप्ति मिलती है। इसी दिन शनैश्वरी अमावस्या भी पड़ रही है। शनिवार के दिन मौनी अमावस्या का अनूठा संयोग बन रहा है। इस दिन पितृ दोष व कालसर्प दोष निवारण करने का भी विशेष दिन है।



## पीपल वृक्ष की 108 बार परिक्रमा करने से मिलेगी खुशहाली

आज के जिन भगवान शिव, भगवान विष्णु तथा पीपल वृक्ष की भी पूजा करने का विधान है। इस दिन पीपल वृक्ष को जल से सींचन करके 108 बार परिक्रमा करने से खुशहाली मिलती है। पीपल के वृक्ष में भगवान शिव, भगवान विष्णु व ब्रह्मा का वास रहता है। इसलिए भी इस दिन पीपल वृक्ष की परिक्रमा कर उसका सींचन करना चाहिए। इस बार अमावस्या तिथि 20 जनवरी को अर्धरात्रि के पश्चात 6.18 मिनट पर लगेगी जो कि अगले दिन शनिवार 21 जनवरी को अर्धरात्रि के पश्चात 2.24 मिनट तक रहेगी। 21 जनवरी को सम्पूर्ण दिन अमावस्या तिथि का मान रहेगा। इस दिन भगवान शिव का रुद्राभिषेक व भगवान शिव की पूजा अर्चना का विशेष महत्व है। इस दिन पितरों की भी पूजा करने के साथ ही उन्हें जल तर्पण किया जाता है।

# नये ढुंढिराज गणेश मंदिर के निर्माण पर जिच

**तनातनी**

**काशी के प्राचीन मंदिरों को छेड़ा न जायः महंत**

**काशी खंड में वर्णित हैं ढुंढिराज गणेश**

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ गली के ढुंढिराज गणेश मंदिर के नये मंदिर निर्माण को लेकर जिच हो गया है। प्रवेश द्वार को चौड़ा करने की बात चल रही है। मंदिर का नाप लेने जब कुछ लोग पहुंचे तो मंदिर से जुड़े लोगों को इसकी जानकारी हुई। मंदिर को उसके स्थान से पीछे करने की चचाएं भी तेज हो गईं। इसकी जानकारी होने पर सामाजिक संगठनों ने ऐतराज जताया है। ढुंढिराज गणेश मंदिर में अन्नपूर्णा मंदिर व अन्य की अलग-अलग पारी पड़ती है। महंत शंकर पुरी का कहना है कि 15 दिन पहले प्रशासनिक अधिकारियों से फोन पर वार्ता हुई थी। जिसमें कहा गया कि ढुढ़िराज गणेश का नया मंदिर बनाया जायेगा। अभी उनकी इस संदर्भ में अखाड़ा परिषद से कोई वार्ता नहीं हुई है। अखाड़ा परिषद से कोई भी वार्ता होने पर ही बात आगे बढ़



सकता है। मंदिर को यथा स्थान रखकर जितना चाहे सुंदरीकरण करा सकते हैं। मंदिर अपने स्थान पर ही रहेगा। हमने उनसे कहा है कि अपनी कार्ययोजना हमें दे दीजिए, हम अखाड़ों से इस मामले में बात करेंगे। इस मामले में अकेले कोई निर्णय नहीं ले सकता। कहा कि ढुंढिराज गणेश का वर्णन-काशी खंड में उल्लेखित है। काशी में आगमन के बाद श्री काशी विश्वनाथ ने सर्वप्रथम ढुंढिराज गणेश का ही पूजन किया था।